हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● गुरुवार ● 29.01.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 184 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार का विमान हादसे में निधन

## महाराष्ट्र में तीन दिन का राजकीय शोक, बारामती में अंतिम संस्कार आज






एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के बारामती में उप मुख्यमंत्री अजित पवार का विमान हादसे का शिकार हो गया। लैंडिंग के वक्त विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया। इस हादसे में चार अन्य लोगों की भी जान चली गई। निजी विमान एयरपोर्ट पर उतरते समय क्रैश हुआ है। बताया जा रहा है कि अजित पवार मुंबई एयरपोर्ट से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए। अजित पवार जिला परिषद चुनावों को लेकर बुधवार को बारामती आ रहे थे। घटनास्थल से वीडियो भी सामने आए, जो काफी डरावनी थे। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही। विमान पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो गया।

न्यूज के मुताबिक मुंबई से बारामती जा रहा चार्टर प्लेन बारामती में सुबह 8.45 बजे क्रैश लैंड हुआ। डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) ने घटना को लेकर बताया कि बारामती क्रैश लैंडिंग में उपमुख्यमंत्री अजित पवार, 2 और लोगों (1 पीएसओ और 1 अटेंडेंट) और 2 क्रू सदस्यों के साथ विमान में सवार थे। विमान में सवार कोई भी व्यक्ति इस दुर्घटना में जीवित नहीं बचा। अजित पवार का अंतिम संस्कार गुरुवार को एकादशी के दिन बारामती विद्या प्रतिष्ठान सुबह 11 बजे होगा। इस हादसे के बाद महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में 3 दिन के शोक का ऐलान किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से संपर्क किया और बारामती प्लेन क्रैश के बारे में जानकारी और अपडेट लिए हैं। इसी के साथ पीएम मोदी ने अजित पवार के चाचा शरद पवार से भी फोन पर बात की। क्रैश लैंडिंग के दौरान मौके पर मौजूद एक चश्मदीद ने कहा, 'मैंने यह अपनी आंखों से देखा। यह सच में बहुत दुखद है। जब विमान नीचे आ रहा था, तो ऐसा लगा कि यह क्रैश हो जाएगा और यह क्रैश हो गया। फिर इसमें धमाका हुआ। बहुत बड़ा धमाका हुआ। उसके बाद, हम यहां भागे और देखा कि विमान में आग लगी हुई थी। विमान में फिर से 4-5 धमाके हुए और लोग यहां आए, उन्होंने लोगों को (विमान से) बाहर निकालने की कोशिश की। लेकिन क्योंकि यह बहुत बड़ी आग थी, इसलिए लोग मदद नहीं कर पाए। अजित पवार विमान में सवार थे और यह हमारे लिए बहुत दुखद है। मैं इसे शब्दों में बयान नहीं कर सकता।'

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अजित पवार के निधन पर जताया शोक



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित अन्य लोगों के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को लिखा है कि महाराष्ट्र के बारामती में प्लेन क्रैश में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार सहित अन्य लोगों के आकस्मिक निधन का अत्यंत हृदयविदारक समाचार मिला। उपमुख्यमंत्री का आकस्मिक निधन महाराष्ट्र की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि मरांग बुरु दिवंगत अजीत तथा अन्य लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अजित पवार के निधन पर जताया शोक



**नयी दिल्ली :** अजित पवार के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुख जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा कि बारामती में हुई विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। अजित पवार का असामयिक निधन एक अपूरणीय क्षति है और महाराष्ट्र के विकास, विशेषकर सहकारी क्षेत्र में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। राष्ट्रपति ने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगतों के परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अजित पवार के निधन पर जताया शोक



**नयी दिल्ली :** अजित पवार के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक जताया है। दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उन्हें आमजन का नेता बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अजित पवार के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि बारामती में हुए इस विमान हादसे से वे अत्यंत दुखी हैं। हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति उनकी संवेदनाएं हैं और इस गहन दुख की घड़ी में उन्हें शक्ति और साहस प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री ने अजित पवार को आमजन का नेता बताते हुए कहा कि उनका जमीनी स्तर से गहरा जुड़ाव था और वह महाराष्ट्र की जनता की सेवा में सदैव अग्रणी रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर में दिखा भारत का शौर्य, जी-राम-जी कानून से गांवों में रोजगार को नई मजबूती : राष्ट्रपति




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के शौर्य और पराक्रम को दुनिया के सामने प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि किसी भी आतंकी हमले का जवाब पूरी दृढ़ता और निर्णायक कार्रवाई से दिया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा, 'न किसी से डरें, न किसी को डराएं–यही भारत की नीति है।'

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा कि वर्ष 2026 के साथ भारत इस सदी के दूसरे चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि इस सदी के पहले 25 वर्ष अनेक सफलताओं, गौरवपूर्ण उपलब्धियों और महत्वपूर्ण अनुभवों से भरे रहे हैं। पिछले 10-11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में अपनी नींव मजबूत की है, जो विकसित भारत की यात्रा को गति दे रही है।

उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि वे हमेशा समानता और सामाजिक न्याय पर बल देते थे। संविधान भी हमें यही प्रेरणा देता है कि सच्चा सामाजिक न्याय तभी संभव है, जब बिना किसी भेदभाव के हर नागरिक को उसके पूर्ण अधिकार प्राप्त हों। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और समाज के हर वर्ग के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। ग्रामीण रोजगार और विकास का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 'विकसित भारतझजी राम जी कानून' का गठन किया गया है, जिसके तहत गांवों में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने कानून को वापस लेने की मांग करते हुए नारेबाजी की, जबकि एनडीए और भाजपा सांसदों ने मेज थपथपाकर समर्थन जताया। राष्ट्रपति ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना का सकारात्मक प्रभाव देश के हर नागरिक के जीवन में दिखाई दे रहा है। वर्ष 2014 की शुरूआत में जहां सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ केवल 25 करोड़ लोगों तक सीमित था, वहीं आज लगभग 95 करोड़ भारतीय सामाजिक सुरक्षा के दायरे में हैं। पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में चार करोड़ पक्के मकान बनाए गए, जिनमें से 32 लाख मकान केवल पिछले एक वर्ष में गरीब परिवारों को दिए गए। जल जीवन मिशन के तहत पिछले पांच वर्षों में 12 करोड़ से अधिक परिवारों तक नल से जल पहुंचाया गया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक परिवारों को एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार और घोटालों पर प्रभावी नियंत्रण किया है तथा डीबीटी के माध्यम से एक वर्ष में लगभग सात लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई गई है। आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों रुपये का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया गया है, जबकि बीते वर्ष एक करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना कार्ड जारी किए गए। उन्होंने कहा कि ये सभी उपलब्धियां भारत की वर्ष 2047 तक तेज, सशक्त और आत्मनिर्भर यात्रा की मजबूत नींव तैयार कर रही हैं।

### भाजपा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्ष की नारेबाजी को संसद का अपमान बताया

**नयी दिल्ली :** भाजपा ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी को संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने पत्रकारों से कहा कि जिस तरह से आज फिर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने आदतन संसदीय मयार्दा को तार–तार किया, उसकी जितनी भी निंदा की जाय, कम है। आज जब राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में अभिभाषण दे रहीं थी और अपने अभिभाषण में वंदे मातरम का 150वां साल मनाये जाने की बात कर रही थीं, बंगाल की धरती से स्वतंत्रता के उद्घोष और अमर मनीषी बंकिम बाबू के कृतित्व को याद कर नमन कर रहीं थीं तो कांग्रेस और इंडी गठबंधन के अन्य घटक दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। ऐसा कर के उन्होंने वन्देमातरम राष्ट्र गीत का अपमान किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने ऋषिपुरुष बंकिम बाबू का भी अपमान किया। इस दृश्य को पूरे देश ने देखा है। मुझे समझ में नहीं आता कि वंदे मातरम, बंकिम बाबू और पश्चिम बंगाल की धरती से कांग्रेस और इंडी गठबंधन को इतनी नफरत क्यों है? आश्चर्य की बात यह है कि तृणमूल कांग्रेस भी विपक्षी हंगामे में साझेदार बन रही थी। इन लोगों ने संसद की गरिमा को जिस तरह ठेस पहुंचाया है। वह अति निंदनीय है। इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए वो कम है। इन लोगो को संसद और देश से माफी मांगनी चाहिए।

### एक नजर

## सीवान, मुजफ्फरपुर और भागलपुर जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना :** बिहार के सीवान, मुजफ्फरपुर और भागलपुर जिला अदालतों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ। धमकी के बाद कोर्ट प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट परिसर को खाली करा दिया गया। मुजफ्फरपुर जिला सिविल कोर्ट में प्राप्त ई-मेल में सिलसिलेवार बम धमाके और आत्मघाती हमलावर के जरिए हमला करने की बात कही गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला जज ने तत्काल प्रभाव से कोर्ट परिसर खाली कराने का निर्देश जारी किया। न्यायालय कर्मियों, वकीलों और आम जनता को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ते (बीआरडीएस) और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया है, जो पुलिस परिसर की चप्पे-चप्पे तलाशी ले रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि ई-मेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर सेल की टीम जांच में जुटी है। फिलहाल पूरे कोर्ट परिसर को एक किले की तरह सख्त सुरक्षा व्यवस्था में बदल दिया गया है। जिला प्रशासन ने जनता से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। सीवान सिविल कोर्ट को भी बम धमाके की धमकी ई-मेल के जरिए मिली।

# कोलकाता वेयरहाउस अग्निकांड : मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 16, लापता लोगों की तलाश जारी

एजेंसी

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता के बाहरी इलाके आनंदपुर में स्थित दो गोदामों में लगी भीषण आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। पुलिस ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है। हादसे के बाद अब भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं और उनकी तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

इस मामले में पुलिस ने डेकोरेटर गोदाम के मालिक गंगाधर दास को लापरवाही से मौत के आरोप में गिरफ्तार किया है। डेकोरेटर का



यह गोदाम एक मोमो कंपनी के गोदाम से सटा हुआ था, जो आग में पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। मोमो कंपनी के मालिकों के खिलाफ भी इसी तरह के आरोप दर्ज किए गए हैं, हालांकि अब तक उस कंपनी से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

पुलिस के अनुसार, यह आग सोमवार तड़के करीब तीन बजे लगी थी, जो मंगलवार दोपहर तक बेकाबू बनी रही। आग बुझने के बाद जले हुए गोदामों के भीतर से मानव अंगों के अवशेष मिले। घटना के समय मौके पर कितने लोग मौजूद थे, इसका सटीक आंकड़ा अब तक सामने नहीं आ पाया है। शव अत्यधिक झुलस जाने के कारण उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

# यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन सीजेआई सूर्यकांत की बेंच आज करेगी सुनवाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देशभर में यूजीसी के नए नियमों को लेकर विरोध प्रदर्शनों के बीच सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई के लिए तैयार हो गई है। नए नियमों को चुनौती देते हुए दाखिल याचिकाओं पर सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच सुनवाई करेगी। यूजीसी के नए नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई हैं।




याचिकाकताओं का कहना है कि नए नियमों के तहत इक्विटी कमेटी, इक्वल अपॉर्चुनिटी सेंटर और 24*7 हेल्पलाइन अनिवार्य की गई है, जिनका उद्देश्य एसी, एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नियमों में सामान्य वर्ग को 'नेचुरल ऑफेंडर' की तरह देखा गया है और उनके प्रतिनिधित्व का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। वे कहते हैं कि शिकायत निवारण के इन प्रावधानों का दुरुपयोग कर सामान्य वर्ग के छात्रों को झूठे आरोपों में फंसाया जा सकता है।

इधर, यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन बढ़ता जा रहा है। 13 जनवरी को अधिसूचित इन नियमों ने सियासत और कैंपस दोनों में उथल-पुथल मचा दी है। वाराणसी, दिल्ली समेत देश के कई शहरों में सवर्ण समाज और छात्र संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किए हैं।

# आज पूरी दुनिया भारत के युवाओं को भरोसे से देख रही है : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) केवल एक संगठन नहीं, बल्कि ऐसा आंदोलन है जो भारत की युवा-शक्ति को आत्मविश्वासी, अनुशासित, संवेदनशील और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाता है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के युवाओं को बड़े भरोसे से देख रही है और इसका कारण उनके कौशल, मूल्य और संस्कार हैं।



प्रधानमंत्री बुधवार को दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित कर रहे थे। एनसीसी दिवस के अवसर पर कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों, झांकी कलाकारों, राष्ट्रीय रंगशाला से जुड़े साथियों और देशभर से आए युवाओं के समन्वित प्रस्तुतिकरण की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रस्तुतियों में युवाओं की ऊर्जा और अनुशासन साफ दिखाई देता है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत महाराष्ट्र में हुई दुखद विमान दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते हुए की, जिसमें राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उनके कुछ सहयोगियों का निधन हो गया। प्रधानमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एनसीसी की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह संगठन युवाओं को न केवल परेड और अनुशासन सिखाता है, बल्कि जिम्मेदारी के साथ जीना भी सिखाता है। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में एनसीसी कैडेट्स की संख्या 14 लाख से बढ़कर 20 लाख हो गई है, जिसमें सीमावर्ती और तटीय क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस वर्ष बड़ी संख्या में गर्ल्स कैडेट्स की भागीदारी की विशेष रूप से सराहना करते हुए उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी युवाओं के लिए ऐसा मंच है, जहां हमारी विरासत को गर्व के साथ जिया जाता है। उन्होंने देशभर में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उत्सव का उल्लेख किया। साथ ही, परमवीर सागर यात्रा का उदाहरण देते हुए याद दिलाया कि कुछ वर्ष पहले सरकार ने अंडमान-निकोबार के 21 द्वीपों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखा था और एनसीसी कैडेट्स ने इस भावना को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय नायकों के सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। लक्षद्वीप में आयोजित आइलैंड फेस्टिवल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां समुद्र, संस्कृति और प्रकृति को एक साथ मनाया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी ने इतिहास को स्मारकों से निकालकर सड़कों तक जीवंत किया है। उन्होंने बाजीराव पेशवा के शौर्य, लाचित बोरफुकन की रणनीतिक क्षमता और भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व को साइकिल रैली के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सम्मान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को बधाई भी दी। लाल किले से दिए गए अपने संबोधन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यही सही समय है, यही सबसे अच्छा समय है। उन्होंने कहा कि आज का दौर भारतीय युवाओं के लिए अवसरों का स्वर्णकाल है और सरकार का प्रयास है कि इस कालखंड का अधिकतम लाभ युवाओं को मिले।

# पीएफआई के ठिकानों पर एनआईए का छापा, आपत्तिजनक सामग्री जब्त

एजेंसी

**कोच्चि :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और उससे जुड़े संगठनों के खिलाफ केरल के तीन जिलों में एकसाथ बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एजेंसी ने कई डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की।

एनआईए ने बताया कि कुल नौ स्थानों पर तलाशी ली गई। यह कार्रवाई 2022 में दर्ज मामले से जुड़ी है, जिसमें पीएफआई पर हिंसक जिहाद फैलाने और 2047 तक भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने की साजिश का आरोप है। जांच में सामने आया है कि पीएफआई के नेता और कार्यकर्ता युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर समाज में सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। संगठन युवाओं को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दे रहा था और आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिए धन जुटा रहा था।

एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि पीएफआई ने कई विंग जैसे- 'रिपोर्टर्स विंग', 'फिजिकल एंड आर्म्स ट्रेनिंग विंग' और 'हिट टीम्स' बनाए थे। इनका इस्तेमाल संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा था। संगठन अपने कैंपस और सुविधाओं का इस्तेमाल शारीरिक शिक्षा या योग प्रशिक्षण के नाम पर हथियारों की ट्रेनिंग के लिए कर रहा था। हिट टीम्स को विशेष 'टारगेट्स' की हत्या के लिए तैयार किया जा रहा था।

# सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थी आठवीं बोर्ड परीक्षा में बैठने से वंचित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** झारखंड सरकार एवं जिला उपायुक्त द्वारा लगातार ठंड एवं शीतलहरी का अवकाश घोषित किये जाने के कारण प्रखंड में संचालित सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र -छात्राओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिसको लेकर बड़कागांव प्रखंड के कुछ विद्यालय के प्रबंधकों एवं प्रधानाध्यापकों ने जैक सचिव को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि जैक सचिव जयंत कुमार मिश्र ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में बैठने हेतु ऑनलाइन परीक्षा प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि 16/01/2026 निर्धारित किया था। वहीं राज्य में भारी ठंड एवं शीतलहरी पड़ने के कारण झारखंड सरकार एवं जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार राज्य के सभी सरकारी एवं गैर- सरकारी विद्यालयों में पठन- पाठन लगातार 6 जनवरी से 14 जनवरी तक बंद रहा। साथ ही जैक पोर्टल पर सभी सेवाएं भी बंद रही, जिस कारण अधिकांश विद्यालयों का 8वीं बोर्ड परीक्षा का प्रपत्र फॉर्म सबमिट नहीं हो पाया। जिससे विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं छात्र-छात्राएं काफी चिंतित हैं और लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। वहीं जैक बोर्ड सचिव जयंत कुमार मिश्र ने अधिसूचना जारी कर अपनी हवाला देते हुए कहा कि अगर किसी कारण वश कुछ विद्यार्थियों का परीक्षा प्रपत्र सबमिट नहीं हो पाया है तो वैसे छुटे हुए विद्यार्थियों के लिए बाद में विशेष परीक्षा 2026 में बैठने का मौका दिया जाएगा। आगे उन्होंने यह भी कहा कि वैसे छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक असमंजस में नहीं रहें अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखें। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से मॉडर्न पब्लिक स्कूल बड़कागांव, गॉड ग्रेस पब्लिक स्कूल चेपाखूर्द, संत मेरी स्कूल बड़कागांव, द सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल बड़कागांव ,माइल स्टोन पब्लिक स्कूल सांढ, जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल हरली, ग्लोबल पब्लिक स्कूल डोकाटांड, शांति आश्रम पब्लिक स्कूल नापोखुर्द, सती इंग्लिश अकादमी हरली , यु एम एस पोटंगा, यु एम एस चेपाखूर्द, यु एम एस सारुबेड़ा, यु एम एस पचंडा एवं यु एम एस इस्को के प्रबंधक एवं प्रधानाध्यापक शामिल थे।

## एक नजर

### यूजीसी कानून के विरोध में स्वर्ण समाज की बैठक का आयोजन



**चलकुशा :** थाना क्षेत्र के पानी टंकी के समीप स्वर्ण समाज की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बसंत पांडेय ने की, जबकि संचालन प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी द्वारा किया गया। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी कानून को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और इसके विभिन्न प्रावधानों पर कड़ी आपत्ति जताई गई। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह कानून स्वर्ण समाज के हितों के विरुद्ध है और इससे समाज को नुकसान पहुंचेगा।
इस दौरान स्वर्ण समाज के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए यूजीसी कानून को अविलंब वापस लेने की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 फरवरी 2026 को यूजीसी कानून के विरोध में विरोध प्रदर्शन रैली निकाली जाएगी। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।
बैठक में बड़ी संख्या में स्वर्ण समाज के लोग उपस्थित रहे। मौके पर पूर्व उप प्रमुख भिखी सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, प्रमोद पाण्डेय, कृष्णा चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### 1 फरवरी को जुगरा में मनाया जाएगा संत शिरोमणि रविदास जयंती

**बड़कागांव :** बड़कागांव चेपाकला पंचायत के जुगरा अंबेडकर आश्रम में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता टीभर राम एवं संचालन राजेश राम ने किया सर्वसमिति से प्रत्येक वर्ष कि भाति इस वर्ष भी बड़े धूम धाम से संत शिरोमणि रविदास जयंती 01 फरवरी 2026 को मनाने का निर्णय लिया गया-जिसमें पूजा समिति की गठन कि गया जिसका अध्यक्ष श्री बाजो राम सचिव नागो राम कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार उपाध्यक्ष रुपु राम उपसचिव प्रकाश राम उपकोषाध्यक्ष दीपक कुमार संयोजक जुगेश्वर राम टीभर राम उमेश राम बासुदेव राम सुरेश राम संरक्षक :विजय राम दिलीप राम राजेश राम प्रदीप राम संगठन सुखदेव राम दिनेश राम खिरोधर राम मीडिया प्रभारी अरुण रंजन संचालन सुरेंद्र राम मनोरंजन मंत्री विकाश कुमार बादल रंजन चलीतर कुमार सिकेंद्र कुमार राजेंद्र राम किशोर रंजन संजय राम पूजा प्रभारी जानकी राम खेटा राम टेकन रविदास कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुमार राहुल कुमार मनोज राम सोनू कुमार प्रमोद कुमार हीरामन कुमार करण कुमार विकाश कुमार संजीत कुमार इत्यादि लोगों को बनाया गया।

### जीडीएम महिला इंटर महाविद्यालय में 12 वीं की छात्राओं को दी गई विदाई

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड स्थित जीडीएम महिला इंटर महाविद्यालय में 12 वीं कक्षा के छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन प्रधानाध्यापक राम लखन महतो के नेतृत्व में किया गया।वहीं प्रधानाध्यापक राम लखन महतो ने कहा की शिक्षा मानव जीवन की एक ऐसी पूंजी है जिसे कोई चुरा नहीं सकता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। वहीं वरिष्ठ शिक्षिका विमला कुमारी ने कहा कि यदि घर में एक महिला पढ़ी-लिखी होती है तो वे पूरे समाज को शिक्षित करती है। इसलिए महिलाओं को शिक्षित होना जरूरी है। मौके पर अशोक कुमार, अख्तर हुसैन,शोभा कुमारी , कुलदीप कुमार, शंकर राणा ,शंकर महतो, मीणा वर्मा, जितेंद्र कुमार, अमित सिंह ,प्रमिला देवी, अर्जुन सिंह एवं बालिकाएं उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर कालेश्वर गंझू ने कंबल का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के सुदूरवर्ती आंगो पंचायत अंतर्गत गणतंत्र दिवस के शुअवसर पर समाजसेवी कालेश्वर गझू ने अपने निजी खर्च से ग्राम बरतुआ में असहाय एवं वृद्ध लोंगो के बीच कंबल वितरण किया। समाजसेवी कालेश्वर गंजू ने कहा कि ऐसे लोगों की सेवा करना ही हमारा पहला उद्देश्य है।ऐसे लोगों की सेवा करने से सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति होती है। इनके द्वारा अपने निजी खर्चे से अब तक लगभग 400 कंबल का वितरण किया गया।बताया गया की 500 कंबल का वितरण करने का लक्ष्य है। सभी असहाय एवं वृद्ध लोग कंबल मिलने पर काफी खुश थे। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगों पंचायत की मुखिया नीलम मिंज, पूर्व उप मुखिया रमन गंझू, समाजसेवी जागेश्वर गंझू, वार्ड सदस्य विमल टुडू, टिकेंद्र गंझू ,कृष्ण कुमार गंझू, जयनंदन गंझू, एतवा गंझू सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## वेक्टर क्लासेस ने धूमधाम से मनाया 13 वां स्थापना दिवस, 12 वीं के छात्रों को भावुक विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** हजारीबाग रोड बरही में संचालित शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान रखने वाली प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था वेक्टर क्लासेस ने अपने 13 वें स्थापना दिवस को हर्षोल्लास और भावुक क्षणों के साथ मनाया। यह समारोह न केवल संस्थान की सफल यात्रा का जश्न था, बल्कि 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक यादगार विदाई समारोह भी बना। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी 12वीं के छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें संस्थान की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। छात्रों ने मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए, भाषण दिए और शिक्षा के साथ-साथ वेक्टर क्लासेस के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कई छात्रों की आंखें नम हो गईं, क्योंकि यहां बिताए दिन उनके जीवन का सुनहरा अध्याय रहे हैं। संस्थान के निदेशक दीपक गुप्ता ने इस अवसर पर कहा 13 साल पहले जो छोटा-सा सपना था, आज वह हजारों छात्रों की सफलता की कहानी बन चुका है। हमारा उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण जगाना रहा है। आज हमारे 12वीं के छात्र नए मुकाम की ओर बढ़ रहे हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और विश्वास है कि वे देश-समाज का नाम रोशन करेंगे। वरिष्ठ शिक्षक राजेश कुमार ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह संस्थान सिर्फ कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि एक परिवार है। छात्रों के साथ बिताया हर पल हमें भी नई ऊर्जा देता है। विदाई के ये क्षण दुख भले दें, लेकिन गर्व भी है कि हमने ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को तैयार किया है जो आगे चलकर बड़े मुकाम हासिल करेंगे।

## कस्तूरबा विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण में भारी गड़बड़ी, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड के मानगढ़ में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में निमार्णाधीन चहारदीवारी के कार्य में गंभीर अनियमितता सामने आई है। बरही विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने विद्यालय पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जहां निर्माण की गुणवत्ता में भारी कमी पाई गई। निरीक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि चहारदीवारी निर्माण में न तो नियमित रूप से पानी दिया जा रहा है और न ही मानक स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दीवार में पुरानी व घटिया सामग्री के इस्तेमाल के स्पष्ट प्रमाण मिले हैं, जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर भी चिंता जताते हुए कहा कि जहां लगभग 500 बालिकाएं अध्ययनरत हैं, वहां पिछले कई दिनों से मुख्य गेट तक नहीं लगाया गया है। सुरक्षा के लिए जो गेट लाया गया है, वह अत्यंत कमजोर है और उस पर ऊपर लगने वाली क्रॉस बीम भी नहीं लगाई गई है। इससे असामाजिक तत्वों के प्रवेश की आशंका बनी हुई है। मौके पर मौजूद संवेदक के मुंशी तन्मय यादव को मुकुंद साव ने कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि पांच दिनों के भीतर गेट निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, चहारदीवारी में नियमित पानी दिया जाए और निर्माण गुणवत्ता में तत्काल सुधार लाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में सुधार नहीं होने पर वरीय अधिकारियों सहित सांसद एवं विधायक को शिकायत भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार साव, भाजपा नेता व भोजपुरी गायक जन्मेजय कुमार सिंह मौजूद रहे। वहीं विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका ललिता कुमारी, पूर्व वार्डेन सह शिक्षिका संघमित्रा कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे ।

## 77 वें गणतंत्र दिवस पर त्रिवेणी सैनिक में आन - बान और शान से फहराया तिरंगा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** हजारीबाग के पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के त्रिवेणी इंडस्ट्रीयल सिक्युरिटी अकादमी ग्राउंड में 77 वें गणतंत्र दिवस पर पूरे आन - बान और शान के साथ तिरंगा झंडा फहराया गया। त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ कोल माइनिंग ने झंडोत्तोलन किया और उपस्थित परेड को सलामी दी। इस राष्ट्रीय पर्व के पावन मौके पर टीएसएमपीएल के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण, महिला कर्मचारीगण और भारी संख्या में खनन प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण मौजूद थे। अपने संबोधन भाषण में मुख्य अतिथि ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है और आज इस मौके पर पूरा देश इसे उत्साह के साथ मना रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज का दिन हमें देश के अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निमार्ताओं को नमन करने का है जो कि हमें अपने कर्तव्यों और अधिकारों की याद दिलाने के साथ-साथ इस महान राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा और संबल देता है। देश के विकास की रफ्तार में कोयला एक अहम भूमिका निभाता है और हमें इसको लेकर प्रसन्नता और गर्व है कि देश के विकास में पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना भी अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रही है। हमलोग देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रति दिन इस परियोजना के माध्यम से कोयला का उत्पादन बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अगर हम सुरक्षित हैं, तभी हम सभी कदम से कदम मिलाकर उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

# विभावि में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन आज, कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा करेंगे अध्यक्षता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



प्रोफेसर अन्विता अब्बी | विशिष्ट वक्ता श्री रणेंद्र | प्रोफेसर सरोज शर्मा | प्रोफेसर ओम प्रकाश | प्रोफेसर रवि रंजन कुमार

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग और केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के संयुक्त तत्वावधान में 29 से 31 जनवरी 2026 को "विजन 2047: जनजातीय भाषा संस्कृति एवं भारतीय ज्ञान परंपरा" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है । संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह का आयोजन दिनांक 29 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 11:00 से विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री प्रो अन्विता अब्बी, संस्थापक निदेशक, मौखिक एवं जनजातीय साहित्य केंद्र ,साहित्य अकादमी, नई दिल्ली की गरिमयी उपस्थिति रहेगी ।प्रो अब्बी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित भारतीय आदिवासी लोक भाषाओं एवं देश की विलुप्त होती भाषाओं और बोलियों के विश्लेषण और संयोजन के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने हिमालय से लेकर अंडमान निकोबार तक की औसतन 100 भाषाओं पर शोध किया और करवाया है। प्रो अब्बी ने देश के छठें भाषा परिवार यानी ग्रेट अंडमानी भाषा परिवार की खोज की जो अब लुप्त होने की कगार की स्थिति पर है। वाचिक और आदिवासी साहित्य केंद्र, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली की वे पहली निदेशक रह चुकी है, जिनके निर्देशन में मध्य भारत की अनेक लुप्त भाषाओं का डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन हुआ। संप्रति वे यूनेस्को के वर्ल्ड अट्लस ऑफ लैंग्वेज की सलाहकार समिति की सदस्य हैं। विशिष्ट वक्ता के रूप में श्री रणेन्द्र, प्रख्यात कथाकार और पूर्व निदेशक, डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण संस्थान, रांची उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा करेंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम दिवस में तीन विशेष व्याख्यान एवं तीन तकनीकी सत्र का आयोजन किया जाना है। विशेष व्याख्यान सत्र में नरेंद्र कुमार, पूर्व निदेशक डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची, प्रो ओम प्रकाश, नॉर्थ ईस्टर्न हिल विश्वविद्यालय, मेघालय एवं प्रो रवि कुमार रंजन नागालैंड विश्वविद्यालय, कोहिमा, नागालैंड अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने जनता से किया संवाद, जनसमस्याओं से अवगत होकर दिया समाधान का भरोसा



**हजारीबाग :** विधायक जनसेवा कार्यालय में बुधवार को विधायक प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्र से आए आम नागरिक, सामाजिक प्रतिनिधि और विभिन्न वर्गों के लोगों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में पहुंचे जनता से संवाद कर जनसमस्याओं से अवगत हुए। जनसंवाद के दौरान प्रदीप प्रसाद ने एक-एक व्यक्ति की बात को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, बिजली, रोजगार, पेंशन सहित कई जनसमस्याएं सामने आईं। कई मामलों में संबंधित विभागों को तुरंत आवश्यक निर्देश दिए गए, वहीं शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। जनता ने जो विश्वास उन्हें सौंपा है, उस पर खरा उतरना उनका दायित्व है। हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के समग्र और संतुलित विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उपस्थित नागरिकों ने विधायक द्वारा अपनाए गए संवेदनशील और सकारात्मक रवैये की सराहना की और विश्वास जताया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

### लिटिल मून प्ले स्कूल में बाल मेला का हुआ आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**बरही :** धनबाद रोड कोनरा स्थित लिटिल मून प्ले स्कूल में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ “बाल मेला” का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यावहारिक ज्ञान को विकसित करना रहा। बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक स्टॉल लगाए गए। विज्ञान प्रदर्शनी, खेल-कूद और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने स्वयं अपने-अपने स्टॉल की योजना बनाकर उनका संचालन किया, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और जिम्मेदारी की भावना का विकास हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य सिराजुद्दीन खान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें व्यवहारिक जीवन के लिए तैयार करते हैं। बाल मेले में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पूरे विद्यालय परिसर में आनंदमय और उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन ने प्रधानाध्यापक सिराज खान सहित शिक्षक सूरज कुमार, रोहित कुमार, सदफ गौहर, अरमान परवीन, निशात नाज, पूजा कुमारी, नेहा कुमारी, ममता देवी, शमा परवीन, सैफी परवीन, नाज खातून, पूजी कुमारी समेत सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अंजन में अवैध अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई, 50 एकड़ फसल किया नष्ट



**चौपारण :** थाना क्षेत्र के ग्राम अंजन में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध चौपारण पुलिस एवं वन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में करीब 50 एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से लगी अफीम की फसल को चिन्हित कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से 8 डिलीवरी पाइप बरामद किए, जिन्हें वहीं नष्ट कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ड्रोन सर्वे के माध्यम से अंजन क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में करीब 200 एकड़ में अफीम की खेती किए जाने का अनुमान है। इसी क्रम में पहले चरण में 50 एकड़ फसल को नष्ट किया गया है। वहीं आगामी तीन दिनों के भीतर शेष क्षेत्र में लगी अवैध खेती को पूरी तरह नष्ट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में इस इलाके में व्यापक स्तर पर कार्रवाई नहीं होने के कारण तस्करों के हौसले बढ़ गए थे, लेकिन अब प्रशासन ने अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ कठोर एवं निरंतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। पुलिस द्वारा अफीम की खेती से जुड़े लोगों की पहचान एवं नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान होने के बाद उनके विरुद्ध कांड दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। इस अभियान में एसडीपीओ बरही अजित कुमार बिमल, पु0नि0 चंद्रशेखर (बरही अंचल), थाना प्रभारी चौपारण सरोज सिंह चौधरी, एसआई सुबिन्दर राम, एसआई रवि रंजन, एसआई दिव्य प्रकाश, एएसआई बदल महतो, एएसआई कमरुद्दीन, बनपाल कुलदीप कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

### समाजसेवी मोहम्मद इजहार व सिकंदर कुमार के पहल से घायल पशु को मिला समय पर इलाज



**बरही :** बरही प्रखंड के कोनरा बाईपास के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पार करने के दौरान एक पशु को वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें पशु बुरी तरह सड़क पर ही घायल हो गया, वहीं से गुजर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सह उप मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद इजहार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए इसकी सूचना चलन पशु चिकित्सा चौपारण को दिया साथ सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार को दिया, समय रहते घायल पशु की स्थानीय लोगों व चिकित्सक की मदद से प्राथमिक उपचार किया गया, फिलहाल पशु खतरे से बाहर है, समाजसेवी मोहम्मद ने पशु के लिए चारे का भी व्यवस्था किए हैं, घायल पशु को जान बचाने में चौपारण पशु चिकित्सा 1962 से सुरेंद्र यादव, रंजीत सोनी,,आकाश शर्मा, छोटू पंडित,दामोदर महतो,आदि ने सहयोग और सहायता प्रदान किया।

## एक नजर

### पंचायती राज विभाग के द्वारा कविता देवी बनी ट्रेनर



**अनगड़ा:** रांची केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र संस्थान के द्वारा पंचायती विभाग के द्वारा ट्रेनिंग दिया जा रहा था जिसमें हेसल पंचायत मुखिया कविता देवी को चिन्हित किया गया ओर संस्थान के की ओर से सर्टिफिके भी दिया गया। आगे मुखिया ने बताया कि रांची जिला के सभी ब्लॉक के के अंदर जितने भी मुखिया पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्यों को जिला के आदेश अनुसार रांची जिला के सभी प्रखंडों में जाकर प्रशिक्षण देना है।

### महिला मेजर के घर में घुसकर मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

**रांची:** राजधानी रांची के खेलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन के पास स्थित करियप्पा एन्क्लेव में एक महिला मेजर के घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात हमलावरों ने न केवल महिला सैन्य अधिकारी के साथ मारपीट की, बल्कि उनके चार माह के मासूम बच्चे को भी निशाना बनाया। घटना के वक्त भारतीय सेना में मेजर पद पर तैनात अविलेष भारती अपने आवास पर मौजूद थीं, तभी अज्ञात हमलावरों ने उनके घर में जबरन प्रवेश किया। आरोप है कि अपराधियों ने मेजर के साथ हाथापाई की, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान जब मेजर ने विरोध किया, तो हमलावरों ने उनके चार माह के बच्चे को जबरन गोद से छीन लिया और बेरहमी से बाहर फेंक दिया। इस हमले में महिला सैन्य अधिकारी और उनका बच्चा दोनों घायल हो गए।

### यूजीसी के नए ड्राफ्ट के विरोध में हिंदू छात्र संघ ने किया प्रदर्शन

**रांची:** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए ड्राफ्ट के विरोध में बुधवार को विश्वविद्यालय के हिन्दू छात्र संघ ने प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन विश्वविद्यालय के नए परिसर से शुरू होकर पुराने परिसर तक संपन्न हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दर्ज कर अपना नैतिक समर्थन दिया। इस मौके पर संघ ने इस ड्राफ्ट के औचित्य पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यूजीसी की ओर से प्रस्तावित नया नियम समानता और समावेशन के नाम पर सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों का हनन करता है।

# मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा 3 फरवरी से, रांची में बनाए गए 87 परीक्षा केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से राज्य भर में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा 03 फरवरी से आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाओं के के लिए रांची में 87 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसे लेकर बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार और सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों की उपस्थिति में उपायुक्त ने परीक्षा की निष्पक्षता, सुरक्षा, अनुशासन और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किया। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 09.45 बजे से दोपहर 01 बजे तक और इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 02 बजे से शाम 05.15 बजे तक होगी। वहीं प्रश्न-पत्र वितरण के लिए 05 मिनट का अतिरिक्त समय निर्धारित किया गया है। वहीं परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। रांची जिले में मैट्रिक की परीक्षा के लिए कुल 87 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें कुल 32,723 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। ये केंद्र जिला मुख्यालय, अनुमंडल मुख्यालय और संबंधित प्रखंड मुख्यालयों में स्थित हैं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए कुल 52 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें कुल 32,243 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इस परीक्षा के लिए केंद्र मुख्य रूप से जिला मुख्यालय और बुंडू अनुमंडल में बनाए गए हैं। मौके पर उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों, स्कूल-कॉलेज प्रबंधन और परीक्षार्थियों से अपील किया है कि वे परीक्षा सम्बंधित सभी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें। ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से कदाचार मुक्त संपन्न हो सकें।



## आंगनबाड़ी गतिविधियों की एंट्री पोषण ट्रैकर ऐप पर अपलोड करें : उपायुक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों का डेटा नियमित और सही तरीके से ऐप पर अपलोड किया जाए। पोषण ट्रैकर ऐप भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं एवं 0 से 6 वर्ष के बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और विकास की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग संभव है। यह बातें उपायुक्त ने बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षात्मक बैठक कही। बैठक में टीकाकरण, फेस रिकॉग्निशन सिस्टम, अपार आईडी सहित अन्य गतिविधियों की नियमित एंट्री पोषण ट्रैकर ऐप पर सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि समीक्षा के दौरान जिले का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाए जाने पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं ने बताया कि समुचित प्रशिक्षण के अभाव में एंट्री में कठिनाई आ रही है। इस पर उपायुक्त के निदेशानुसार जिले में पोषण ट्रैकर ऐप के उपयोग एवं डेटा एंट्री को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 28 जनवरी को सदर, बुंडू, तमाड़, सोनाहातु, अनगड़ा, बेड़ो, लापुंग एवं नगड़ी तथा 29 जनवरी को कांके, नामकुम, रातु, बुड़मू, ओरमांझी, मांडर, चान्हों एवं सिल्ली प्रखंडों के लिए आयोजित होगा। प्रशिक्षण में सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिकाएं और प्रत्येक प्रखंड से चयनित आंगनबाड़ी सेविकाएं शामिल होंगी। उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद ऐप का नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे आंगनबाड़ी गतिविधियों की प्रभावी निगरानी, कुपोषण में कमी और पोषण सेवाओं में सुधार संभव होगा। जिला प्रशासन इस दिशा में लगातार मॉनिटरिंग करेगा। बैठक में कई अधिकारी पदाधिकारी और अन्य लोग मौजूद थे।

## डा. वरुण कुमार तिवारी पर संगोष्ठी आयोजित कोसी अंचल के साहित्यिक योगदान पर हुआ विमर्श

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के हरमू स्थित डी.ए.वी. कपिलदेव के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक पी. एन. झा के आवासीय परिसर में डा. वरुण कुमार तिवारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर बुधवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डा. महेन्द्र ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डा. महेन्द्र ने कहा कि डा. वरुण कुमार तिवारी ने अकेले कोसी अंचल के लिए जितना व्यापक और गहन साहित्यिक कार्य किया है, वह अतुलनीय है। उनके योगदान की चर्चा आने वाले समय में भी निरंतर होती रहेगी। संगोष्ठी में उपस्थित दूरदर्शन, रांची के अवकाश प्राप्त निदेशक पी. के. झा ने कहा कि डा. वरुण कुमार तिवारी ने अपनी गहरी दृष्टि और सशक्त लेखनी के माध्यम से हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। उनकी भाषा, शैली और विषय-वस्तु की विविधता ने उन्हें हिंदी आलोचना के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाई है। डा. कृष्णमोहन झा 'मोहन' ने कहा कि डा. तिवारी का योगदान केवल साहित्य तक सीमित नहीं है, बल्कि हिंदी भाषा के संवर्धन और उसके प्रचार-प्रसार में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य पुस्तकालय, रांची से सेवानिवृत्त पुस्तकालयाध्यक्ष अमरनाथ झा ने कहा कि डा. वरुण कुमार तिवारी की लेखन शैली बहुआयामी है और उसमें गहरी संवेदनशीलता दिखाई देती है। उनकी रचनाओं में परंपरा और आधुनिकता का सुंदर समन्वय मिलता है। उनकी कविताएं केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि बौद्धिक गहराई से भी परिपूर्ण होती हैं। वे समाज की वास्तविकताओं को सशक्त ढंग से प्रस्तुत करते हैं और शब्दों का ऐसा चयन करते हैं कि पाठकों के मन पर गहरी छाप छोड़ते हैं। प्रसिद्ध व्यंग्यकार राजकुमार मिश्र ने कहा कि कोसी अंचल के प्रति डा. तिवारी के मौलिक योगदान को पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। एसबीआई से सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी, कवि एवं स्तंभकार बदरीनाथ झा ने कहा कि कोसी अंचल के सृजनात्मक हिंदी साहित्य, विशेषकर कहानी विधा में, डा. तिवारी ने विभिन्न कालखंडों के कहानीकारों का तटस्थ भाव से मूल्यांकन किया है।



## उषा मार्टिन फाउंडेशन की पहल से लीजेंड एफसी टाटी सिलवे बना सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का चैंपियन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उषा मार्टिन फाउंडेशन के सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 18 गांवों के 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों को मिलाकर एक फुटबॉल टीम का गठन किया गया, जिसका नाम 'लीजेंड एफसी टाटी सिलवे' रखा गया। उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से टीम को फुटबॉल, जर्सी, बूट्स एवं मोजे प्रदान कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। इसी का सकारात्मक परिणाम रहा कि लीजेंड एफसी टाटी सिलवे ने रांची के हरमू मैदान में आयोजित तीन दिवसीय सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट 23 जनवरी से 26 जनवरी तक चला, जिसमें पूरे रांची से 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में लीजेंड एफसी टाटी सिलवे और हटिया बॉयज के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें लीजेंड एफसी टाटी सिलवे ने 2-0 से जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी के साथ 41,000 नकद पुरस्कार प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टाटी सिलवे निवासी मनीष मुंडा को दिया गया, जबकि बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार राजकुमार जी को मिला। इस अवसर पर उषा मार्टिन फाउंडेशन के सीएसआर सचिव डॉ. मयंक मुरारी ने कहा, उम्र कभी भी हुनर और जुनून की राह में बाधा नहीं बनती। अगर इच्छाशक्ति और अनुशासन हो, तो कोई भी व्यक्ति खेल के माध्यम से स्वस्थ जीवन जी सकता है। लीजेंड एफसी टाटी सिलवे के खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिखाया है।



## बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य रूप से आयोजन किया गया।आयोजन में विद्यार्थियों के द्वारा विज्ञान से संबंधित प्रोजेक्ट को सभी के बीच प्रदर्शित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने पवन चक्की, जैविक कृषि बायोगैस प्रणाली, कार्बन डाइऑक्साइड नियंत्रण मशीन, भूकंप अलार्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता माड्यूल, ज्ञान मशीन, जल सिंचाई प्रणाली, दूरबीन माड्यूल, विश्व ग्लोब एवं सौरमंडल का प्रदर्शन सभी के बीच किया गया। प्रदर्शनी के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि यह प्रोजेक्ट विद्यार्थियों की महीनों की मेहनत का नतीजा है और कहा कि प्रोजेक्ट को वास्तविक जीवन की समस्याओं का हल करने में मदद करने योग्य बनाया गया है ताकि मानव जीवन में इसका महत्व को अपनाया जा सके एवं आने वाले भविष्य में इस तरह का आयोजन किया जाएगा ताकि बच्चों में जागरूकता बरकरार रहे।वहीं विद्यालय के प्राचार्य सुधीर राव ने कहा कि यह एक प्रेरणादायक मंच साबित हुई जिसमें बच्चों ने अनुसंधान के प्रति लोगों को जागरूक किया।



## संक्षिप्त खबरें

### गोंदली पोखर चौक में 99 मिनी मॉल का ओपनिंग



**अनगड़ा:** गोंदली पोखर चौक में 99 मिनी मॉल दुकान का उद्धघाटन पूर्व विधायक रामकुमार पहान जिला परिषद अनुराधा मुंडा जलनाथ चौधरी डॉ गुलजार अंसारी नरेश साहू के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर ओपनिंग किया गया दुकान के प्रोप्राइटर ने कहा कि इस दुकान के खुलने से एक छत पर लोगो को उचित मूल्य पर बहुत सारे प्रोडक्ट मिल जाएगा मौके पर विशेष रूप से सुनील कुमार महतो रामशाय मुंडा संदीप कुमार साहू आलम अंसारी रब्बानी राज शंकर केशरी आदि शामिल थे।

### संत माईकल स्कूल मूरी के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**सिल्ली :** मुरी सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर संत माईकल स्कूल मूरी एवं हिंडालको प्रबंधन के द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर हिंडालको प्रबंधन कि और से मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्याम कुमार एवं उनके टिम से सुमन चौर्या, रणदीप सिंह, अंजली कुमारी, श्याम पोद्दार आदि ने मिलकर सक्रीय रूप से इस अभियान में भाग लिया। इस जागरूकता अभियान का संचालन मूरी ओपी के मोहन लाल हंसदा के नेतृत्व में किया गया। इस जागरूकता अभियान में कक्षा सातवीं से ग्यारवीं तक के विद्याथीर्यों ने हिस्सा लिया। इस अभियान के दौरान बच्चों ने सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न प्रकार के पोस्टर, चित्रकला के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश लोगों तक पहुंचाया। अभियान के दौरान बच्चों ने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने अपने निर्धारित लेन में वाहन चलाने तथा शराब पीकर वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पे विद्यालय के निदेशक श्री राकेश कुमार, प्रबंधक निदेशक डॉ रूपेश कुमार, प्राचार्य श्री सी.एल. प्रजापति एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### 101 श्याम प्रेमी जायेंगे खाटू धाम



**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को निशान पूजन एवं एकादशी संकीर्तन का आयोजन किया गया है। प्रातः कालीन मंगला आरती के बाद मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्री श्याम का भव्य अनुपम श्रृंगार किया जाएगा । रात्रि 9 .30 बजे मंडल के उपाध्यक्ष श्री अशोक लड़ियां श्रीमती रेखा लड़ियां अपने परिवार के संग बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। निवर्तमान अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी के नेतृत्व में 101 सदस्य दल दो (2) फरवरी को रांची से खाटूधाम के लिए रवाना हो रहा है। खाटू जाने वाले सभी ध्वजाओं का संकल्प पूजन कर निशानों को जागृत कराया जाएगा। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि फागन के पावन मेले में हर साल श्री श्याम मित्र मंडल का दल खाटूधाम एवं राजस्थान के अन्य धाम के दर्शन पूजन की यात्रा करता रहा है। दो 2 फरवरी को प्रातः 9 :00 बजे विमान से रांची से दिल्ली एवं दिल्ली से आरामदायक बसों द्वारा खाटू स्थित श्री श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में रात्रि विश्राम करेगा। द्वितीय दिवस 3 फरवरी मंगलवार को भक्तों का दल नाचते गाते झूमते रिंग्स से 17 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए बाबा श्याम को निशाना ध्वजा अर्पण करेगा। प्रातः 8 :00 बजे दल के सभी सदस्य बसों द्वारा विश्राम भवन से रिंगस की ओर प्रस्थान करेंगे रिंग्स स्थित श्री श्याम निशान भवन में पुनः निशानों की पूजन ज्योत जला जागृत कर आरती की जाएगी। इसके बाद 17 किलोमीटर की पदयात्रा प्रारंभ की जाएगी करणी माता स्थित दोपहर का फलहार एवं मध्यान विश्राम कर दल के सभी सदस्य पुनः यात्रा प्रारंभ करेंगे एवं बाबा श्याम को पूजित ध्वजा निशानों को श्री खाटूधाम स्थित श्री श्याम मंदिर में अर्पित करेंगे। दल के सभी सदस्य 3 फरवरी मंगलवार को रात्रि भोजन एवं विश्राम मण्डल के धर्मशाला में करेंगे। 4 फरवरी बुधवार को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन मंडल के विश्राम भवन में किया गया है। पाठ वाचक मनोज सेन के सानिध्य में श्री संगीतमय श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया है। 5 फरवरी गुरुवार को दल के सभी सदस्य प्रातः 9 बजे सालासर के लिए यात्रा प्रारंभ करेंगे एवं दर्शन पूजन कर दोपहर का भोजन प्रसादी सालासर मंदिर स्थिति भवन में करेंगे।

# एमआरएस बेयरिंग्स में एसबीयू के 21 विद्यार्थियों का चयन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट विभाग द्वारा हाल ही में एमआरएस बेयरिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। डिप्लोमा एवं बी.टेक संकाय के 2026 बैच के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया में विवि के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में एप्टीट्यूड टेस्ट एवं उसके उपरांत व्यक्तिगत साक्षात्कार की समाप्ति के बाद 21 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। भर्ती प्रक्रिया एमआरएस बेयरिंग्स प्रा. लि. के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक मयंक दोषी तथा प्लांट हेड अश्विनी दुबे की उपस्थिति में संपन्न हुई। कंपनी के निदेशक जय दोषी ने प्लेसमेंट ड्राइव के सुचारू एवं सफल संचालन की सराहना करते हुए एसबीयू के प्लेसमेंट विभाग द्वारा प्रदर्शित पेशेवर कार्यशैली, आतिथ्य एवं प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी विवि के प्लेसमेंट ड्राइव की प्रक्रिया में भागीदारी की इच्छा जताई। गौरतलब है कि एमआरएस बेयरिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, वर्ष 1991 में स्थापित, उच्च गुणवत्ता वाले रोलर एवं बॉल बेयरिंग्स की अग्रणी भारतीय निमार्ता कंपनी है, जिसे बेयरिंग उद्योग में छह दशकों से अधिक के अनुभव का समर्थन प्राप्त है। कंपनी का मुख्यालय मुंबई में स्थित है तथा गुजरात में 1,80,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्रफल में अत्याधुनिक विनिर्माण इकाइयां संचालित हैं, जहां प्रतिवर्ष एक करोड़ से अधिक बेयरिंग्स का उत्पादन किया जाता है। नैतिक मूल्यों, गुणवत्ता उत्कृष्टता एवं किफायती इंजीनियरिंग पर विशेष जोर देने वाली एमआरएस बेयरिंग्स ऑटोमोबाइल, कृषि, वस्त्र एवं औद्योगिक क्षेत्रों के लिए उत्पाद उपलब्ध कराती है और 33 देशों में वैश्विक बाजारों एवं ओईएम को आपूर्ति करती है। यह संस्था युवा पेशेवरों को दीर्घकालिक करियर निर्माण के लिए एक विकासोन्मुख, पेशेवर एवं तकनीक-संचालित वातावरण प्रदान करती है। सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विवि के छात्रों के प्लेसमेंट पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।




भारतीय पास्चर संस्थान
कुन्नूर 643 103, नीलगिरी, तमिलनाडु

PASTEUR INSTITUTE OF INDIA
COONOOR 643 103, NILGIRIS, TAMILNADU

Pasteur Institute of India, Coonoor is functioning as an autonomous body under the Ministry of Health and Family Welfare, Government of India, New Delhi.

Online applications are invited from the eligible candidates for appointment to the following Direct Recruitment posts possessing the prescribed qualifications/ experience mentioned in the detailed advertisement.

| S. No. | Name of the Post | Pay Level as per 7th CPC | SC | ST | OBC | EWS | UR | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Research Officer | Level-10 (Rs. 56100-177500) | 1 | - | 1 | 1 | 1 | 4 |
| 2. | Veterinary Assistant Surgeon | Level-10 (Rs. 56100-177500) + NPA | - | - | - | - | 2 | 2 |
| | TOTAL | | | | | | | 6 |

**Online application portal is available in www.aiimsexams.ac.in: For detailed advertisement kindly refer to the** Notice No.03/2026 dated: 22/01/2026 for Recruitment Examination for Group-A (Non-Faculty)-REGA-2.0 for AIIMS, New Delhi and Pasteur Institute of India, Coonoor. The closing date for online registration is **20.02.2026 up to 5.00 PM.**

The details are also available in the Institute's website: www.pasteurinstituteindia.in

निदेशक /DIRECTOR

cbc 17178/12/0005/2526

# गरीबों के अधिकारों का गला घोंट रही है भाजपा सरकार : भूषण बाड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा :** जिले के केरसई, जलडेगा और बोलबा में प्रखंड स्तरीय मनरेगा बचाओ संग्राम, पेसा कानून नियमावली एवं एसआईआर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बोलबा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष सह सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी और महिला जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने मंच से भाजपा की केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए तीखा हमला बोला। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कांग्रेस आज भी गरीब, मजदूर और आदिवासी समाज के हक की लड़ाई उसी साहस के साथ लड़ रही है। जैसी परंपरा इंदिरा गांधी ने स्थापित की थी। भूषण बाड़ा ने कहा कि आज सरकार योजनाएं नहीं चला रही बल्कि गरीबों के अधिकारों का गला घोंट रही है। मनरेगा को कमजोर करना मजदूरों को भूखा रखने की साजिश है और उनके साथ खुला धोखा है। उन्होंने कहा कि जो सरकार जनता के हक और अधिकार छीन रही है वह लोकतांत्रिक नहीं हो सकती। भूषण बाड़ा ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर मनरेगा और गरीब जनता के हक के साथ खिलवाड़ बंद नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन को और तेज करेगी। यह लड़ाई अब चुप रहने की नहीं, टकराव की है। विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीब, मजदूर और आदिवासी समाज के खिलाफ हैं। मनरेगा को जानबूझकर निष्क्रिय बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ योजना नहीं मजदूरों के सम्मान का सवाल है। लेकिन आज न काम मिल रहा है, न समय पर मजदूरी। यह गरीबों को पलायन के लिए मजबूर करने की साजिश है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी नीति के खिलाफ संघर्ष करेगी और जनता के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरने से पीछे नहीं हटेगी। महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के झूठे आंकड़े पेश कर रही है। जबकि गांव की महिलाएं केंद्र सरकार की गलत नीति के कारण आज भी काम, मजदूरी और सम्मान के लिए भटक रही हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा में काम नहीं, मजदूरों को उनका अधिकार नहीं तो आखिर सरकार किसके लिए काम कर रही है। महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों को जानबूझकर हाशिए पर धकेला जा रहा है। जोसिमा खाखा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हर पंचायत में केंद्र सरकार की नाकामी को उजागर करें। यह सिर्फ संगठन की नहीं अस्तित्व की लड़ाई है। केरसई में आयोजित कार्यक्रम में एसआईआर. पर प्रशिक्षण देते हुए सामरोम पौल तोपनो एवं सुचिता तिर्की ने बीएलए. को बताया कि किस तरह सरकार की नीतियों के खिलाफ संवैधानिक अधिकारों के साथ संगठित संघर्ष खड़ा किया जाए। इस दौरान कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष बालासियुस खेस, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया मुंश खेस, जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया राहुल रोहित तिग्गा सहित सभी 7 पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष, 36 बूथों के बी.एल.ए., कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता और सैकड़ों कर्मठ कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## एक नजर

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हुआ भव्य कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**कोडरमा :** झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वार्षिक कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता शामिल हुईं और दीप प्रज्वलित तथा फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा और निर्देशिका संगीता शर्मा ने गुलदस्ता देकर किया। उसके बाद मुख्य अतिथि ने सभी छात्रों के द्वारा प्रदर्शित मॉडल को बारीकी से जाना और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों था अभिवावकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि छात्रों के बीच आकर उन्हें बहुत प्रसन्नता है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के नए आयाम को परिभाषित कर रहा है। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण होते है और विद्यालय में आगे भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।

### करियावां पंचायत में जलापूर्ति योजना का विरोध, इंटक वेल निर्माण पर अड़े ग्रामीण

**कोडरमा :** करियावां पंचायत के सुग्गाशाख गांव में बरकार नदी से डोमचांच जलापूर्ति योजना के तहत प्रस्तावित इंटक वेल निर्माण का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहले से ही पानी की भारी किल्लत है, ऐसे में पानी बाहर ले जाना उनके जीवन और खेती के लिए संकट पैदा करेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना ग्रामसभा और पूर्व सूचना के सर्वे किया गया। विरोध को देखते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों ने साफ कहा कि वे किसी भी कीमत पर योजना लागू नहीं होने देंगे।

### पेंशनरों की समस्या होगी दूर, सुविधाओं का रखा जाएगा विशेष ध्यान : विधायक

**सिमडेगा :** पेंशनर समाज का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा से उनके आवास में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पेंशनरों से जुड़ी कई समस्याओं और मांगों को विधायक के समक्ष रखा। समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन के जीर्णोद्धार की मांग करते हुए बताया कि वर्तमान बैठक हॉल काफी छोटा है। जिसके कारण नियमित बैठकों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पेंशनरों ने बैठक हॉल को विस्तार देने का आग्रह किया। ताकि अधिक संख्या में बुजुर्ग सदस्य एक साथ बैठकर अपनी बात रख सकें। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल द्वारा वर्ष 2026 में पेंशनर समाज के सदस्यों को पुरी की धार्मिक यात्रा कराने की भी मांग रखी। पेंशनरों ने कहा कि इस तरह की यात्रा से बुजुर्गों को मानसिक शांति के साथ–साथ सामाजिक जुड़ाव भी मिलेगा। मुलाकात के दौरान कुरडेग प्रखंड से जुड़े पेंशनरों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कुरडेग में पेंशनर भवन निर्माण की मांग करते हुए बताया कि यहां हर महीने समाज की बैठक होती है। लेकिन अपना भवन नहीं होने के कारण पेंशनरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बैठक हॉल पहली मंजिल पर होने के कारण सीढ़ियां चढ़ने में बुजुर्ग पेंशनरों को भारी परेशानी होती है। जिससे कई सदस्य नियमित बैठकों में शामिल नहीं हो पाते। विधायक भूषण बाड़ा ने पेंशनर समाज की सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक पहल की जाएगी।

## कोडरमा में नगरपालिका चुनाव की तैयारी तेज, कोषांगों की हुई समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** नगरपालिका निर्वाचन-2026 (आम) के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ऋतुराज की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने निर्वाचन से जुड़े सभी कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र कोषांग, मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग तथा विधि व्यवस्था सह आदर्श आचार संहिता कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों से अब तक की गई तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, सूचना तकनीकी कोषांग, नियंत्रण कक्ष कोषांग, वज्रगृह कोषांग, स्वीप कोषांग एवं नजारत कोषांग की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने कोषांगों का कार्य सही एवं समयबद्ध तरीके से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी नोडल पदाधिकारियों को अपने कोषांगों को सक्रिय करने तथा संबंधित कर्मियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया, ताकि निर्वाचन से जुड़े सभी कार्य बेहतर ढंग से संपादित किए जा सकें। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश बैठा, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पिकअप वैन से आलू के बोरों में छुपाकर ले जा रहे 261.9 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह के निदेशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है आज इसी क्रम में अप० करीब 01.30 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि डोमचांच थानान्तर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य सडक के रास्ते एक पिकअप वैन से अवैध अंग्रजी शराब की बडी खेप जाने वाली है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा पु०अ०नि० अभिमन्यु पडिहारी, थाना प्रभारी, डोमचांच के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कोडरमा- गिरिडीह रोड में निरूपहाडी के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाने लगा। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में आ रही एक पिकअप वैन के चालक पुलिस बलों को देखकर दूर में ही रिलायंस पेट्रोल पंप के आगे वाहन को खडा कर भाग गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन चालक को पकडने का प्रयास किया गया, किंतु दूरी अधिक रहने के कारण वह भागने में सफल हो गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा पिकअप वैन की तलाशी ली गयी। जिस कम में पिकअप वाहन सं0 JH10CT 2907 के डाला में आलु के बोरों के बीच में छुपाकर रखा हुआ विभिन्न कंपनियों एवं विभिन्न मात्रा का 1258 बोतल (कुल 261.9 लीटर) अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा कुछ देर तक इंतजार करने के बाद भी वाहन के चालक, मालिक या अन्य कोई दावेदार नहीं आये और न ही कोई बैध कागजात उपलब्ध कराया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा बरामद अंग्रेजी शराब को पिकअप वाहन सहित जब्त किया गया। इस संबंध में डोमचांच थाना कांड सं० 12/26, दिनांक 28.01.2026 धारा 274/275 बी०एन०एस० एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उक्त अवैध शराब की आपूर्ति कहाँ से की गई थी, इसे कहाँ पहुँचाया जाना था तथा इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं। नेटवर्क से जुडे अभियुक्तों का पता लगाकर गरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

## पूर्व सैनिक संघ के कार्यालय में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददता




**सिमडेगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बुधवार को पूर्व सैनिक संघ के कार्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के सैनिकों,पूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित वीर परिवार सहायता योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल ने उपस्थित लोगों को वीर परिवार सहायता योजना के उद्देश्यों,पात्रता शर्तों,लाभ तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से सैनिकों,शहीद सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के परिवारों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है,ताकि उन्हें सामाजिक,आर्थिक एवं कानूनी रूप से सशक्त बनाया जा सके। असिस्टेंट एलएडीसीएस ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्राधिकार के माध्यम से जरूरतमंद सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को कानूनी परामर्श, मुकदमों में सहायता,दस्तावेज तैयार कराने तथा अन्य विधिक सहयोग निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क करें और इसका लाभ उठाएं। मौके पर बताया गया कि एक पूर्व सैनिक विष्णु महतो को पीएलवी के रूप में बहाल किया गया है ताकि वे विधिक सेवाओं का लाभ उनके सहयोग से ले सकें। शिविर के दौरान सैनिकों और उनके परिजनों ने योजना एवं विधिक सेवाओं से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं रखीं,जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। मौके पर पीएलवी अजीत केरकेट्टा,सुरजीत प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## हैदराबाद में साथ रहने के बाद युवक फरार, मरकच्चो पहुंची पीड़िता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्कमनाय पंचायत के ग्राम बेला मे हाईवोल्टेज ड्रामा देखा गया। दरअसल हुआ यूं की पश्चिम बंगाल की एक युवती महिला मोर्चा लेकर बेला पहुंचकर हंगामा की है। युवती का आरोप है की बेला निवासी नितेश पंडित पिता गजेंद्र पंडित को इंस्टाग्राम के माध्यम से प्यार हुआ था जिसके बाद मंदिर मे दोनों ने विवाह रचाई और फरवरी 2025 से हैदराबाद मे 7 से 8 महीने तक साथ मे रहने लगी जिसके बाद अचानक नितेश पंडित युवती को कुछ बताए बिना फरार हो गया। इसके पश्चात युवती ने इधर - उधर खोज - बिन की लेकिन कुछ अता - पता नहीं चला जिसके बाद युवती को लगा की मेरे साथ धोखा हुआ है। जिसके बाद युवती ने कोडरमा के मरकच्चो थाना पहुंच कर मामला दर्ज कराई। इधर पीड़िता का कहना है की लड़का न्यायलय मे विवाह रचाने की बात कहकर बेल लिया और अब विवाह नहीं रचा रहा है। इसलिए मै महिला संगठन लेकर घर पहुंची हूँ ताकि मुझे अपना ले लेकिन इनलोगो ने मुझे अपनाने से इंकार कर रहा है। आगे पीड़िता ने बोली की कब तक मामला न्यायलय मे चलेगा ए तो मुझे अंदाजा नहीं है मै एक लड़की हूँ मै कब तक इस तरह से रहूं मेरा गाँव समाज मे नाम खराब हो गया है। तरह - तरह के लोग चर्चा कर रहे हैं इसलिए हम महिला संगठन को लेकर बेला पहुंची हूँ ताकि मुझे अपना ले। बता दें की इतना कुछ होने के बाद भी युवती को नहीं अपनाया है। लोगों को बेरंग लौटना पड़ा है।

## झुमरी तिलैया में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण फूड लाइसेंस व स्वच्छता को लेकर सख्त निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** उपायुक्त के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, कोडरमा अभिषेक आनंद द्वारा आज शाम झुमरी तिलैया क्षेत्र में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाराणा प्रताप चौक स्थित ठेला-खोमचा, किराना दुकानों आदि की जांच की गई। चाट में प्रयुक्त रंग की जांच की गई, जो खाद्य रंग पाया गया। वहीं झंडा चौक क्षेत्र की कई किराना दुकानों में फूड लाइसेंस नहीं पाया गया, जिस पर संबंधित दुकानदारों को शीघ्र फूड लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त ठेला पर बिक्री किए जा रहे चाउमिन में प्रयुक्त सॉस एवं अन्य मसालों की भी जांच की गई। ढाबा एवं किराना दुकानों में बेची जा रही खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच करते हुए फूड लाइसेंस हेतु सदर अस्पताल स्थित खाद्य सुरक्षा कार्यालय से संपर्क करने की जानकारी दी गई। ब्लॉक रोड स्थित विभिन्न मटन एवं चिकन दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी मटन-चिकन दुकान के पास नगर निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं फूड लाइसेंस नहीं पाया गया। संबंधित दुकानदारों को खुले में मांस बिक्री न करने, काला शीशा लगाने तथा अनिवार्य रूप से फूड लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों, ठेला-खोमचा विक्रेताओं, पेयजल व्यवसायियों, रिटेलर्स एवं होलसेलर्स तथा चिकन एवं मीट कारोबारियों को वैध फूड लाइसेंस प्राप्त कर स्वच्छता एवं हाइजीन का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का विक्रय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी खाद्य कारोबारियों को अपने प्रतिष्ठानों से एक्सपायरी, बासी अथवा सड़ी-गली खाद्य सामग्री को तत्काल नष्ट करने का सख्त निर्देश दिया गया। निमार्णाधीन खाद्य पदार्थों में केवल गुणवत्तापूर्ण सामग्री एवं FSSAI प्रमाणित फूड कलर का ही निर्धारित मात्रा में प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से चाट-गोलगप्पा एवं मसाला विक्रेताओं को प्रतिबंधित अखाद्य रंग (जैसे पुड़िया रंग, सम्राट रंग, गाय छाप रंग, जलेबी रंग आदि) के प्रयोग से सख्त रूप से मना किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### खनन टास्क फोर्स की समीक्षा हुई संपन्न



**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय में खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान अवैध खनन के विरुद्ध की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि अब तक कुल 184 निरीक्षण किए गए हैं। अवैध खनन के मामलों में कुल 54 प्राथमिकी दर्ज की गई, जिनमें JMMC नियम 54(5) के तहत 22 मामलों में कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध खनन में संलिप्त 90 वाहनों को जब्त किया गया। JMMC नियम 54 (5) के अंतर्गत 8,45,814, नियम 54(6) के तहत चार अवैध भंडारण मामलों में 2,92,260 तथा न्यायालय के आदेश पर 5,40,718 की जुमार्ना राशि वसूली गई। इस प्रकार कुल 16,78,782 की वसूली की गई। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन के विरुद्ध निरंतर और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध खनन नहीं होने दिया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ सुन्दर मोहन सामाद, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी, डीएसपी श्री रनवीर सिंह, जिला खनन पदाधिकारी, खनन इंस्पेक्टर, सभी अंचलाधिकारी, सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर में दसवीं के विद्यार्थियों का आशीर्वाद एवं विदाई समारोह संपन्न



**कोलेबिरा :** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु/ विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में कक्षा दसवीं के भैया बहनों के सम्मान में आशीर्वाद समारोह अत्यंत गरिमामय, एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित किया गया। यह अवसर स्नेह, स्मृतियों, संस्कारों और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी भरत प्रसाद सिमडेगा, विशिष्ट अतिथि कुश बड़ाइक सिमडेगा, विद्यालय के सचिव राजेश अग्रवाल एवं सह सचिव रिक्की अग्रवाल, सुनील सिंह द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती, भारत माता, सृष्टि के गर्भ स्थल ॐ, भगवान बिरसा मुंडा एवं सरना माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन पुष्पार्चन कर किया गया। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें कनिष्ठ भैया–बहनों ने गीत, नृत्य एवं मनोहारी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने वरिष्ठों के प्रति स्नेह एवं सम्मान व्यक्त किया जिससे उत्साह, अनुशासन और आत्मीयता का वातावरण बना रहा। मुख्य अतिथि भरत प्रसाद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि माँ पहला गुरु होती है जो हर कष्ट सहकर बच्चों को संस्कार देती है, वहीं पिता दिन रात परिश्रम कर परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से माता पिता की आज्ञा का पालन करने, गुरुजनों का सम्मान करने तथा चरित्र निर्माण और संस्कारों को जीवन का मूल आधार बनाने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में यमुना कुमारी, दशरथी देवी, बिमला देवी, लक्ष्मी देवी, अर्जुन महतो, बसंती बड़ाईक,, गणेश सिंह, जगेश्वर सिंह, प्रमोद पाणीग्राही, सुदर्शन कुमार, प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, सुनीति कुमारी, संध्या बड़ाईक, भागीरथी सिंह, शिवरचंद नायक, रजनी बड़ाईक, कालीचरण, सबरन सिंह, एटलस तोपनो, तरुण सिंह ओलीबा एवं गंगोत्री देवी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रमोद पानीग्राही द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ।

### मनरेगा खत्म करने की साजिश कर रही है केंद्र सरकार, कांग्रेस का मरकच्चो में एकदिवसीय धरना




**कोडरमा :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के संगठन सचिव के0 सी0 वेणुगोपाल विपक्ष के नेता राहुल गांधी झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय के समक्ष मनरेगा बचाव संग्राम एवं एकदिवसीय धरना दिया गया ।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को कमजोर किए जाने के विरोध के तहत प्रखंड में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रवि शंकर सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीणों की जीवनरेखा रही है, लेकिन मोदी सरकार इसे खत्म करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों का अधिकार है। केंद्र सरकार इसमें लगातार कटौती कर इसे नाम मात्र का बना देना चाहती है। 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत फंड करना गरीब विरोधी सोच को दर्शाता है। प्रकाश रजक ने कहा कि पहले मनरेगा मजदूरों की मांग पर चलती थी, जिससे जरूरतमंदों को समय पर काम मिलता था, लेकिन अब इसे बजट के दायरे में बांधकर मजदूरों को बेरोजगार किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम सभा से अधिकार छीनकर अफसरशाही को सौंपना लोकतंत्र और संविधान की भावना के खिलाफ है ।उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ देश के पूंजीपतियों का कर्ज माफ किया जा रहा है, उनकी संपत्ति दिन दूगनी रात चौगुनी बढ़ रही है, और दूसरी तरफ गरीबों के लिए बनी योजनाओं को खत्म किया जा रहा है। यह सरकार गरीबों की नहीं, बल्कि चंद पूंजीपतियों की सरकार है। धारणा को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव मनोज सहाय उर्फ पिंकू ने कहा कि मनरेगा योजना समाप्त करें मजदूरों के हक को मारा जा रहा है यह कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी ।वही धारणा को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष रवि शंकर सिंह ने कहा कि मनरेगा को कमजोर करना सीधे तौर पर ग्रामीण भारत की कमर तोड़ने जैसा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार ने मनरेगा को उसके पुराने स्वरूप में बहाल नहीं किया, तो सड़कों से लेकर संसद तक आंदोलन किया जारी रहेगा। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं और कार्यकताओं ने एक स्वर में मनरेगा में किए गए बदलावों का विरोध किया और केंद्र सरकार से योजना को मजबूत करने की मांग की। धारणा को पूर्व जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान संजय दास रामचंद्र रविदास कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष कयुम उदीन नूर आलम मोहम्मद कासिम जाहिद आलम दिनेश्वर पासवान इनामुल अंसारी हक ने भी संबोधित किया धरना में मुख्य रूप से प्रदीप राम उपेंद्र राम महेश दास आनंद कुमार दास भोला रजक सलमान आलम विजय पोद्दार इंद्रदेव सिंह महानंद यादव आफताब आलम ताहिर आलम जसवा देवी रिंकू देवी चंदवा देवी कौशल्या देवी सुनीता देवी पूनिया देवी कुंती देवी सरस्वती देवी मालती देवी देवंती देवी कुंती देवी सरस्वती देवी आदि लोग मौजूद थे धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप राम ने किया।

एक नजर

### नए मतदाताओं को गुलाब देकर किया सम्मानित

**खूंटी** : बिरसा कॉलेज खूंटी और मेरा युवा भारत ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को बिरसा कॉलेज में नव मतदाताओं को गुलाब देकर सम्मानित किया। साथ ही इसके तहत प्रभातफेरी भी निकाली गई। उल्लेखनीय है कि मतदाताओं का सम्मान करने, युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। ' मेरा भारत,मेरा वोट ' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ सी के भगत ने बताया गया कि मतदाता ही लोकतंत्र के रीढ़ हैं। मतदान ही लोकतंत्र की बुनियाद है। उन्होंने बताया कि सार्वभौमिक मताधिकार प्रदान करने वाले देशों में भारत विश्व में अग्रणीय देश है। इस कार्यक्रम में, प्रो. जया भारती कुजूर, राजकुमार गुप्ता, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ प्रतीक, प्रो. वासुदेव हस्सा के सहित प्राध्यापकों के साथ भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### संदिग्ध हालात में हाथी की मौत, एक दांत गायब



**चाईबासा** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत झींकपानी के सागरकट्टा-रोंमारा गांव के बीच स्थित जंगल में बुधवार को एक हाथी की मौत का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि हाथी की मौत प्राकृतिक नहीं बल्कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार हाथी का एक दांत काटकर तस्कर अपने साथ ले गए हैं,जिससे अवैध शिकार की आशंका और गहरी हो गई है। शव के पास दांत कटे होने जैसे निशान भी दिखाई देने की बात कही जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग को सूचित किया गया। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। टीम ने हाथी के शव का निरीक्षण किया और प्रारंभिक साक्ष्य जुटाए। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि हाथी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है या फिर इसमें अवैध शिकारियों की संलिप्तता है। वहीं, इस घटना के बाद ग्रामीणों ने जंगल क्षेत्र में हाथी दांत तस्करी की सक्रियता पर सवाल उठाते हुए गश्त बढ़ाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल वन विभाग पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है और आसपास के इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# नगरपालिका चुनाव-2026 : निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान को लेकर प्रशासन तैयार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला** : नगरपालिका (आम) निर्वाचन -2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत की उपस्थिति में समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड द्वारा जारीप्रेस नोट संख्या 187, दिनांक 27 जनवरी 2026 के आलोक में जिले के नगर निकाय क्षेत्रों में नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 संपन्न कराया जाना है। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही सभी नगर निकाय क्षेत्रों (आदित्यपुर नगर निगम, कपाली नगर परिषद एवं सरायकेला नगर पंचायत) में आदर्श




आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है, जिसका सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों एवं संबंधित व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सभा, जुलूस अथवा लाउडस्पीकर के उपयोग हेतु प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आदर्श आचार संहिता अथवा निर्वाचन नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध निर्वाचन कानूनों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर निकाय क्षेत्रों के सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने कहा कि नगर निकाय निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले के अति-संवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि अवैध शराब की तस्करी, नकद वितरण तथा हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाने हेतु विशेष टीम एवं फ्लाइंग स्क्वॉड का गठन किया गया है। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा नफरत फैलाने वाली सामग्री पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। लाइसेंसी हथियार धारकों को निर्धारित समयावधि के भीतर अपने हथियार संबंधित थाना में जमा करने का निर्देश दिया गया है। बिना अनुमति के सभा, जुलूस अथवा लाउडस्पीकर के प्रयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## निकाय चुनाव में कोडरमा में 113928 मतदाता करेंगे मतदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : नगर निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। बुधवार को कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज ने प्रेस वार्ता कर तैयारी को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोडरमा जिले के तीन नगर निकायों में कुल 113928 मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। झुमरीतिलैया नगर परिषद में 28 वार्ड के लिए 68 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और यहां कुल मतदाताओं की संख्या 71968 है। कोडरमा नगर पंचायत में 15 वार्डों के लिए 25 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां कुल मतदाताओं की संख्या 22233 है, जबकि डोमचांच नगर पंचायत में 14 वार्डों के लिए 21 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और यहां कुल मतदाताओं की संख्या 19727 है। उपायुक्त ने बताया कि झुमरीतिलैया नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए निवार्ची पदाधिकारी अपर समाहर्ता पूनम कुजूर को बनाया गया है, वार्ड पार्षद के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी मनोज कुमार रवि और रवि भूषण प्रसाद, अंचल अधिकारी कोडरमा निवार्ची पदाधिकारी होंगे। वहीं कोडरमा नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता ओमप्रकाश मंडल निवार्ची पदाधिकारी बनाए गए हैं और वार्ड पार्षद के लिए जिला नियोजन पदाधिकारी प्रकाश बैठा और जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। डोमचांच में अध्यक्ष पद के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला निवार्ची पदाधिकारी बनाए गए हैं और वार्ड पार्षद के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पांडे और अंचल अधिकारी रविंद्र कुमार पांडे निवार्ची पदाधिकारी बनाए गए हैं। झुमरीतिलैया नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम खर्च की राशि 6 लाख रुपए, नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम पांच लाख रुपये और झुमरीतिलैया में वार्ड पार्षद के लिए अधिकतम राशि डेढ़ लाख और नगर पंचायत में एक लाख रुपये तय की गई है। नगर निकाय चुनाव के नामांकन की तिथि 29 जनवरी से चार फरवरी तक है, नामांकन की समीक्षा पांच फरवरी को जबकि नाम वापस लेने की तिथि छह फरवरी तय की गई है। निर्वाचन को लेकर प्रतीक आवंटन की तिथि सात फरवरी और मतदान की तिथि 23 फरवरी है। मतों की गणना 27 फरवरी को होगी। उपायुक्त ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी तीन नगर निकाय क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

## घोषणा होते ही मैदान में उतरे उम्मीदवार तेज हुई राजनीतिक सरगर्मियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया** : झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर निकाय चुनावों की तिथि घोषित होते ही बड़की सरिया नगर पंचायत में चुनावी महौल गरमाने लगा है। 23 फरवरी को मतदान और 27 फरवरी को मतगणना के ऐलान के साथ ही कथित समाजसेवी और राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। अध्यक्ष पद और विभिन्न वार्डों के पार्षद पद के लिए संभावित उम्मीदवार जनसंपर्क, बैठकें और रणनीति बनाने में जुट गए हैं। वार्ड नंबर 10 के युवा एवं जुझारू उम्मीदवार तबरेज हसन ने एक भेंटवार्ता में बताया कि वे क्षेत्र के विकास और युवाओं की आवाज को मजबूती देने के लिए चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने कहा, सरिया के हर वार्ड में बदलाव की जरूरत है, और मैं युवा ऊर्जा के साथ इसे साकार करने को तैयार हूं। इसी क्रम में अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश करते हुए समाजसेवी संतोष कुशवाहा की धर्मपत्नी आरती देवी ने जोरदार दावा किया। उन्होंने कहा, सरिया के समग्र विकास के लिए मैं चुनाव लड़ रही हूं। महिलाओं की भागीदारी और स्थानीय समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता रहेगी। चुनाव आयोग की घोषणा के बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू होने वाली है, जिससे सभी संभावित उम्मीदवारों में जोश देखा जा रहा है। राजनीतिक दल भी अपने समर्थित प्रत्याशियों के लिए बैठकें और समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। बड़की सरिया में इस बार चुनाव महिला आरक्षण के प्रभाव से भी प्रभावित होने की संभावना है, जिससे महिला उम्मीदवारों की सक्रियता बढ़ गई है। स्थानीय लोग अब उम्मीद कर रहे हैं कि यह चुनाव विकास, पारदर्शिता और बेहतर प्रशासन की दिशा में नया मोड़ लाएगा। क्या बड़की सरिया इस बार नए चेहरे और नई सोच का स्वागत करेगा? आने वाले दिनों में यह साफ होगा।

## बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों पर हो कार्रवाई : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इस दौरान जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई हो। समीक्षा के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं। डीसी ने वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगाई गई साइन बोर्ड की संख्या में वृद्धि कर वाहनों का स्पीड कम करने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श कियाा। बैठक के दौरान घाटी में ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने, घाटी में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे, वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक चर्चा की गई। बैठक के दौरान डीसी द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटना के दौरान अस्पताल पहुंचाने वाले मददगारों को सम्मानित किया जाएगा। लोगों में जागरूकता पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं जिससे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के जीवन को बचा सके। वहीं उन्होंने हिट एंड रन से संबंधित योजना की लाभ प्रक्रिया की जानकारी दी।

## खूंटी में 69 वीं राष्ट्रीय स्कूल हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल हॉकी प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम ग्राउंड में अंडर-17 बालिका वर्ग के कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। देशभर से आई टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दिन के पहले मैच में उत्तर प्रदेश ने केबीएस टीम को 7-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में ओडिशा ने राजस्थान को 7-0 से हराया। वहीं तीसरे मुकाबले में सीआईएससीई ने पश्चिम बंगाल पर 1-0 से जीत दर्ज की। चौथे मैच में कर्नाटक ने आईपीएससी के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 15-0 से शानदार विजय प्राप्त की। वहीं



पांचवें मैच में पांडिचेरी ने तेलंगाना को 3-0 से हराया। छठे मैच में विद्या भारती और मिजोरम के बीच खेले गए मुकाबले में मिजोरम ने 7-0 से जीत दर्ज की, जबकि सातवें मैच में मध्य प्रदेश ने मणिपुर को 2-0 से पराजित किया। आठवें मैच में आंध्र प्रदेश ने बिहार को 1-0 से हराया। वहीं दिन के अंतिम मुकाबले में सीबीएसई ने दादर एवं नगर हवेली की टीम को 9-0 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा सहित नगर परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला खेल पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि नईमुद्दीन खान एवं पीटर मुंडू शामिल थे। झारखंड शिक्षा परियोजना के खेल विभाग से धीरसेन सोरेन प्रतियोगिता के सफल आयोजन का निरीक्षण करने पहुंचे। कार्यक्रम को सफल बनाने में खूंटी के शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

# पड़हा राजा सोमा मुंडा हत्याकांड में शूटर सहित छह आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : पड़हा राजा और अबुआ झारखंड पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सोमा मुंडा हत्याकांड में संलिप्त दो शूटरों सुमित दगल सांड (20 ) एवं मारकुस संगा (20) सहित छह आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने इस बहुचर्चित हत्याकांड में बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों शूटर दिवंगत सोमा मुंडा के गांव मुंडा चलागी के निवासी हैं और उनके पड़ोसी भी। इसके अलावा पुलिस ने शूटरों को हत्या के लिए बाइक और हथियार उपलब्ध कराने वाले मुंडा चलागी गांव के ही दानियल सांगा (44) सहित बिरहु सरई टिकरा गांव के रोशन मिचयाड़ी (25), कपरिया गांव के संदीप खलखो (35 ) एवं मुंडा चलागी गांव के संतोष दगल सांड (32) को भी गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल, चार जिंदा गोली, घटना और



रेकी में प्रयुक्त दो पल्सर बाइक, एक टाटा टियागो कार, घटना के समय शूटरों की ओर से पहने गए जैकेट, हेलमेट, जूता, चप्पल सहित विभिन्न कंपनियों के कुल सात मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने बुधवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि वर्तमान में हुटार चौक में रहने वाले गिरफ्तार आरोपित दानियल संगा का मुंडा चलागी गांव में स्थित 14 डिसमिल जमीन को लेकर दिवंगत सोमा मुंडा से विवाद चल रहा था। दिवंगत सोमा मुंडा उक्त जमीन पर बने पुराने घर से दानियल संगा को बेदखल करने का दबाव बना रहे थे। इसे लेकर दानियल संगा और उसके परिवार के लोग दिवंगत सोमा मुंडा से आक्रोशित थे। हाल के वर्षों में दानियल संगा कई चर्चित जमीन कारोबारियों के साथ मिलकर जमीन की खरीद बिक्री का काम कर रहा था। जमीन खरीद बिक्री के मामले में दिवंगत सोमा मुंडा की ओर से सीएनटी या मजियस जमीन का हवाला देकर बाधा उत्पन्न किया जा रहा था। एसपी ने बताया इसी मामले में पूर्व में गिरफ्तार होकर जेल गए जमीन कारोबारी देवव्रत नाथ शाहदेव, पंकज कुमार शर्मा एवं चंदन यादव जियारप्पा गांव में खाली पड़े 30-32 एकड़ जमीन को स्थानीय जमीन कारोबारी के माध्यम से बेचने का प्रयास कर रहे थे, किंतु उस जमीन पर स्थानीय ग्राम सभा द्वारा कब्जा नहीं करने देने के कारण जमीन का बिक्री नहीं हो पा रहा था। इसे लेकर आरोपितों द्वारा जियारप्पा ग्राम सभा के अध्यक्ष बाहा मुंडा एवं सचिव देवा पाहन से मिलकर प्रति डिसमिल 10 हजार रुपये देकर जमीन पर कब्जा करने के प्रयास के दौरान जमीन पर गाड़े गए सिलापट्ट को उखाड़ दिया गया। दिवंगत सोमा मुंडा ने जमीन कारोबारियों के इस कार्रवाई का विरोध किया और तीन जनवरी को पड़हा के माध्यम से उक्त जमीन पर फिर से सिलापट्ट लगा दिया। इसी बात पर आरोपितों ने सोमा मुंडा की हत्या की साजिश रची। बताया गया कि आरोपित दानियल संगा ने अपने भतीजे सुमित दगल सांड और संतोष दगल सांड के माध्यम से दिवंगत सोमा मुंडा से नाराज चल रहे मारकुस संगा से संपर्क कर उसे सोमा मुंडा को जान से मारने का प्रस्ताव दिया। इसके एवज में उसे 50 हजार रुपये दिया गया। आरोपित दानियल संगा ने ही अपने भतीजे सुमित को सोमा मुंडा की हत्या के लिए अपना पल्सर बाइक और हथियार भी उपलब्ध कराया। घटना के दिन सात जनवरी को आरोपितों को जब यह पता चला कि सोमा मुंडा अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से खूंटी गए हैं, तो सुमित दगल सांड अपने सहयोगी मारकुस संगा के साथ खूंटी से सोमा मुंडा का रेकी और पीछा करते हुए जमुवादाग तालाब के पास इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

संक्षिप्त खबरें

### पिरामल फाउंडेशन टीम ने जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक



**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के विभिन्न स्कूलों सहित कई सार्वजनिक स्थलों पर पीरामल फाउंडेशन टीम के द्वारा जन जागरुकता अभियान चलाकर आम जनता को जागरूक किया गया। इस दौरान फाइलेरिया रोधी दवा खाना है। फाइलेरिया को दूर भगाना है का नारा लगाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में फाइलेरिया से बचाव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया जा सके ।पीरामल टीम की ओर से रुपाली कुमारी (प्रोग्राम ऑफिसर) के निदेर्शानुसार एमडीए राउंड को लेकर जनजागरूकता गतिविधि की गई। उपस्थित सभी लोगों को बताया गया कि एमडीए राउंड 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक चलाया गया तथा सभी पात्र लोगों को दवा सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में लायलम हाई स्कूल की प्राचार्य संगीता महतो स्वास्थ्य सहिया शेफाली महतो सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### सरिया में सात दिनों के लिए दिन में विद्युत सेवा रहेगी बाधित

**सरिया** : सरिया फीडर में अधिभार के कारण 11000 वोल्ट का तार बदला जा रहा है। साथ ही डबल सर्किट का काम भी चल रहा है। जिस कारण गुरुवार से मंगलवार तक दिन में 10 :00 बजे से लेकर शाम 5 :00 बजे तक सरिया में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी उक्त जानकारी विद्युत कर्मी (लाइन मैन) राजेश रवानी ने दिया।

### नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही छत्तरपुर नगर पंचायत में तेज हुई चुनावी सरगर्मियां



**पलामू** : राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पलामू के छत्तरपुर नगर पंचायत में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। चुनाव की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इस बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद सामान्य सीट होने के कारण मुकाबला बेहद रोचक और बहुकोणीय होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए 25 से 30 से अधिक संभावित प्रत्याशी मैदान में उतर सकते हैं। इस बार चुनावी मैदान में सभी वर्गों से जुड़े लोग अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इससे मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। लगभग सात वर्षों के लंबे अंतराल के बाद दूसरी बार नगर पंचायत की जनता को अपने जनप्रतिनिधियों को सीधे चुनने का अवसर मिला है। उल्लेखनीय है कि छत्तरपुर नगर पंचायत में अप्रैल 2018 में पहली बार चुनाव हुआ था। इसके बाद से चुनाव की प्रतीक्षा की जा रही थी। वहीं छत्तरपुर नगर पंचायत में 23 फरवरी को मतदान होगा और 27 फरवरी को शहर की सरकार का चेहरा सामने आएगा। छत्?तरपुर नगर पंचायत में कुल 16 वार्ड हैं, जिनमें 22,253 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए 24 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 22 सामान्य और 2 संवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। प्रशासन ने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का दावा किया है।

### खूंटी नगर पंचायत चुनाव के लिए 23 फरवरी को मतदान, 27 को मतगणना

**खूंटी** : खूंटी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद और 19 वार्ड पार्षदों के चुनाव के लिए 23 फरवरी को मतदान एवं 27 फरवरी को मतगणना होगी। चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नगर पंचायत क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रॉनिटा ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उपायुक्त ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के कुल 28,719 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 13,672 पुरुष और 15,047 महिला मतदाता शामिल हैं। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 20 भवनों में कुल 30 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से दो मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इस बार पिछले चुनाव की तुलना में एक मतदान केंद्र की वृद्धि की गई है। मतदान प्रक्रिया के लिए 102 मतपेटियों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 19 वार्डों में से नौ सीटें अनारक्षित हैं, जबकि सात सीटें अनुसूचित जनजाति, एक सीट अत्यंत पिछड़ा वर्ग और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन के लिए पांच निवार्ची पदाधिकारी और 10 सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए व्यय सीमा 05 लाख रुपये और वार्ड पार्षद उम्मीदवारों के लिए एक लाख रुपये निर्धारित की गई है।

**कार्यालय अंचल अधिकारी, गोला (रामगढ़)**

-: आम सूचना :-

बजरिये आम इश्तेहार गोला अंचल में संचालित ईट भट्टा संचालक (1) Brick Clay Mining for M/S SPM Brick, Village-Rakua, P.O- Sutri, Dist-Ramgarh. (2) Bamhan Sagatu Stone Deposit of M/S New India Industries, Md. Abid Husain & Sri Shekhar Mishra), Village-Bhuinya Sagatu- Bamhan Sagatu, Circle Gola, Dist-Ramgarh. (3) Rola Stone Deposit of M/S New India Industries,Village-Rola, Thana- Gola, Dist-Ramgarh. को सूचित किया जाता है कि W.P. (PIL) No. 2026 of 2021, Anurag Kumar & Anr Vrs The State of Jharkhand & Ors पारित आदेश के आलोक में अनुपालन संबंधी प्रतिवेदन की मांग की गई है।

अतः सभी ईट भट्टा संचालक को निदेश दिया जाता है कि उक्त पारित आदेश के अनुपालन से संबंधित झारखण्ड प्रदुशण नियंत्रण पार्षद द्वारा निर्गत सी0 टी0 इ0 एवं सी0 टी0 ओ0 प्रमाण पत्र, जमीन संबंधित कागजात, श्रमिक संबंधी दस्तावेज, उपयोग में लाये जा रहे मिट्टी के अलावा भट्टा में कोयले एवं अन्य संबंधित दस्तावेज के साथ दिनांक 10.02. 2026 को 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें, ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

इसे सख्त ताकिद जानें।

अंचल अधिकारी,
गोला, (रामगढ़)

PR 371807 District (25-26)_D

**कार्यालय जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची**
**(जिला शस्त्र शाखा)**

**आदेश**

आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र अधिनियम – 1962 की धारा 46(21) के तहत रांची जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 74/शस्त्र दिनांक 28.01.26 से अपने शस्त्रों को थाना/ओ0पी0 अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में दिनांक 06.02.2026 तक जमा करने का आदेश निर्गत किया जा चुका है।

तदनुसार एतद् द्वारा रांची जिला में आवासित वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों, जिनकी अनुज्ञप्ति झारखण्ड राज्य के अन्य जिले या अन्य राज्य से निर्गत है परन्तु रांची जिला में पंजीकृत नहीं है, आगामी 48 घंटे के भीतर अपने नजदीकी थाना/ओ0पी0 में अपने शस्त्र को जमा करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला दण्डाधिकारी
–सह–उपायुक्त,
रांची

PR 371873 Ranchi (25-26)_D

# हिन्दुओं को विभाजित कर अपनी राजनीति साधने के प्रयास में विपक्ष

इन दिनों विपक्ष उत्तर प्रदेश में दो घटनाओं के माध्यम से अपनी राजनीति साधने के प्रयास में है। पहली घटना वाराणसी के मर्णिकर्णिका घाट के नवीनीकरण के लिए पुरानी प्रतिमाओं तथा कुछ छोटे मंदिरों पर बुलडोजर चलाने की थी, जो बाद में फर्जी निकली। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के उपरान्त एआई वीडियो के आधार पर मंदिर तोड़े जाने की अफवाह फैलाकर राजनैतिक रोटियां सेंकने वाले लोगों जिनमें आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह तथा बिहार के सांसद पप्पू यादव शामिल हैं, पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके बाद भी इस विषय पर स्थानीय स्तर पर राजनीति की जा रही है। समाजवादी पार्टी पीडीए के नाम पर पाल समाज को भड़का कर धरना- प्रदर्शन इत्यादि का आयोजन कर रही है। इस मुद्दे पर सपा, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारतीय जनता पार्टी की छवि को आघात पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का जमकर प्रयोग कर रही है। दूसरी घटना प्रयागराज में चल रहे माघ मेले की है, जो विवादों में रहने वाले एक शंकराचार्य के तथाकथित अपमान से जुड़ी है। प्रयागराज में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला माघ मेला सफलतापूर्वक चल रहा था उसमें शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद मेला प्रशासन के नियमों को धता बताते हुए पालकी (बग्घी) में बैठकर अपने भक्तों के साथ संगम नोज पर पहुँचने के लिए अड़ गए। पुलिस बल ने उनको बग्घी न ले जाने का निवेदन किया। उनके भक्तों और पुलिस के बीच विवाद हुआ और उन्होंने पुलिस के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इसके बाद जमकर उपद्रव हो गया। अंततः शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद धरने पर बैठ और समाजवादी पार्टी और अन्य विरोधी दलों ने मामले को तुरंत अपनी राजनीति चमकाने के लिए लपक लिया। विभिन्न राजनैतिक दल इस मुद्दे को जिस तरह उठा रहे हैं उससे स्पष्ट है कि उनको शंकराचार्य या सनातन के सम्मान से कोई लेना-देना नहीं है उनका एकमात्र उद्देश्य इस मुद्दे पर हिन्दू मतों का विभाजन करना है। यह भी संभव है कि इस प्रकरण की पटकथा किसी राजनैतिक दल ने ही लिखी हो जो आजकल अविमुक्तेश्वरानंद के निकट दिखाई दे रहा है। राजनैतिक दल तो समय के अनुसार अपने रंग बदलते रहते हैं किन्तु क्या अविमुक्तेश्वरानंद भी यह भूल गए कि जो समाजवादी आज उनका समर्थन कर रहे हैं उन्होंने ही कभी उनके ऊपर लाठियां बरसाई थीं। उस समय भाजपा ने ही उनकी सुरक्षा व बचाव किया था। आज अविमुक्तेश्वरानंद भाजपा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। अविमुक्तेश्वरानंद प्रायः अपनी विवादित बयानबाजी के कारण चर्चा में रहते हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विवादित बयान देकर इन्होंने बड़ा विवाद खड़ा करने का असफल प्रयास किया था। एक बार स्वामी अविमुकतेश्वरानंद ने कहा था कि राहुल गांधी हिंदू नहीं हैं उन्हें राम मंदिर नहीं जाने देना चाहिए। जब आपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार ने पाक के साथ सिंधु जल समझौता निलंबित किया तब उन्होंने कहा था कि यह काम करने के लिए भारत को कम-से-कम 20 साल लग जाएंगे, इन्होंने वक्फ संशोधन बिल को सौगात-ए -मोदी कहा था। यह काशी कारिडोर का भी विरोध कर चुके हैं। यह शंकराचार्य अभी तक अयोध्या दर्शन करने नहीं गए हैं। यह हिंदू समाज को विभाजित करने वाली राजनैतिक ताकतों के हाथों की कठपुतली बनकर उनके शिकार हो गए हैं। जिन लोगों के मुंह में तमिलनाडु के द्रमुक नेता की सनातन की डेंगू, मलेरिया से तुलना और उसके उन्मूलन जैसी बातों पर ताला लग जाता है वे भी शंकराचार्य के समर्थन में झंडा उठाए हैं। आज वे लोग अविमुक्तेश्वरानंद के पक्ष में खड़े हैं जिन्होंने कुछ दिन पूर्व मद्रास हाईकोर्ट के जज के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव का समर्थन कर दिया था क्योंकि उस जज ने हिन्दू पक्ष को दीपक जलाने की अनुमति दे दी थी। बांग्लादेश में निर्दोष हिन्दुओं की हत्याओं पर पूरा इंडी गठबंधन मौन हो गया।

## सूडोकु नवताल- 7689

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7688 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# अजित पवार: आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के 'दादा-पुरुष'

**ललित गर्ग**

यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है।

अजित पवार का जीवन किसी राजसी विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोड़ना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी।

1991 अजित पवार के राजनीतिक जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दर्शाता है। उसी वर्ष बारामती से लोकसभा के लिए निर्वाचित होना उनके बढ़ते कद का प्रमाण था, लेकिन उन्होंने यह सीट अपने चाचा




शरद पवार के लिए छोड़ दी। यह फैसला केवल पारिवारिक निष्ठा का नहीं, बल्कि राजनीतिक दूरदृष्टि का भी उदाहरण था। इसके बाद विधानसभा में प्रवेश और फिर लगातार बारामती से जीत ने उन्हें जनाधार का वह आधार दिया, जिसे महाराष्ट्र की राजनीति में विरले ही कोई चुनौती दे सका। अजित पवार को सत्ता के गलियारों में पहुंचाने वाली सबसे बड़ी विशेषता उनकी प्रशासनिक पकड़ थी। कृषि, बागवानी, बिजली और जल संसाधन जैसे कठिन और संवेदनशील विभागों को संभालते हुए उन्होंने विकास और विवाद दोनों को नजदीक से जिया। जल संसाधन मंत्री के रूप में कृष्णा घाटी और कोकण सिंचाई परियोजनाओं से उनका नाम जुड़ा। इन परियोजनाओं ने जहां किसानों के लिए पानी और उम्मीद का संदेश दिया, वहीं आलोचनाओं और आरोपों का बोझ भी उनके कंधों पर रखा। इसके बावजूद वे उन नेताओं में रहे जो फाइलों से नहीं, फैसलों से पहचाने जाते थे।

उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका सफर महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनोखा अध्याय है। छह बार इस पद तक पहुंचना केवल राजनीतिक संयोग नहीं था, बल्कि सत्ता संतुलन, गठबंधन राजनीति और संगठनात्मक ताकत का परिणाम था। वे सरकार में अक्सर संकटमोचक की भूमिका में दिखे। बजट, वित्तीय प्रबंधन और संसदीय रणनीति में उनकी पकड़ ऐसी थी कि विरोधी भी उनके अनुभव को नजरअंदाज नहीं कर पाते थे। उन्हें महत्वाकांक्षी कहा गया, कभी-कभी कठोर और रूखे स्वभाव का नेता भी बताया गया, लेकिन यह भी सच है कि सत्ता की वास्तविकता को वे भावनाओं से नहीं, निर्णयों से देखते थे। विवाद उनके राजनीतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे। सिंचाई घोटाले से लेकर बयानबाजी तक, कई मौके ऐसे आए जब उनकी छवि पर प्रश्नचिह्न लगे। ह्लअगर बांध में पानी नहीं है तो क्या पेशाब करके भरें?ह्व जैसे बयान ने उन्हें आलोचनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया। उन्होंने माफी भी मांगी, सफाई भी दी और समय के साथ उन विवादों से उबरते हुए फिर सत्ता के शीर्ष पर लौटे। यह उनकी राजनीतिक जिजीविषा का प्रमाण था कि आलोचना और आरोप उन्हें रोक नहीं पाए।

शरद पवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी हमेशा चर्चाएं रहीं। कभी मतभेद, कभी दूरी और कभी सियासी अलग राह की अटकलें। लेकिन अजित पवार स्वयं को हमेशा शरद पवार का अनुयायी बताते रहे। उन्हें मिला ह्लदादाह्व का संबोधन केवल पारिवारिक नहीं था, बल्कि वह एक राजनीतिक ब्रांड बन चुका था, जो उनके समर्थकों में भरोसे और नेतृत्व की भावना जगाता था। वे संगठनकर्ता भी थे और प्रशासक भी, रणनीतिकार भी और जमीनी नेता भी। उन्हें अपनी विविध आयामी भूमिकाओं से अपने को मिले ह्लदादाह्व के अलंकरण को सार्थक भी किया और जीवंतता भी दी। उनका असामयिक निधन एक क्रूर विडंबना है। जिस नेता ने दशकों तक सत्ता की उड़ान भरी, उसकी जीवन यात्रा एक विमान हादसे में थम गई। कहा जाता है कि दुर्घटना से कुछ समय पहले तक वे पूरी तरह सक्रिय थे, योजनाओं, बैठकों और राजनीतिक समीकरणों में व्यस्त। यह अचानक आई मृत्यु उस अनिश्चितता को रेखांकित करती है, जो सत्ता और जीवन दोनों के साथ जुड़ी है। अजित पवार का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल राजनेता, समाज निमार्ता, ग्राम-उद्धारक, सहकारी आन्दोलन पुरोधा, कुशल प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे राजनीतिक सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ एवं साहसिक व्यक्तित्व थे। बेशक अजित पवार अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने जुझारु राजनीति जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति एवं राष्ट्रवादी सोच के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे।

# धर्मेंद्र प्रधान जो सच स्वीकारना नहीं चाह रहे!

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) द्वारा अधिसूचित 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026' ने देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को गंभीर असमंजस में डाल दिया है। सरकार इसे समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा सुधार बता रही है, किंतु विश्वविद्यालय परिसरों में इसका असर इसके ठीक उलट दिखाई दे रहा है। वस्तुतः देश के अनेक हिस्सों में छात्र, शिक्षक और शैक्षणिक संगठन सड़कों पर उतर आए हैं। दिल्ली के जेएनयू और डीयू में कक्षाओं का बहिष्कार, मुंबई के आईआईटी बॉम्बे में धरना, भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन घेराव जैसे अनेक विरोध देशभर में जनवरी 2026 से तेज हो चुके हैं। अब तक लाखों छात्र सड़क पर आकर अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं, साफ समझ आ रहा है कि यह असंतोष 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026' नियमों की एकतरफा भाषा और संरचना का परिणाम है।

जब विरोध तेज हुआ और राजनीतिक दबाव बढ़ा, तब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मीडिया के सामने आए। 27 जनवरी को दिए बयान में उन्होंने कहा, किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव या उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। न तो यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन, न केंद्र या राज्य सरकार किसी कानून का दुरुपयोग होने देगी। पूरी व्यवस्था संविधान के दायरे में रहेगी। सुनने में यह बयान संतुलित लगता है, लेकिन समस्या यह है कि यह उस नियम से मेल नहीं खाता जिसे लेकर पूरा विवाद खड़ा हुआ है। मंत्री का आश्वासन कागजी है क्योंकि नियम 3(सी) सामान्य वर्ग को असुरक्षित छोड़ देता है।

### यूजीसी नियमः सतही समानता, गहरा पक्षपात

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए नियमों के तहत प्रत्येक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में समानता समिति और समानता दस्ता का गठन अनिवार्य है। 24७7 हेल्पलाइन और शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करना होगा। जाति आधारित भेदभाव पर त्वरित कार्रवाई, उल्लंघन पर संस्थान की मान्यता रद्द या अनुदान रोकने की सजा- ये प्रावधान कागजों पर प्रभावी लगते हैं। किंतु वास्तविक विवाद नियम 3(सी) से उत्पन्न होता है। इसमें जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग तक सीमित है।

यदि इन वर्गों का कोई छात्र सामान्य वर्ग के छात्र या शिक्षक पर आरोप लगाएगा तो शिकायत प्राइमा फेसी अपराध मानी जाएगी। 24 घंटे में जांच, तत्काल निलंबन संभव। लेकिन उल्टा होने पर सामान्य वर्ग का ब्राह्मण, क्षत्रीय, कायस्?थ, वैश्?य या अन्य छात्र जातिगत अपमान का शिकार होता है तो उसके लिए यहां कोई स्पष्ट संरक्षण प्रदान नहीं किया गया है।

तथ्य प्रमाणः यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन अधिसूचना (राजपत्र अधिसूचना 2026/एचई/12) के पृष्ठ 5 पर नियम 3(सी) स्पष्ट लिखा है- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रों के विरुद्ध भेदभाव में मौखिक अपमान, सामाजिक बहिष्कार शामिल...। सामान्य वर्ग का जिक्र शून्य। सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका (रिट याचिका (सिविल) 2026/45, अभिषेक सिंह बनाम यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) ने ठीक यही उद्धृत कर कहा कि यह अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) का उल्लंघन है। याचिका में मांग है कि परिभाषा सभी वर्गों के लिए हो।

इस व्यवस्था का सबसे खतरनाक परिणाम उच्च शिक्षा में 'आरोप की संस्कृति' को बढ़ावा मिलेगा। बिना ठोस प्रमाण सिर्फ शिकायत पर निलंबन। सामान्य वर्ग के लिए अपील तंत्र पूरी तरह कमजोर दिखता है या कहें, है ही नहीं तो कुछ गलत नहीं होगा। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो आंकड़े 2025 के अनुसार, परिसरों में जातिगत शिकायतों के मामलों में दुरुपयोग सिद्ध हुआ, जोकि सामान्य वर्ग के खिलाफ थे।

उदाहरण 1ः आईआईटी कानपुर (2024)- अनुसूचित जाति छात्र ने ब्राह्मण पीएचडी छात्र पर 'सवर्ण अहंकार' का आरोप लगाया। बिना जांच निलंबन कर दिया गया; न्यायालय ने बाद में बरी किया, किंतु जब तक उस छात्र के दो साल बर्बाद हो चुके थे, मानसिक प्रताड़ना, आर्थिक हानि के साथ पूरा परिवार दो वर्ष की न्याय की आस में न्यायालय, पुलिस प्रशासन और आईआईटी कानपुर के चक्कर लगाता रहा।

उदाहरण 2ः जेएनयू (2022)- अन्य पिछड़ा वर्ग छात्र की सामान्य वर्ग प्रोफेसर पर शिकायत पर विभागीय जांच हुई लेकिन उल्टा केस खारिज, प्रोफेसर साहब की कोई गलती नहीं पाई गई।

उदाहरण 3ः आईआईएम बैंगलोर (2023)- एससी छात्र ने जनरल कैटेगरी छात्र पर 'जातिवादी' होने का आरोप लगाया; ग्रुप प्रोजेक्ट से हटाया गया, बाद में कोर्ट में साबित हुआ कि लगाया गया आरोप झूठा है।

उदाहरण 4ः एआईआईएमएस दिल्ली (2024)- एसटी छात्र की सामान्य वर्ग इंटर्न पर 'भेदभाव' शिकायत; होस्टल से निकाला, जांच हुई तो सामान्य वर्ग का छोत्र निर्दोष सिद्ध हुआ।

उदाहरण 5ः बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (2025)- सामान्य वर्ग छात्र शिवम सोनकर को आरक्षण सीट न देने के नाम पर एससी संगठनों ने घेरा; दाखिला रुका। भोपाल एमएएनआईटी (2025)- एसटी छात्र ने जनरल छात्र को धमकाया, कोई कार्रवाई नहीं हुई। रोहिणी हत्याकांड (केरल विश्वविद्यालय, 2024) याद करें- सामान्य वर्ग लड़की को अनुसूचित जाति छात्रों ने जाति आधारित प्रताड़ना दी, लेकिन सुरक्षा अभाव में न्याय न मिला।

इस प्रकार के अनेक प्रकरण हैं, जिनमें जो पीड़ि?त पक्ष था, वही जांच या न्?यायालय से आरोपी सिद्ध हुआ, किंतु जब तक ये जांच चली सामान्?य वर्ग के छात्र को चहुंओर से सिर्फ अपमान ही सहना पड़ा है। जो शिकायत कर्ता था अथवा जो पीड़ि?त था, पता चला कि उसके एससी-एसटी होने के कारण से उसके जूठे पाए जाने के बाद भी उस पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। क्या ये न्याय का मजाक नहीं है?

संविधान का अनुच्छेद 14 सभी को कानून के समक्ष समानता देता है। अनुच्छेद 15(1) सभी नागरिकों के लिए जाति आधारित भेदभाव निषिद्ध करता है। सर्वोच्च न्यायालय के इंदिरा साहनी फैसले (1992) ने आरक्षण को 'सामाजिक न्याय' कहा, लेकिन 'रिवर्स भेदभाव' की मनाही की। यह नियम उसी का उल्लंघन है। अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित करता है। किंतु यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन इसे यहां तोड़ रहा है।

शिक्षा परिसर विचार-विमर्श का स्थान होना चाहिए, न कि डर का। यह नियम छात्रों को जातियों में बांटेगा। यह सामाजिक तनाव बढ़ाएगा। वास्तव में धर्मेंद्र प्रधान का बयान तब तक अधूरा है जब तक नियम 3(सी) में सभी वर्गों को शामिल न किया जाए। सरकार को अधिसूचना वापस लेनी चाहिए या तटस्थ जांच तंत्र जोड़ना चाहिए। जूठी शिकायत पाए जाने पर कठोर दंड का प्रावधान करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी तो है, लेकिन स्थगन आदेश लगे बिना दुरुपयोग रुकेगा नहीं, यह तय है, इस बात को तो स्वयं धर्मेंद्र प्रधान को भी समझना चाहिए।

वैसे धर्मेंद्र प्रधान की पृष्ठभूमि छात्र नेता की रही है, वे लम्बे समय तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कार्यरत रहे हैं, एक जिला इकाई से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर संगठन पदाधिकारी रहकर उन्होंने छात्रों की

# बजट 2026: ग्रीन एनर्जी को मिल सकती है नई उड़ान

**विवेक शुक्ला**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी 2026 को देश का आम बजट पेश करने वाली हैं। यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि देश तेजी से विकास कर रहा है और पर्यावरण की रक्षा भी जरूरी है। ग्रीन एनर्जी यानी साफ और नवीकरणीय ऊर्जा, जैसे सोलर, विंड और हाइड्रोजन, भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2030 तक 500 गीगावॉट नॉन-फॉसिल फ्यूल क्षमता हासिल करने और साल 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। इस बजट से ग्रीन एनर्जी क्षेत्र को कई उम्मीदें हैं, जो देश को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में मजबूत बनाएंगी।

सबसे पहले, ग्रीन एनर्जी क्षेत्र को उम्मीद है कि बजट में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। भारत में सोलर पैनल, विंड टरबाइन और बैटरी स्टोरेज जैसी चीजों का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं आ सकती हैं। अभी भारत इनमें से कई सामान आयात करता है, जो महंगा पड़ता है। भारत में ग्रीन एनर्जी सेक्टर के एक्सपर्ट और येमनोको लिमिटेड के प्रमुख शैलेन्द्र बेबोरठा ने बीते दिनों राजधानी में हुई इंटरनेशनल कांफ्रेंस के दौरान कहा था कि बजट में नई मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए 15 प्रतिशत की रियायती आयकर दर फिर से शुरू की जा सकती है। इससे लोकल उत्पादन बढ़ेगा और नौकरियां पैदा होंगी। साथ ही, टेक्नोलॉजी और उपकरण विकास पर फोकस होगा, ताकि भारत आत्मनिर्भर बने। उदाहरण के लिए, सोलर मॉड्यूल और सेल बनाने वाली फैक्टरियों को सब्सिडी या टैक्स छूट मिल सकती है। इससे ग्रीन एनर्जी सस्ती हो जाएगी और आम लोग इसे अपनाएंगे।

दूसरी बड़ी उम्मीद स्टोरेज टेक्नोलॉजी से जुड़ी है। सोलर और विंड एनर्जी दिन-रात उपलब्ध नहीं रहती इसलिए बैटरी स्टोरेज बहुत जरूरी है। बजट में पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज और बैटरी सिस्टम के लिए ज्यादा फंडिंग की उम्मीद है। देश के ग्रीन एनर्जी सेक्टर से जुड़े सब लोगों की चाहत है कि सरकार रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ज्यादा खर्च करे, जैसे टेक्नोलॉजी इनक्यूबेटर्स और यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री सहयोग। इससे नई तकनीकें विकसित होंगी और एनर्जी स्टोरेज सस्ता होगा। साथ ही, ग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए हाई-कैपेसिटी ट्रांसमिशन लाइन्स और सब स्टेशनों पर निवेश बढ़ सकता है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि बड़ी मात्रा में रिन्यूएबल एनर्जी को ग्रिड में जोड़ना पड़ता है, वरना बिजली बर्बाद हो जाती है।

ग्रीन हाइड्रोजन भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां बजट से बड़ी उम्मीदें हैं। ग्रीन हाइड्रोजन साफ पानी और रिन्यूएबल एनर्जी से बनता है और यह ट्रांसपोर्ट, इंडस्ट्री और पावर सेक्टर में इस्तेमाल हो सकता है। शैलेन्द्र बेबोरठा मानते हैं कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन मिशन चला रहा है, लेकिन इसे तेज करने के लिए बजट में ज्यादा आवंटन चाहिए। इंडस्ट्री चाहती है कि उत्पादन, स्टोरेज और ट्रांसपोर्टेशन के लिए सब्सिडी दी जाए। साथ ही, एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए टैक्स इंसेंटिव्स आ सकते हैं। इससे भारत दुनिया में ग्रीन हाइड्रोजन का बड़ा उत्पादक बन सकता है और विदेशी मुद्रा कमा सकता है।

रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देना भी एक बड़ी उम्मीद है। घरों और इमारतों पर सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल कम होता है और पर्यावरण का बचाव होता है। बजट में रूफटॉप सोलर के लिए ज्यादा सब्सिडी या आसान लोन स्कीम्स आ सकती हैं। साथ ही, छोटे और मध्यम उद्योगों को ग्रीन एनर्जी अपनाने के लिए टैक्स ब्रेक्स मिल सकते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोलर एनर्जी फैलेगी और किसानों को फायदा होगा, जैसे सोलर पंप और इरिगेशन सिस्टम।

बजट से क्लीन एनर्जी इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि एनर्जी सिक्योरिटी, अफोर्डेबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी पर फोकस। सरकार पिछले सालों में रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस कर रही है, लेकिन अब कैपेसिटी एडिशन से आगे बढ़कर स्टेबिलिटी और परफॉर्मेंस पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए ग्रिड रिफॉर्म्स जरूरी हैं, जैसे स्मार्ट ग्रिड और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम अपग्रेड। साथ ही, क्लीन एनर्जी फंड्स बढ़ाए जा सकते हैं, जो प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को आकर्षित करेंगे।

एक और महत्वपूर्ण उम्मीद है कि बजट में ग्रीन फाइनेंसिंग को बढ़ावा दिया जाए। बैंक और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस को ग्रीन प्रोजेक्ट्स के लिए सस्ते लोन देने के लिए इंसेंटिव्स मिल सकते हैं। साथ ही, कार्बन टैक्स या ग्रीन बॉन्ड्स जैसी स्कीम्स आ सकती हैं, जो फॉसिल फ्यूल्स से दूर जाने में मदद करेंगी। इससे विदेशी निवेश भी बढ़ेगा, क्योंकि दुनिया भर में ग्रीन इन्वेस्टमेंट ट्रेंड है। ग्रीन एनर्जी क्षेत्र को उम्मीद है कि बजट में लोकल मैन्युफैक्चरिंग और क्लीन फ्यूल्स पर ज्यादा जोर होगा। उदाहरण के लिए, बायोफ्यूल और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स से जुड़ी इंडस्ट्री को सपोर्ट। इससे प्रदूषण कम होगा और अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। साथ ही, आरएनडी पर ज्यादा बजट से नई इनोवेशंस आएंगी, जैसे एडवांस्ड सोलर सेल्स या विंड टरबाइन्स।

इन सब उम्मीदों से ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में तेजी आएगी लेकिन चुनौतियां भी हैं, जैसे महंगे इक्विपमेंट और ग्रिड कनेक्टिविटी। बजट अगर इन पर फोकस करे तो भारत रिन्यूएबल एनर्जी टारगेट को आसानी से हासिल कर सकता है। साथ ही, क्लाइमेट चेंज से लड़ने में भारत लीडर बनेगा।

बजट 2026 ग्रीन एनर्जी के लिए टर्निंग पॉइंट हो सकता है। अगर सरकार मैन्युफैक्चरिंग, स्टोरेज, हाइड्रोजन और ग्रिड पर निवेश करे तो देश स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। इससे नौकरियां बढ़ेंगी, अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और पर्यावरण बचेगा। सभी की नजरें अब 1 फरवरी पर टिकी हैं।

## दैनिक पंचांग

**29 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | कुंभ | 07.36 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मीन | 09.09 बजे से |
| मंगल | धनु में | मेष | 10.40 बजे से |
| बुध | धनु में | वृष | 12.20 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 14.18 बजे से |
| शुक्र | धनु में | कर्क | 16.31 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 18.47 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.59 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 23.10 बजे से |
| | | वृश्चिक | 01.25 ब.से |
| | | धनु | 03.41 बजे से |
| | | मकर | 05.46 बजे से |

**राहुकाल** 1.30 से 3.00 बजे तक

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 29 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 13.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 07.32 बजे तदनन्तर मृगशीर्ष 05.30 बजे प्रात: को समाप्त।
**योग** इन्द्र 20.28 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 13.56 बजे तदनन्तर बव 00.33 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 17° 59'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872604
**जूलियन दिन** 2461069.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान **तारीख** 09
**विशेष** जया एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक दिवसीय कृषि मेला का हुआ आयोजन

**धनबाद :** कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की ओर से धनबाद के मेमको मोड़ स्थित आठ लेन के पास मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार को एक दिवसीय कृषि मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ ट्रेडिशनल और आधुनिक खेती के तरीकों के प्रति जागरूक करना है। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे, जहां किसानों को उन्नत खेती, पशुपालन, मछली पालन और जैविक खेती से जुड़ी जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर डीडीसी सन्नी राज ने बताया कि धनबाद जिले में आयोजित इस कृषि मेले के माध्यम से किसानों को कृषि के नई तकनीकों से अवगत कराया गया ताकि, खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि जैविक खेती जिस तेजी से विलुप्त होती जा रही है, उसे फिर से बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है। वहीं मछली पालन से जुड़े किसान राजू मालाकार ने बताया कि मेले में मछली पालन के आधुनिक तरीकों की जानकारी साझा की गई। उन्होंने कहा कि धनबाद में मछली पालन करने वाले किसान अपने-अपने अनुभव से इस कार्य में जुड़े हुए हैं। वे स्वयं पिछले 20 वर्षों से मछली पालन से जुड़े हैं, जबकि कई अन्य किसान पिछले 15 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

### बिजली विभाग की छापामारी में कई लोगों से वसूला गया जुर्माना

**खूंटी :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) मुख्यालय के निर्देश पर 27 और 28 जनवरी को जिले में बिजली चोरी के खिलाफ दो दिवसीय सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक विद्युत अभियंता (तोरपा) आनंद कच्छप, सहायक विद्युत अभियंता (खूंटी) शैलेश कश्यप तथा कनीय अभियंता (खूंटी/तोरपा) अमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान तोरपा, खूंटी और कर्रा प्रखंडों के विभागीय कर्मी भी अभियान में शामिल थे। जिले के विद्युत कार्यपालक अभियंता जेम्स कुजूर ने बताया कि बिजली चोरी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए यह अभियान प्रत्येक सप्ताह दो दिन जिले के अलग-अलग प्रखंडों में निरंतर चलाया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि बिजली चोरी दंडनीय अपराध है। विद्युत अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर जुमार्ने के साथ एक वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। अभियान के दौरान लोवागाड़ा (लोधमा) और खूंटी (मरांगहादा) क्षेत्र में बिजली चोरी के मामलों का पता चला, जिन पर जुर्माना लगाया गया।

### बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी फरार

**पूर्वी सिंहभूम :** बिरसानगर थाना क्षेत्र में एक स्कूल वैन के चालक पर 5 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगा है। आरोपित की पहचान मन्नू उर्फ मनोज कुमार (45)के रूप में हुई है। वह टेल्को कॉलोनी के राधिका नगर का रहनेवाला है। घटना के बाद वह फरार हो गया है। परिजनों के अनुसार आरोपित रोजाना बच्ची को स्कूल ले जाता और लाता था। मंगलवार दोपहर को स्कूल वैन में ही उसने घटना को अंजाम दिया। शाम को घर लौटी बच्ची की हालत देखकर परिजन स्तब्ध रह गए। पूछताछ पर बच्ची ने अपनी आपबीती सुनाई, जिसे सुनते ही परिवार में आक्रोश फैल गया। उन्होंने देर रात बिरसानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। आरोपित लंबे समय से बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने का काम करता था । मामले की जानकारी मिलते ही बिरसानगर थाना पुलिस हरकत में आ गई। पीड़िता को फौरन सदर अस्पताल भेजा गया, जहां मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# रामगढ़ पुलिस की बड़ी सफलता, 89 लाख की साइबर ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पंजाबी मुहल्ला निवासी आशीष सिंह, पिता नवीन सिंह को वागले स्टेट पुलिस ठाणे सिटी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आशीष सिंह पर 89 लाख रुपये की साइबर ठगी का आरोप है। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर महेश चौहान ने बताया कि उनके क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला दर्ज है, जिसमें आशीष सिंह की संलिप्तता पाई गई है। पुलिस के अनुसार, आशीष सिंह के बैंक खाते में ठगी की राशि में से कुछ रकम ट्रांसफर की गई थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसके खाते में आई रकम में से करीब 15 लाख रुपये बैंक के माध्यम से होल्ड करा दिए हैं। जबकि शेष राशि को इधर-उधर ट्रांसफर कर दिया गया था। इस पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और यदि अन्य लोगों की संलिप्तता पाई जाती है तो उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। पंजाबी मुहल्ला से गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र पुलिस द्वारा रामगढ़ थाने में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि रामगढ़ शहर और पूरे जिले में साइबर ठगों तथा सट्टा कारोबार से जुड़े गिरोहों की सक्रियता पहले भी सामने आती रही है। कई मामलों में रामगढ़ के साइबर अपराधियों के नाम उजागर हो चुके हैं। इस गिरफ्तारी से रामगढ़ पुलिस को साइबर ठगी के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अब इस मामले में और भी लोगों की गिरफ्तारी की तैयारी में है। आशीष सिंह की गिरफ्तारी से साइबर ठगी के खिलाफ लड़ाई में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। साइबर ठगी के इस मामले में पुलिस की जांच जारी है और जल्द ही और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है। रामगढ़ पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों में साइबर ठगी के खिलाफ जागरूकता बढ़ रही है और लोग अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक हो रहे हैं। इस मामले में पुलिस की टीम ने बताया कि साइबर ठगी के खिलाफ लड़ाई में पुलिस की टीम पूरी तरह से तैयार है और लोगों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। आशीष सिंह की गिरफ्तारी इस लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है और पुलिस की टीम आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रखेगी। रामगढ़ पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों में खुशी की लाहौल है और लोग पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं। आशीष सिंह की गिरफ्तारी से साइबर ठगी के खिलाफ लड़ाई में एक नया मोड़ आया है और पुलिस की टीम आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रखेगी।

## अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाएं अधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी ली और और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली और कहा कि कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने और अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों और एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने और अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारी और सभी थाना प्रभारी को अवैध बालू परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने हेतु कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और इसमें किसी भी तरह की लानत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीएवी कोडरमा में मनाई गई लाला लाजपत राय जी की जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया कोडरमा में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। राष्ट्रप्रेम और अदम्य साहस के प्रतीक, लाला लाजपत राय की जयंती दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल में देशभक्ति की लहर देखने को मिली। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह एवं सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने लाला लाजपत राय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर नंदनी, जाइना परवीन, सोनाक्षी कुमारी और सामिया शर्मा ने शानदार नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र आरुष राज ने लाला लाजपत राय के वेश में उनके ओजस्वी व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारा। भाषण और कविता के माध्यम से सभ्यता, ज्योति और खुशी तिवारी ने लाला लाजपत राय के विचारों को साझा किया। लक्ष्मी कुमारी ने क्विज के जरिए बच्चों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाया। अनुष्का गुप्ता और आराध्या कश्यप ने मंच का कुशल संचालन किया। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लाला लाजपत राय का साहस और त्याग हर युवा के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आगे उन्होंने छात्रों से देश के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया और कहा कि लाला लाजपत राय केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उनका साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण हर भारतीय के लिए अनुकरणीय है। युवाओं को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रोबिन देव प्रसाद वर्मा वीणा कुमारी, शिल्पी गुप्ता और मिथिलेश कुमारी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा ।

## कड़ी सुरक्षा के बीच से 29 धनबाद समाहरणालय भवन में शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** राज्य चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव की घोषणा कर दी है। अब पूरे राज्य में मात्र एक चरण में 23 फरवरी को मतदान होंगे। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया 29 जनवरी से 04 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक होगी। नामांकन प्रक्रिया को लेकर धनबाद जिला प्रशासन ने भी तैयारी पूरी कर ली है। इस बार मेयर पद वार्ड पार्षद एवं चिरकुण्डा नगर परिषद अध्यक्ष तथा वार्ड सदस्य पद के लिए नामांकन समाहरणालय भवन में ही होगा। इसके लिए अलग अलग कमरों का चयन कर लिया गया है। एक कमरे में पांच पांच वार्ड के लिए पर्चे भरे जायेंगे। चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए समाहरणालय के फर्स्ट फ्लोर में नामांकन पत्र दाखिल किया जायेगा। वहीं वार्ड संख्या 1 से 5 के लिए ग्राउंड फ्लोर का कमरा नंबर 01, वार्ड संख्या 6 से 10 के ग्राउंड फ्लोर के कमरा नंबर 02, वार्ड 11 से 15 के लिए फर्स्ट फ्लोर पर कमरा नंबर 08 तथा वार्ड संख्या 16 से 21 के लिए ग्राउंड फ्लोर पर कमरा नंबर 04 नामांकन के लिए चिह्नित किया गया है। इस संबंध में डीडीसी सन्नी राज ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। परिसर के पास भीड़भाड़ प्रतिबंधित होगी, और केवल उम्मीदवार के साथ अधिकतम पांच व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी, साथ ही पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी सुनिश्चित की जाएगी।

## 1008 रुद्र महायज्ञ की तिथि में बढ़ोतरी होली के बाद होगा भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** कैथा स्थित महादेव मंडा मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले 1008 रुद्र महायज्ञ की तिथि में सर्वसम्मति से बढ़ोतरी की गई है। यह निर्णय मंदिर कमेटी की एक आवश्यक बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने की। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अत्यधिक ठंड और हाल के दिनों में बड़ी संख्या में बुजुर्गों के निधन के कारण लोग विधिवत पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित नहीं हो पा रहे थे। साथ ही गांव में शोक का वातावरण बना हुआ था। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि होली पर्व के बाद महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि अब यह महायज्ञ 26 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा, जबकि भूमि पूजन 15 अप्रैल 2026 को संपन्न किया जाएगा। यह महायज्ञ बनारस से पधारे आचार्यों और विद्वानों द्वारा वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। साथ ही महायज्ञ के दौरान भव्य मेले का भी आयोजन किया जाएगा। कमेटी के कोषाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि होली के पश्चात गांव का वातावरण पूर्ण रूप से उत्साहपूर्ण होगा और सभी ग्रामीण एकजुट होकर अप्रैल माह में इस महायज्ञ को भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि महायज्ञ की अन्य सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर ली गई हैं, केवल गांव में शोक की स्थिति को देखते हुए तिथि में परिवर्तन किया गया है। बैठक में मंदिर कमेटी के संरक्षक मुकेश महतो, सुदर्शन महतो, सचिन महतो, राधा महतो, सह-कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल महतो, पानेश्वर महतो, बालमुखी महतो, बलदेव महतो, कुलदीप महतो, सत्येंद्र महतो, कैलाश महतो सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारीगण, बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और ग्रामीण उपस्थित थे।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में इटखोरी में स्वर्ण समाज की बैठक, मोदी और अमित शाह का किया पुतला दहन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इटखोरी :** इटखोरी कृषि फार्म परिसर में बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एक्ट के विरोध में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्याम प्रसाद सिंह ने की। इसमें बड़ी संख्या में स्वर्ण समाज के लोग उपस्थित हुए। बैठक में स्वर्ण समाज के बुद्धिजीवियों ने कहा कि पहले से ही देश में स्वर्ण समाज के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट और आरक्षण जैसे कानून लागू हैं। अब केंद्र में बैठी भाजपा सरकार यूजीसी कानून के माध्यम से बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेलने जा रही है। सरकार के इस फैसले का विरोध देशभर के सभी स्वर्ण जाति के लोगों को करना चाहिए। श्याम प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वर्ण समाज देश में कम नहीं, बल्कि एक मजबूत और प्रभावशाली वर्ग है, इसी कारण हमारे ऊपर लगातार कानून बनाए जा रहे हैं। जिस तरह स्वर्ण समाज ने सदियों से धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा की है, उसी तरह अब अपने अधिकार, अपने बच्चों के भविष्य और अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए भी हमें एकजुट होकर अपनी ताकत दिखानी होगी। यह समय चुप रहने का नहीं, बल्कि संगठित होकर आगे आने का है। गुडन सिंह केंद्र सरकार को ऐसे स्वर्ण विरोधी कानूनों को वापस लेना होगा। जब तक यूजीसी और एससी-एसटी कानूनों में न्यायपूर्ण संशोधन नहीं होता, तब तक ऐसे अवसरवादी नेतृत्व और राजनीति का विरोध जरूरी है। विकास सिंह ने कहा कि अपने समाज, अपने बच्चों और अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए स्वर्ण समाज को एकजुट होना होगा। यह लड़ाई अधिकार, भविष्य और आत्मसम्मान की है। टुन्नी सिंह ने कहा कि जब तक यूजीसी एक्ट को वापस नहीं लिया जाता, तब तक विरोध जारी रहेगा। सुधीर सिंह ने भाजपा के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि कानून वापस नहीं होने की स्थिति में पार्टी को वोट नहीं दिया जाएगा। बैठक के बाद स्वर्ण समाज के लोगों ने इटखोरी बाजार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया।

## संक्षिप्त खबरें

### भदानीनगर पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तिहार



**भुरकुंडा :** भदानीनगर पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत एक फरार वारंटी के घर और चौक-चौराहे पर इश्तिहार चिपकाए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि 28 जनवरी 2026 को पतरातू भदानीनगर थाना कांड संख्या 186/2009 धारा 392/120 बी भा0द0वि0 के अभियुक्त अब्दुल अंसारी पिता इस्लाम अंसारी, दूरगी थाना पतरातू बरकाकाना निवासी, कई सालों से फरार चल रहा है। न्यायालय रामगढ़ द्वारा निर्गत इश्तिहार को इनके घर पर चिपका कर विधिवत तमिला किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार वारंटी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं। इस अभियान के तहत पुलिस ने वारंटी के घर और आसपास के इलाकों में इश्तिहार चिपकाए हैं, जिसमें लोगों से अपील की गई है कि अगर उन्हें वारंटी के बारे में कोई जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार वारंटी के जल्द से जल्द गिरफ्तार होने की उम्मीद है। भदानीनगर पुलिस की इस कार्रवाई को इलाके के लोगों ने सराहा है और पुलिस से अपील की है कि वे ऐसे फरार वारंटियों के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई करें।

### नमामि गंगे योजना के तहत विद्यालयों में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिताएं आयोजित




**रामगढ़ :** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नमामि गंगे योजना के अंतर्गत जिले के 30 विद्यालयों में स्वच्छता तथा जल एवं नदी संरक्षण के उद्देश्य से निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नदियों और जलस्रोतों के संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के लिए आयोजित किया गया था। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने स्वच्छ भारत, स्वच्छ नदी, जल संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रों ने अपने निबंधों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को विस्तार से बताया और लोगों को इन विषयों पर जागरूक करने का आग्रह किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने रचनात्मक ढंग से स्वच्छता और नदी संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया। छात्रों ने अपने चित्रों में नदियों की स्वच्छता, जल संरक्षण के तरीके, और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दशार्या। इन चित्रों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इन गतिविधियों का युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई और उन्होंने दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने व जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने युवाओं को स्वैच्छिक सहभागिता, सामुदायिक जागरूकता तथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में न केवल स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन आगे भी किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। प्रतियोगिताओं के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए और उन्हें स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### विदाई सह सम्मान समारोह में शामिल हुए कुमार उज्जवल



**इटखोरी :** बुधवार को इटखोरी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कोनी में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार उज्जवल दास। विधायक ने इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया। लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करें और शिक्षा को जीवन में सफलता का मजबूत आधार बनाएं। विद्यालय के शिक्षकगण विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके मार्गदर्शन से ही छात्र-छात्राएं आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत और उज्ज्वल भविष्य की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सरस्वती की सवारी, मधू मास मैला की झांकी, सलगो गांव में भव्य आयोजन

**पतरातु :** बासल थाना क्षेत्र के सलगो गांव में सरस्वती पूजा के अवसर पर मधू मास मैला का भव्य आयोजन किया गया, जिसने गांव के लोगों को एक साथ लाकर एकता और समरसता का भाव पैदा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बड़कागांव के रोशन लाल चौधरी उपस्थित रहे। मेला का उद्घाटन विधायक ने फीता काटकर किया। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकार कयुम अब्बास, कुमार सतीश, ललिता रानी, खुशी साहू, डांसर दिव्या सरगम और काजल ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विधानसभा की विशिष्ट अतिथि रीता देवी, उपाध्यक्ष जिला परिषद, रामगढ़; कौशल्या देवी, प्रमुख प्रखंड पतरातु; सोनामती देवी, मुखिया बीचा पंचायत; समाजसेवी श्रृशलाल बेदिया, बालेश्वर महतो, शिवलाल महतो, सुकर उरांव, चंदेश्वर महतो, कृष्ण कुमार चौधरी, संदीप कुमार, सुनील उरांव, गौरी मुंडा, महावीर उरांव, प्रदीप करमाली, संजय उरांव, आर्यण टोप्पो, सुरेंद्र उरांव, भोला उरांव, राजेश कुमार महतो, पंकज महतो और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मेला संचालन राजेश कुमार महतो और दिलीप बेदिया ने किया, जबकि मेला संरक्षक फुलेश्वर महतो और नरेश महतो थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मधू मास मैला का आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। इस भव्य आयोजन के लिए सलगो गांव के लोगों ने कड़ी मेहनत की थी, जिससे यह मेला सफल हो सका। मधू मास मैला के आयोजन से गांव के लोगों में एकता और समरसता का भाव पैदा हुआ और लोगों ने एक दूसरे के साथ मिलकर इस अवसर को मनाया।

## एक नजर

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट ने एक सदस्य को 6 वर्षों के लिए किया निलंबित

**साहिबगंज:** संगठन विरोधी गतिविधि का आरोप लगाते हुए साहिबगंज जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट ने अपने एक सदस्य को निलंबित कर दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, सचिव कृष्णा प्रसाद भगत व संयुक्त सचिव महेश अग्रवाल ने संगठन के पत्रांक 04/26 में बताया कि झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पत्रांक जीएस 341/26 के आदेशानुसार बरहरवा के सुमन कुमार को संगठन के कार्य में बाधा डालने व संगठन के विरुद्ध कार्य करने पर 6 वर्षों के लिए एसोसिएशन की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है।

### वीर कुंवर सिंह चौक पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती, 7 वाहनों का कटा चालान, 1 जब्त

**देवघर:** देवघर नगर निगम की ओर से शहर केवीर कुंवर सिंह चौक क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान चौक व वीर कुंवर सिंह प्रतिमा स्थल के आसपास किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से अनियंत्रित ढंग से खड़े दोपहिया वाहनों को हटा दिया गया, जिससे सड़क पर यातायात सुगम हो गया। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले सात वाहनों का चालान काटा। जबकि एक वाहन को जब्त कर लिया गया। वाहनों से 7,700 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। नगर निगम की टीम ने चेतावनी दी है कि चौक व आसपास के क्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण होने पर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर प्रबंधक प्रतिदिन चौक का निरीक्षण करेंगे।

### अवैध शराब अड्डा ध्वस्त, 1063 लीटर नकली शराब जब्त

**देवघर :** देवघर जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए उत्पाद विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर विभाग की टीम ने जिले के सोनारायठाड़ी थाना क्षेत्र के तिलोना गांव में छापामारी कर अवैध शराब बनाने के बड़े अड्डे का भंडाफोड़ किया। टीम ने वहां से करीब 1063 लीटर तैयार नकली शराब व शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री बरामद की है। शराब अड्डे को ध्वस्त कर दिया गया। विभाग ने गांव के मंटू यादव, पिता सकलदेव यादव, समेत अन्य के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। अड्डे से विभिन्न ब्रांडों के लेबल, बोतलों के ढक्कन, शराब की खाली बोतलें, कागज के कार्टन, 500 लीटर की पानी की टंकी और एक बड़ा स्टील का जार बरामद किया गया है।

### बहरागोड़ा में पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

**बहरागोड़ा:** जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को पुख्ता करने के उद्देश्य से बुधवार को बहरागोड़ा थाना पुलिस ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों पर 'एंटी क्राइम' चेकिंग अभियान चलाकर गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच की। साथ ही पुलिस ने जांच के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर भी शिकंजा कसा। अभियान के दौरान कई ऐसे चालक पकड़े गए, जो बिना हेलमेट और वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे थे। पुलिस ने उदारता दिखाते हुए सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दोबारा नियम तोड़ने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

# वीर परिवार सहायता योजना के तहत सैनिकों व उनके परिजनों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिले भर में वीर परिवार सहायता योजना-2025 के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों, कार्यरत सैनिकों तथा उनके परिजनों के लिए व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा भूतपूर्व एवं कार्यरत सैनिकों तथा उनके परिजनों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों/कार्यरत सैनिकों के परिजनों को उनके विधिक अधिकारों, केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। सचिव भगत ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य भूतपूर्व एवं कार्यरत सैनिकों तथा उनके परिवारों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध सहायता से उन्हें जोड़ना है। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सलाह, वकील की सुविधा, लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भूतपूर्व एवं कार्यरत सैनिकों के साथ संवाद के साथ-साथ पंचायत स्तर पर भी सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले सैनिकों एवं उनके परिजनों तक विधिक सेवाओं की जानकारी पहुँचाई जा सके। इस अभियान का उद्देश्य न्याय तक आसान पहुँच सुनिश्चित करना, उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति सजग बनाना तथा जरूरतमंद लोगों को समय पर विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष डी. कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, कार्यरत सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। सभी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रमों से न केवल सैनिक परिवारों, बल्कि आम नागरिकों को भी अपने अधिकारों एवं सरकारी सुविधाओं की सही जानकारी मिलती है।



## सेरसा स्टेडियम में 29वें ऑल इंडिया स्टील एक्सप्रेस फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चक्रधरपुर :** जिले के चक्रधरपुर स्थित रेलवे के सेरसा स्टेडियम में 29वां ऑल इंडिया स्टील एक्सप्रेस फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का आगाज बुधवार को हुआ। इस मौके पर अतिथि के रूप में खरसावां विधायक दशरथ गागराई, मनोहरपुर विधायक जगत माझी, डीआरएम तरुण हुरिया शामिल हुए। अतिथियों ने झंडा फहराकर व दीप प्रज्वलित कर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। वहीं, प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर पश्चिमी सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जबकि स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अतिथियों ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और रेलवे की ओर से किए जा रहे टूर्नामेंट की सराहना की। डीआरएम तरुण हुरिया ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है। इससे निराश न होकर खिलाड़ी बेहतर खेलने का प्रयास करें। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों बाद इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। रेल कर्मी व स्थानीय लोग तालियां बजाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाए. बता दें, उद्घाटन मैच टाटा मोटर्स टाटा और सेरसा खड़गपुर के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव, रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी, सीनियर डीएफएम सह स्पोर्ट्स ऑफिसर हेमंत मधुर के अलावा सर्वो से जुड़ी महिलाएं, रेलवे के विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्काउट एंड गाइड्स समेत शहर के फुटबॉल प्रेमी मौजूद थे।

## नगरपालिका चुनाव को लेकर पश्चिमी सिंहभूम में जारी हुई अधिसूचना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले में नगरपालिका चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को झारखंड नगरपालिका निर्वाचन नियमावली-2012 के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार ने नगरपालिका चुनाव से संबंधित विस्तृत निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी। इसके साथ ही जिले के शहरी स्थानीय निकायों में अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों के चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार अनुसूची में वर्णित शहरी स्थानीय निकायों के लिए निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि चक्रधरपुर और चाईबासा नगरपालिका क्षेत्रों में अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों के निर्वाचन का संचालन नामित पदाधिकारी की ओर से किया जाएगा, जो संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने, उनकी जांच करने और नाम वापस लेने से संबंधित स्थान, तिथि और समय भी निर्धारित कर दिए गए हैं। उम्मीदवार निर्धारित समय-सीमा के भीतर तय स्थान पर अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद वैध उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी और इसके पश्चात प्रत्याशियों को नाम वापस लेने का अवसर दिया जाएगा। अधिसूचना में मतदान की तिथि और समय, मतों की गणना की तिथि और समय के साथ-साथ मतगणना स्थल का भी उल्लेख किया गया है। प्रशासन का कहना है कि मतदान और मतगणना की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाएगी, जिसके लिए जरूरी सभी तैयारियां की जा रही हैं।



## मालदा मंडल के अंतर्गत बरहरवा के विद्यालयों में रेलवन ऐप डिजिटल जागरूकता अभियान आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** डिजिटल इंडिया मिशन की परिकल्पना के अनुरूप, पूर्व रेलवे का मालदा मंडल डिजिटल साक्षरता को सुदृढ़ करने एवं प्रौद्योगिकी आधारित यात्री सेवाओं के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में आज मनीष कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा के मार्गदर्शन में होली फैमिली स्कूल, बरहरवा में रेलवन ऐप डिजिटल जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्तिक सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही तथा विद्यालयों के शिक्षक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर वाणिज्य निरीक्षकों एवं टिकट जांच कर्मियों द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय रेल के एकीकृत "ऑल-इन-वन" डिजिटल प्लेटफॉर्म रेलवन ऐप की विशेषताओं, लाभों एवं उपयोग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को ऐप डाउनलोड करने, पंजीकरण तथा उपलब्ध सेवाओं के चरणबद्ध उपयोग की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सत्र का मुख्य उद्देश्य डिजिटल टिकटिंग, कैशलेस लेन-देन, समय-संरक्षण करने वाली यात्रा सुविधाओं तथा पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा। डिजिटल जागरूकता अभियान के दौरान रेलवन ऐप की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया एक ही प्लेटफॉर्म से आरक्षित एवं अनारक्षित टिकटों की बुकिंग, लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, पीएनआर स्थिति एवं कोच पोजीशन की जानकारी, प्लेटफॉर्म टिकट की डिजिटल सुविधा, डिजिटल भुगतान के माध्यम से अनारक्षित टिकटों पर 3% की छूट, आर-वॉलेट रिचार्ज पर 3% बोनस, रेल मदद, रिफंड आवेदन तथा यात्रा फीडबैक जैसी आवश्यक सुविधाएँ, विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं प्रभावी डिजिटल व्यवहार अपनाते हुए जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री अस्पताल प्रबंधन एवं अनुरक्षण योजना, आयुष्मान भारत योजना, 15वां वित्त आयोग, पीएम-एबीएचआईएम तथा बीपीएचयू से संबंधित बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिले के सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।



# राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका चुनाव 2026 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की संयुक्त प्रेस वार्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका चुनाव 2026 की घोषणा के उपरांत समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान नगर परिषद पाकुड़ के अंतर्गत होने वाले नगरपालिका चुनाव 2026 से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण जानकारियां प्रेस प्रतिनिधियों के साथ साझा की गईं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 27.01.2026 को नगरपालिका चुनाव-2026 की अधिसूचना जारी की गई है। इसके आलोक में 28.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रपत्र-5 में निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन किया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अवधि : 29 जनवरी 2026 से 04 फरवरी 2026 तक नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षाः 05 फरवरी 2026 नाम वापसी की तिथि:06 फरवरी 2026 निर्वाचन प्रतीक आवंटन : 07 फरवरी 2026 मतदान की तिथिः 23 फरवरी 2026 मतगणना की तिथिः 27 फरवरी 2026

नगर परिषद पाकुड़ : संक्षिप्त विवरण कुल वार्ड : 21 कुल मतदान केन्द्रः 42 एक मतदान केन्द्र वाले भवन :14 दो मतदान केन्द्र वाले भवन : 14 कुल मतदान भवनः28 मतदाता विवरणः अहर्ता तिथि 01 अगस्त 2024 के आधार पर अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार–कुल मतदाता : 37,033, पुरुषः18,356, महिला :18,677, तृतीय लिंगः0 चुनाव संचालन हेतु 16 कोषांगों का गठनः नगरपालिका चुनाव-2026 के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु कुल 16 कोषांगों का गठन किया गया है, जिनमें नाम निर्देशन सह निवार्ची पदाधिकारी कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था सह आदर्श आचार संहिता कोषांग, मीडिया कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण, सूचना तकनीकी एवं नियंत्रण कक्ष, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत, ब्रजगह कोषांग, स्वीप कोषांग सहित अन्य कोषांग शामिल हैं।

निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी (वार्डवार) अध्यक्ष पद हेतः निवार्ची पदाधिकारीः जेम्स सुरीन, अपर समाहर्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारीः कुमार अरविन्द बेदिया, अंचलाधिकारी, पाकुड़ गोपाल कृष्ण कुंवर, कार्यपालक दंडाधिकारी, पाकुड़।




## संक्षिप्त खबरें

### रामसर साइट उधवा पक्षी आश्रयणी में एशियन वॉटरबर्ड सेंसस संपन्न



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य के एकमात्र रामसर साइट उधवा पक्षी आश्रयणी में वन प्रमंडल के तत्वाधान में 27 एवं 28 जनवरी 2026 को एशियन वॉटरबर्ड सेंसस अंतर्गत पक्षी सर्वेक्षण सफलतापूर्वक किया गया। सर्वे में एडब्ल्यूसी समन्वयक सत्य प्रकाश, मंदार नेचर क्लब के संस्थापक अरविंद मिश्रा, पक्षी विशेषज्ञ आरुष कुमार, पक्षी पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार, वनरक्षी अखिलेश मरांडी व अन्य वनकर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही। एशियन वॉटरबर्ड सेंसस एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का वार्षिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य आर्द्रभूमि क्षेत्रों में पाए जाने वाले जलपक्षियों की स्थिति एवं आवास गुणवत्ता का गणना करना है। इस सेंसस से प्राप्त जानकारी का उपयोग जैव-विविधता संरक्षण, निगरानी और आवास प्रबंधन योजनाओं को सुदृढ़ करने के लिए किया जाता है। सर्वेक्षण में उधवा पक्षी आश्रयणी में विभिन्न प्रवासी और स्थायी पक्षी प्रजातियों की उपस्थिति दर्ज की गई। प्रमुख प्रवासी प्रजातियों में नॉर्दर्न पिंटेल, गगेर्नी, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, यूरेशियन कूट, ब्लैक-हेडेड गल और ब्लैक-टेल्ड गॉडविट शामिल हैं। वहीं स्थायी रूप से पाए जाने वाले प्रमुख पक्षियों में फुलवस व्हिसलिंग डक, एशियन ओपनबिल, ओपनबिल स्टॉर्क, ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क, पर्पल हेरॉन, ग्रे हेरॉन, विभिन्न एग्रेट प्रजातियाँ, व्हाइट-ब्रेस्टेड वाटरहैन और किंगफिशर की कई प्रजातियां उल्लेखनीय रही हैं। विशेष रूप से फुलवस व्हिसलिंग डक की उपस्थिति इस वर्ष अपेक्षाकृत अधिक देखी गई, जो आश्रयणी के अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र और प्रभावी संरक्षण प्रबंधन का सकारात्मक संकेत है। विशेषज्ञों के अनुसार, रामसर साइट का दर्जा प्राप्त होने के बाद उधवा पक्षी आश्रयणी में संरक्षण, निगरानी और आवास प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके परिणामस्वरूप यह क्षेत्र जलपक्षियों के लिए एक सुरक्षित, स्थायी और अंतरराष्ट्रीय महत्व का प्रमुख आवास स्थल बन चुका है।

### सीनियर जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 7 विकेट से जीता मैच



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत बुधवार को राजमहल सीनियर बी बनाम द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। राजमहल सीनियर बी ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 24 .4 ओवर में 143 रन बना कर आउट हो गई। फैज आलम ने 13, मिस्बाहुल ने 17, मनीष व इफ्तेखार ने 13-13, चंदन ने 15 व हलीम शेख ने 22 रन की पारी खेली। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के गेंदबाज रवि कुमार ने 2 व अनिकेत आनंद ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब की टीम 13 .3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 144 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत लिया। आशीष रंजन ने 24, अनिकेत आनंद 49, मिस्टर एनर्जी ने 17, आदित्य ज्ञान ने 14 व रवि कुमार ने 36 रन बनाए। राजमहल सीनियर बी के गेंदबाज आसिफ अली ने 2 विकेट लिए। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी अनिकेत आनंद को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ तुफैल ने अनिकेत आनंद को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व हयातुल्लाह ने किया। जबकि स्कोरिंग अनाउल्लाह अंसारी ने किया। मौके पर टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम सहित अन्य मौजूद थे।

### छात्र-छात्राएं ईमानदार और कर्मठ बनिए शिक्षा जीवन का दीपक है, उसे प्रज्वलित करिए : विधायक



**साहिबगंज:** संत जेवियर्स स्कूल साहिबगंज में आयोजित वार्षिक खेलकूद समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संत जेवियर स्कूल में 10वीं एवं 12वीं के टॉप करने वाले बच्चे बच्चियों के बीच निजी स्तर से उच्च शिक्षा में मदद हेतु एजुकेशन किट उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक निर्माण का प्रतीक है हम सभी के जीवन में शिक्षक का बहुत महत्व है शिक्षक का मान सम्मान सदैव बनाए रखना चाहिए आप अच्छे शिक्षक के बिना एक अच्छे समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं। इतिहास गवाह है कि भारत के शिक्षकों ने भारत को एक नई दिशा दी है। उन्होंने संत जेवियर विद्यालय प्रबंधन से कहा कि जिले के शैक्षणिक सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन में इस विद्यालय की अहम भूमिका है। विद्यालय बड़े स्तर पर कुछ स्तरीय शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग एवं बीएड कॉलेज की भी व्यवस्था करें मैं उनके साथ हूं। उन्होंने बच्चों से अपील की कि आप ईमानदार और कर्मठ बनिए शिक्षा जीवन का दीपक है उसे प्रज्वलित करिए। फादर अरूल डॉस ने मुख्य अतिथि विधायक को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया।

### एक्सएलआरआइ की टीम ने कई विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

**पूर्वी सिंहभूम:** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के 'मन पोटेंशियल सेंटर सामर्थ्य ने बुधवार को दिशा 202' के 13 वें संस्करण का आयोजन किया। आयोजन को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के लिए कुल 680 से अधिक पंजीकरण हुए थे, जबकि 550 से ज्यादा विद्यार्थी और उनके अभिभावक प्रत्यक्ष रूप से मेले में शामिल हुए। इस अवसर पर जमशेदपुर और आसपास के क्षेत्रों के 40 से अधिक स्कूलों की सहभागिता रही। चिन्मया विद्यालय, डीएवी, लोयोला स्कूल, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, काशीडीह हाई स्कूल, डीबीएमएस सहित कई प्रमुख स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। दिशा 2026 में 35 से अधिक करियर गाइडेंस स्टॉल लगाए गए थे, जहां विद्यार्थियों को मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, सशस्त्र बल, डेटा एनालिटिक्स, सोशल साइंसेज, क्रिएटिव आर्ट्स, खेल और सिविल सर्विसेज जैसे विविध करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# यूजीसी बिल 2026, पटना में आंदोलन का ऐलान

## राजद तेजप्रताप का खुला समर्थन, भाजपा-दलित नेताओं की चुप्पी; बिहार सरकार ने दिए पुनर्विचार के संकेत

**पटना।** UGC बिल 2026 को लेकर देशभर प्रदर्शन हो रहा है। राजधानी पटना में भी आज इस मुद्दे पर आंदोलन का ऐलान किया गया है। दोपहर 1 बजे दिनकर गोलंबर पर ऑल बिहार स्टूडेंट यूनियन और स्वर्ण समाज एकता मंच के बैनर तले प्रदर्शन किया जाएगा। बिहार में भी इस कानून को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। राजद और तेज प्रताप यादव ने खुलकर वक्फ बिल का समर्थन किया है। वहीं, भाजपा और उसके सहयोगी दलों की चुप्पी पर विपक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। राजद का समर्थन, आरक्षित वर्गों के लिए सुरक्षा कवच बताया राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने यूजीसी कानून 2026 का खुलकर समर्थन किया है। पार्टी प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि, यह




कानून आरक्षित वर्गों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं, जिस पर बनी समिति ने अपनी रिपोर्ट दी थी। उसी रिपोर्ट के आधार पर यह कानून लाया गया है।राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने भारतीय जनता पार्टी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि, 'सबसे बड़ा सवाल यह है कि केंद्र में सत्ता में बैठे दलित नेता चिराग पासवान और जीतन राम मांझी इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं। जब मामला दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज के छात्रों से जुड़ा है, तब उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। बिहार सरकार ने दिए पुनर्विचार के संकेत बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार सिंह ने यूजीसी के नए प्रावधानों को लेकर हो रहे विरोध पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। मंत्री ने याद दिलाया कि इससे पहले भी कई नियम विरोध और सुझावों के बाद बदले गए हैं। दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज हमारे भाई-बहन- तेजप्रताप उन्होंने उन लोगों को भी जवाब दिया जो इस कानून को सनातन से जोड़कर देख रहे हैं। तेज प्रताप ने कहा कि 'दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज भी सनातन परंपरा का हिस्सा हैं और वे हमारे ही भाई-बहन हैं।' कांग्रेस ने उठाए एकतरफा चर्चा पर सवाल कांग्रेस ने UGC बिल को लेकर हो रही चचाओं को एकतरफा बताया है। पार्टी का कहना है कि यह समझने की जरूरत है कि इस कानून का दुरुपयोग आखिर क्यों और कैसे किया जाएगा। कांग्रेस ने सवाल किया कि क्या इस तरह की अफवाहें फैलाकर देश में अराजकता का माहौल नहीं बनाया जा रहा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी मंशा क्या है। फिलहाल यह कानून बड़े संस्थानों में लागू भी नहीं हुआ है। फिर भी जिस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, उसके पीछे कुछ खास वर्गों की सामंती सोच काम कर रही है। कांग्रेस ने कहा कि गरीबों और वंचितों को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए और कानून में यदि कोई खामी है तो उस पर चर्चा होनी चाहिए। UGC के नए नियमों का विरोध क्यों? UGC ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।' इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें खासतौर पर रउ, रळ और डइउ छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र स्वाभाविक अपराधी बना दिए गए हैं।

## नालंदा में हादसे में दो युवकों की मौत, 2 घायल



**नालंदा।** जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर सरमेरा-मोकामा मार्ग के बड़ी मिसिया गांव के निकट हुई है। मृतकों की पहचान पटना जिले के घोसवरी थाना क्षेत्र के झनकी गांव निवासी स्व. अशोक राम के 23 वर्षीय पुत्र मनु कुमार तथा उसी गांव के नवीन चौहान के 32 वर्षीय पुत्र पुष्पंजय कुमार के रूप में हुई है। घायलों में सरमेरा थाना क्षेत्र के बड़ी मलावा गांव के धीरज कुमार और भगवान दास शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि चारों युवक मोटरसाइकिल से अपने गांव झनकी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे सभी सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने घायलों को देखकर तत्काल पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से चारों घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने मनु कुमार को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल पुष्पंजय कुमार को बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। सरमेरा थानाध्यक्ष साकेन्द्र कुमार बिन्द ने बताया कि पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

## इंस्टाग्राम पर गर्लफ्रेंड का पोस्ट डालने पर बिजनेसमैन की हत्या

**पूर्णिया।** इंस्टाग्राम पर गर्लफ्रेंड की फोटो शेयर की। इससे नाराज लड़की के बॉयफ्रेंड ने शहर के बड़े बिजनेसमैन सूरज बिहारी उर्फ सूरज यादव की गोली मारकर हत्या करवा दी। बिजनेसमैन के ऊपर पीछे से ताबड़तोड़ 5 राउंड फायरिंग की गई।



सूरज बिहारी
मृतक

इसमें से 3 गोली सूरज को लगी। सूरज की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मरंगा थाना क्षेत्र के नेवालाल चौक के पास की है। बताया जा रहा है कि सूरज को पहली गोली चेस्ट, दूसरी गोली पेट और तीसरी गोली बाएं बाह में लगी। तीन गोली लगने के बाद सूरज के गार्ड और फुफेरे भाई उसे बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसपर भी दो राउंड गोलियां चलाई। मृतक सूरज बिहारी दो भाई हैं। सूरज के छोटे भाई का नाम उदय यादव है। उदय का एक दोस्त है, जिसका नाम सूरज शर्मा है। सूरज शर्मा पूर्णिया का फेमस इन्फ्लुएंसर और ब्लॉगर है। सूरज शर्मा ने 23 जनवरी यानी सरस्वती पूजा के दिन एक लड़की संग फोटो ली और इंस्टाग्राम पर शेयर की। लड़की के बॉयफ्रेंड ने इस तस्वीर को देखकर सूरज शर्मा को टारगेट लिया।

# पटना सिविल कोर्ट में पिस्टल लेकर घुस रहा युवक पकड़ाया

**पटना।** बिहार के भागलपुर, समस्तीपुर, सीवान, बेगूसराय और मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। वहीं पटना सिविल कोर्ट में पिस्टल लेकर दो युवक एंट्री कर रहे थे, चेकिंग के दौरान एक को पुलिस ने पकड़ लिया। दूसरा बदमाश मौके से भाग निकला है।अरक प्रमोद कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है। दूसरा जो भागा है कि उसकी भी तलाश की जा रही है। वहीं 5 जिलों के सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी भरी मेल में लिखा गया है कि, बड़ा धमाका किया जाएगा। धमकी मिलने के बाद कोर्ट को खाली करा दिया गया है। बताया जाता है कि मेल तमिलनाडु से भेजा गया है।



भागलपुर में धमकी प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह को भेजी गई। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गईं। कोर्ट परिसर के अंदर और बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।ई-मेल मिलते ही उन्होंने सूचना तुरंत पटना हाईकोर्ट को दी। साथ ही जिले के वरीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी इस संबंध में अवगत कराया गया। न्यायाधीश ने अदालत परिसर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। सीवान में जिला जज को मिला धमकी का मेल सीवान में सिविल कोर्ट के जज को धमकी का मेल किया गया है। इसके बाद उन्होंने धमकी की जानकारी पुलिस कप्तान को दी। पुलिस की टीम कोर्ट कैंपस को खाली कराने में जुट गई है। वकील कमलेश ने बताया कि, प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि, एहतियातन कैंपस को खाली कराया जा रहा है। पुलिस की टीम जांच कर रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलाई गई है।परिसर में माइकिंग के वकीलों को जरिए अपनी-अपनी सीटों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले सभी लोगों की अच्छे से जांच की जा रही है। बेगूसराय में भी कोर्ट कैंपस खाली कराया गया बेगूसराय सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कैंपस को खाली करवा दिया गया है। वकील गोपाल कुमार ने कहा कि, हमलोग साढ़े 10 बजे कोर्ट पहुंचे। हमें जानकारी दी गई कि ईमेल पर धमकी दी गई कि 1:45 में कोर्ट को बम से उड़ाया जाएगा। वो बम कोर्ट में रखा गया है।

# जीजा ने दीदी का शव छीनकर गंगा में फेंक दिया

'**हाजीपुर।** मेरी बेटी बहुत स्ट्रॉन्ग थी। वो कभी सुसाइड नहीं कर सकती। उसका मर्डर किया गया है। सबूत मिटाने के लिए किसी ने उसके शव को लटका दिया है।' यह कहना है BPSC शिक्षिका प्रिया भारती की मां इंद्रकला भारती का, जिसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। 26 जनवरी की सुबह वैशाली के कटहरा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में टीचर का शव मिला था। महिला टीचर के रूम से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें टीचर ने लिखा है- 'मम्मी-पापा सॉरी! मुझे किसी से भी कोई विवाद नहीं है। ये कोई हत्या नहीं है।' हालांकि, इस सुसाइड नोट



को लेकर महिला के परिवार वालों का कहना है कि उसमें जो सिग्नेचर किया गया है, वो लिखावट प्रिया की नहीं है। प्रिया के परिजन इसे आत्महत्या मानने से साफ इनकार कर रहे हैं। मां का आरोप है कि दहेज के लिए मेरी बेटी की हत्या की गई है। इस पूरे मामले में पति, सास, ननद और भांजे पर इंद्रकला भारती ने FIR दर्ज करवाई है। घटना कटहरा थाना क्षेत्र के सेहान गांव की है। मृतका की पहचान जंदाहा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी दीपक की पत्नी प्रिया भारती (30) के रूप में हुई है। टीचर की 3 महीने की एक बेटी है। प्रिया हाई स्कूल खाजेचांद छपरा चेहरा काला प्रखंड में पोस्टेड थी। स्कूल से 2ङट दूर किराए के मकान में रह रही थी। वहीं, मृतका का पति दीपक रक्सौल में ICICI बैंक में डिप्टी ब्रांच मैनेजर है। वो 23 जनवरी को घर आया था।मां इंद्रकला भारती ने बताया, 'प्रिया बचपन से ही पढ़ाई में तेज थी। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था, लेकिन उसके सपने बड़े थे। उसे हमेशा से टीचर बनना था। ग्रेजुएशन के दौरान ही प्रिया ने परिवार का बोझ हल्का करने के लिए प्राइवेट स्कूल में पढ़ाना शुरू किया, ताकि पिता के घर खर्च में मदद कर सके।

# थ्री स्टार युवा क्लब ने जीता फुटबॉल मैच

**नालंदा।** में हिलसा प्रखंड के दाहा बिगहा मैदान में मंगलवार को एक दिवसीय फाइनल फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस मुकाबले में थ्री स्टार युवा क्लब दाहा बिगहा ने हिलसा फुटबॉल अकादमी को हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। यह शानदार मुकाबला थ्री स्टार युवा क्लब दाहा बिगहा और हिलसा फुटबॉल अकादमी के बीच खेला गया। दाहा बिगहा की टीम ने



हिलसा फुटबॉल अकादमी को पराजित कर जीत हासिल की। मैच का विधिवत उद्घाटन जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सह बिहार नागरिक परिषद के सदस्य मनीष कुमार ने किया। अंत में, विजेता और उपविजेता टीमों को समाजसेवी प्रेम कुमार सिंह द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश प्रवक्ता मनीष कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य को लेकर खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि खेल से आपसी भाईचारा और समरसता बढ़ती है, साथ ही मानसिक एवं बौद्धिक विकास भी होता है।

# विजय सिन्हा ने मंच से ही सी.ओ को सस्पेंड करवाया

**गयाजी।** डिप्टी CM विजय सिन्हा लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। उन्होंने लोगों से पूछा- मेरी कड़ाई का असर दिख रहा है। इस पर लोगों ने एक साथ कहा- गयाजी में नहीं दिख रहा है। बाकी जिलों में भले होगा। कार्यक्रम के दौरान विजय सिन्हा ने कहा, 'मौसम बदला है तो कर्मचारियों को भी बदलना चाहिए। मैं कर्मचारियों से कहना चाहता हूं कि ऐसा न हो कि आपके काम की सजा आपके परिवार को भुगतनी पड़े। वहीं विजय सिन्हा ने आज गयाजी में मंच से ही जिले के आमस के CO को सस्पेंड करवा दिया। दरअसल, विजय सिन्हा लोगों की शिकायत सुन रहे थे। शेरघाटी के रहने वाले जितेंद्र कुमार ने डिप्टी सीएम के साथ अपनी जमीन की समस्याएं रखी। साथ ही आमस सीओ के ऊपर पर 25000 का रिश्वत लेने का आरोप लगया। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि उसकी जमीन पर आमस के शंकर सिंह जमीन पर गलत कागजात के बल



> मैं सस्पेंड नहीं करता, सीधे बर्खास्त करता हूं। इस तरह की गड़बड़ी करने वालों को मैं कड़ी सजा देता हूं।'
>
> **विजय सिन्हा**
> डिप्टी सीएम

पर कब्जा और जान से मारने की धमकी दे रहा है। यह बात सुनकर मौके पर मौजूद शंकर सिंह का बेटा रामाधार सिंह भड़क उठा। वह दर्शक दीर्घा से उठ कर मंच के पास पहुंचकर अपनी बात कहने लगा। उसने डिप्टी सीएम से मंच के ऊपर आने की अनुमति मांगी। लेकिन उसकी ऊंची और तेज आवाज ने माहौल को गरमा दिया। उसकी आवाज सुनते डिप्टी सीएम नाराज हो गए। उन्होंने उसे बाहर करने का आदेश दिया। वहीं आमस सीओ को भी सस्पेंड करने का निर्देश दिया।विजय सिन्हा ने मंच से कहा कि, आज की समस्या को कल पर नहीं टालना है। आज की समस्या का आज ही समाधान करेंगे तो आने वाली पीढ़ी को कुछ अच्छा देकर जाएंगे। डबल इंजन की सरकार ट्रिपल गियर में काम कर रही है। ये वही बिहार है जहां नरसंहार का खेल होता था। बालू माफिया की गोलियां चलती थीं। आज वही बिहार है जहां माफिया मुंह छिपाकर बैठे हैं। आज माफिया की जानकारी देने वाले को 10 हजार रुपए का इनाम दे रहे हैं। जिसने सरकारी जमीन को निगला है। परिमार्जन, दाखिल-खारिज के दौरान ऐसे लोगों पर भी इनाम रखेंगे। ऐसे लोग जमीन बेचकर भागने की कोशिश कर रहे हैं। इन लोगों से जमीन मत खरीदिएगा। जमीन जांच पड़ताल कर के ही लीजिएगा। मेरा मकसद भौकाल बनाना नहीं है। भौकाल से डराना नहीं। जन-सरोकार से लोगों को जोड़ना। विजय सिन्हा ने खुद को डॉक्टर की उपमा देते हुए कहा, 'किस बीमारी में कितनी दवा दी जाए, यह डॉक्टर ही समझता है। मैं भी ऐसा डॉक्टर हूं जो बीमारी देखकर इलाज करता हूं। मैं बीमारी देखकर ही इलाज करता हूं, ऐसी दवा नहीं देता जिससे रिएक्शन हो जाए। क्योंकि रिएक्शन होने से जान भी चली जाती है। इसलिए मैं बीमारी देखकर आराम से इलाज करता हूं।' 24 जनवरी को डिप्टी CM विजय सिन्हा के जनता दरबार को लेकर बिहार राजस्व सेवा संघ ने मुख्यमंत्री को लेटर लिखकर शिकायत की थी। लेटर जारी कर संघ ने कहा था कि जनता दरबार के नाम पर डिप्टी CM अफसरों को अपमानित कर रहे हैं। खड़े-खड़े सस्पेंड कर दूंगा, जज ने हड़बड़ी में फैसला कैसे सुनाया, जनता के सामने जवाब दो, अब पब्लिक काम लटकाया तो ठीक नहीं होगा, DM, SP सुन रहे हो ना इस तरह की भाषा नहीं चलेगी। संघ ने कहा था कि जनता दरबार के नाम पर सुनवाई में डिप्टी CM अफसर से बदतमीजी कर रहे हैं, गाली गलौज हो रही है। सार्वजनिक मंच से इंसल्ट की जा रही है। ये बंद नहीं हुआ तो हम काम बंद कर देंगे। मंत्री विजय सिन्हा सार्वजनिक मंचों, मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए राजस्व अधिकारियों के खिलाफ लगातार अपमानजनक भाषा, बदतमीजी, गाली-गलौज जैसे शब्दों और ऑन द स्पॉट फैसलों की बात कर रहे हैं। जो न सिर्फ प्रशासनिक मयार्दा के खिलाफ है, बल्कि संविधान, कानून और न्यायिक व्यवस्था की भावना पर भी चोट करता है। यह सिर्फ लोकप्रियता के लिए की जा रही है। मंत्री बोल रहे 'खड़े-खड़े सस्पेंड कर देंगे', 'यहीं जनता के सामने जवाब दो', 'स्पष्टीकरण लो और तुरंत कार्रवाई करो' 'ऑन द स्पॉट फैसला होगा'। इस तरह की चीजें किसी संवैधानिक लोकतंत्र के अनुरूप नहीं है। ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पूरे तमाशे में विभाग के कुछ वरीय अधिकारी भी साथ दे रहे हैं, जिससे यह मैसेज जाता है कि संस्थागत संरक्षण की जगह व्यक्तिगत लोकप्रियता को प्राथमिकता दी जा रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### मायके जाने से रोकने पर नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**पूर्णिया।** नवविवाहिता की लाश ससुराल में पंखे से लटकी हई मिली। 5 महीने पहले ही अंतरजातीय शादी हुई थी। महिला को मायके जाने नहीं दिया जा रहा था, इसी से नाराज होकर उसने सुसाइड कर लिया। मृतका शिम्पी



कुमारी है। जिसका मायका हसनगंज थाना क्षेत्र के तारापुर मंबे गांव में है।मृतका की सास चंद्रिका देवी ने बताया कि घर में मैं और बहू मौजूद थे। परिवार के अन्य सदस्य काम से बाहर गए हुए थे। दोपहर में खाना बनाने के बाद बहू को आराम करने के लिए कहा। शिम्पी बार-बार मायके जाने की बात कर रही थी, लेकिन उसे समझाया गया कि फिलहाल कोई खास जरूरत नहीं है। इसके बाद बहू अपने कमरे में चली गई और मैं सत्संग में चली गई। जब मैं सत्संग से लौटकर आई तो बहू दिखाई नहीं दी। कमरे में जाकर देखा गया तो शिम्पी फंदे से लटकी हुई थी। उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद घटना की जानकारी मायके वालों को दी गई। घटना बनमनखी नगर परिषद के वार्ड-3 में विशाल बजरंगबली मंदिर के पास की है। मृतका के पिता अरुण सिंह ने बताया कि बनमनखी नगर परिषद वार्ड-3 निवासी अजित चौधरी से बेटी की शादी कराई थी। शादी के बाद से वो ससुराल में ही रह रही थी। अब वो हमारे बीच नहीं, मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ शैलेश प्रीतम और बनमनखी थाना अध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पूर्णिया GMCH भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं। एसडीपीओ शैलेश प्रीतम ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ये साफ नहीं हो सका है कि नवविवाहिता ने यह कदम किन कारणों से उठाया। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

### पूर्णिया में 12 साल की नाबालिग से रेप




**पूर्णिया।** 12 साल की किशोरी से 21 साल के मुस्लिम युवक ने रेप की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता मवेशी लेकर घर लौट रही थी, तभी आरोपी ने उसे अपना शिकार बनाया। युवक ने लड़की के मुंह पर गमछा बांधा। जबरन उसे गोद में उठाकर बांस के खेत में ले गया। वहां ले जाकर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। घटना जानकीनगर थाना क्षेत्र की है। आरोपी की पहचान मो. महफूज (21) के रूप में हुई है, जो जानकीनगर थाना क्षेत्र के ध्रुव बिलास के वार्ड 2 का रहने वाला है। पुलिस ने रेप के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज है। जानकीनगर पुलिस थाना में दिए कंप्लेन में परिजनों ने ये आरोप लगाया है कि उनकी बेटी रोजाना की तरह मवेशी लेकर खेत पर गई थी। वहां से लौटने के दौरान युवक ने बच्ची के मुंह में गमछा बांध दिया और उसे गोद में उठाकर जबरन पास के मक्का खेत में ले गया, जहां उसके साथ दरिंदगी की। शाम को टहलने निकले लोगों ने बच्ची की आवाज सुनी इसी दौरान इवनिंग वॉक पर निकले कुछ ग्रामीण गांव की मुख्य सड़क से घर लौट रहे थे। तभी उन्हें खेत की ओर से बच्ची की चीख-पुकार सुनाई दी। आवाज सुनते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो आरोपी बच्ची को अधमरे हाल में छोड़कर भागने लगा। ग्रामीणों ने पीछा कर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। ग्रामीणों ने तुरंत जानकीनगर पुलिस को कॉल कर पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही जानकीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को अपने कब्जे में ले लिया। घटना की जानकारी देते हुए जानकीनगर थानाध्यक्ष सुदीन राम ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद बच्ची को इलाज के लिए GMCH पूर्णिया लाया गया है, जहां उसका मेडिकल कराया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोक्सो एक्ट की सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध को लेकर प्रशासन सख्त है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दरभंगा में दो पक्षों में पत्थरबाजी के बाद 17 गिरफ्तार



**दरभंगा।** दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी और मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों ओर से पुलिस ने कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल इलाके में शांति है, पुलिस बल को तैनात कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। दरअसल, रविवार को सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान अश्लील गाना बजाने को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके बाद स्थानीय लोगों की पहल पर मामले को उस समय शांत करा दिया गया था, लेकिन सोमवार शाम 4 बजे फिर से माहौल तनावपूर्ण हो गया। गुलजार नाम युवक तेज आवाज वाली बुलेट बाइक लेकर ताता टोल के एक दरवाजे के पास खड़ा हो गया। वहां बच्चे खेल रहे थे। बुलेट की आवाज से बच्चे घबरा गए थे। जब बच्चों के अभिभावकों ने युवक को समझाने का प्रयास किया, तभी बात बढ़ गई और देखते-ही-देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। कुछ ही देर में पथराव होने लगा, जिससे पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। मामला अलीनगर प्रखंड के जयंतीपुर तांती टोल की है।घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जिनका इलाज अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर और निजी अस्पतालों में कराया गया था। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों के 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तनाव को देखते हुए बहेड़ा थाना की पुलिस घटना स्थल पर कैंप कर रही है। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने कहा कि घटना का सरस्वती पूजा प्रतिमा विसर्जन से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि विवाद की शुरूआत बाइक के तेज आवाज वाले बदले हुए साइलेंसर को लेकर हुई थी। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।






# भीड़-भाड़ वाली जिंदगी से दूर जाकर सतधारा फाल्स में लीजिए शांति का अनुभव

सतधारा झरना या फाल्स हिमाचल प्रदेश की चंबा घाटी में स्थित है, जो बर्फ से ढके पहाड़ों और ताजे देवदार के पेड़ों के शानदार दृश्यों से घिरा हुआ है। 'सतधारा' का मतलब होता है सात झरने, इस झरने का नाम सातधारा सात खूबसूरत झरनों के जल के एक साथ मिलने की वजह से रखा गया है। इन झरनों का पानी समुद्र से 2036 मीटर ऊपर एक बिंदु पर मिलता है। यह जगह उन लोगों के लिए एक खास है, जो शहर की भीड़-भाड़ वाली जिंदगी से दूर जाकर शांति का अनुभव करना चाहते हैं। सतधारा फाल्स अपने औषधीय गुणों की वजह से भी जानी जाती है, क्योंकि यहां के पानी में अभ्रक पाया जाता है, जिसमें त्वचा के रोग ठीक करने के गुण होते हैं।

**अगर** आप डलहौजी के पास घूमने की अच्छी जगह तलाश रहे हैं तो सतधारा फाल्स आपके लिए एक अच्छी जगह है। इसे स्थानीय भाषा में 'गंडक' के नाम से जाना जाता है। यहां का पानी साफ क्रिस्टल और निर्मल है। राजसी सतधारा झरने का पानी की बूंदे जब चट्टानों पर टकराकर उछलती हैं तो पर्यटकों को बेहद आनंदित करती हैं। यहां पानी से गीली हुई मिट्टी की खुशबू हवा को ताजा कर देती है। सतधारा जलप्रपात को चारों ओर का दृश्य अपनी भव्यता के साथ दर्शकों को बेहद प्रभावित करता है। अगर आप सतधारा फाल्स घूमने के अलावा इसके पर्यटन स्थलों की सैर भी करना चाहते हैं तो इस आर्टिकल को पूरा जरूर पढ़ें, इसमें हमने सतधारा फाल्स जाने के बारे में और इसके पास के पर्यटन स्थलों के बारे में पूरी जानकारी दी है।

## सतधारा जलप्रपात की मुख्य विशेषताएं



सतधारा जलप्रपात का अपना अलग औषधीय मूल्य है। स्प्रिंग्स में तत्व माइका तत्व पाया जाता है, जिसमें ऐसे औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से कई बीमारियों का इलाज कर सकता है। यह चकाचौंध वाला झरने पंचपुला के रास्ते में स्थित हैं, जो डलहौजी में घूमने के लिए एक और बहुत ही लोकप्रिय जगह है। सतधारा झरने से सूर्यास्त का दृश्य बस शानदार दिखाई देता है, पर्यटकों को देखने में ऐसा लगता है कि एक पीली आग की नारंगी गेंद घूमती है और धीरे-धीरे पहाड़ियों के पीछे छुप जाती है।

## सतधारा फाल्स घूमने के लिए टिप्स

- जब आप झरने के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं और इसमें चारों ओर छींटे आपके कपड़ों को गीला कर सकते हैं, इसलिए अतिरिक्त कपड़ें ले जाना न भूलें।
- फॉल्स से सूर्यास्त देखने के लिए वहां उपस्थित रहने की कोशिश करें।
- ऐसे जूते पहनें जो आपको अच्छी पकड़ और आराम दें, क्योंकि चट्टानों में काई से फिसलन होती है।
- अपने साथ कैमरा ले जाना न भूलें।

## सतधारा फाल्स के आसपास के प्रमुख पर्यटन और आकर्षण स्थल

सतधारा फाल्स डलहौजी का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अगर आप इस फाल्स के अलावा डलहौजी के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर करना चाहते हैं तो यहां दी गई जानकारी को जरूर पढ़ें।

### बकरोटा हिल्स

बकरोटा हिल्स जिसे अपर बकरोटा के नाम से भी जाना जाता है, यह डलहौजी का सबसे ऊंचा इलाका है और यह बकरोटा वॉक नाम की एक सड़क का सर्किल है, जो खजियार की ओर जाती है। भले ही इस जगह पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बहुत कुछ नहीं है, लेकिन यहां टहलना और चारों तरफ के आकर्षक दृश्यों को देखना पर्यटकों की आंखों को बेहद आनंद देता है। आपको बता दें कि यह क्षेत्र चारों तरफ से देवदार के पेड़ों और हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा हुआ है।

### सच पास

सच दर्रा पीर पंजाल पर्वत शृंखला के ऊपर 4500 मीटर की ऊंचाई से होकर जाता है और डलहौजी को चंबा और पांगी घाटियों से जोड़ता है। आपको बता दें कि डलहौजी से 150 किमी की दूरी पर यह मार्ग उत्तर भारत में पार करने के लिए सबसे कठिन मार्गों में से एक है, जो लोग एडवेंचर पसंद करते हैं तो अक्सर सच पास (जब यह खुला होता है) का दौरा करते हैं और यहां से बाइक या कार चलाने का रोमांचक अनुभव लेते हैं। अगर आप इस मार्ग से यात्रा करें तो जोखिम न लें और अपने साथ एक अनुभवी ड्राइवर लेकर जाएं। यह चंबा या पांगी घाटी तक पहुंचने के लिए लोगों का पसंदीदा रास्ता है और डलहौजी से ट्रेकिंग के लिए एक प्रसिद्ध बिंदु है।

### सुभाष बावली

सुभाष बावली डलहौजी में गांधी चौक से 1 किमी दूर स्थित एक ऐसी जगह है, जिसका नाम प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रखा गया। सुभाष बावली एक ओर अपने खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों, दूर-दूर तक फैले बर्फ के पहाड़ों दृश्यों और सुंदरता के लिए जाना जाता है। सुभाष बावली वो जगह है, जहां पर सुभाष चंद्र बोस 1937 में स्वास्थ्य की खराबी के चलते आए थे और वो इस जगह पर 7 महीने तक रहे थे। इस जगह पर रहकर वे बिलकुल ठीक हो गए थे। आपको बता दें कि यहां पर एक खूबसूरत झरना भी है, जो हिमनदी धारा में बहता है।

### डैनकुंड पीक

डैनकुंड पीक जिसे सिंगिंग हिल के नाम से भी जाना जाता है, जो डलहौजी में समुद्र तल से 2755 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। आपको बता दें कि यह डलहौजी में सबसे ऊंचा स्थान होने के कारण यहां से घाटियों और पहाड़ों के अद्भुत दृश्यों को देखा जा सकता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए शांत जगह स्वर्ग के सामान है। डलहौजी क्षेत्र में स्थित डैनकुंड सचमुच देखने लायक जगह है, जो अपनी खूबसूरत बर्फ से ढकी चोटियों और हरे-भरे वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। डैनकुंड पीक हर साल भारी संख्या में देश भर से पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करती है।

### गंजी पहाड़ी

गंजी पहाड़ी पठानकोट रोड पर डलहौजी शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक सुंदर पहाड़ी है। इस पहाड़ का नाम गंजी पहाड़ी इसकी खास विशेषता से लिया गया था, क्योंकि इस पहाड़ी पर वनस्पतियों की पूर्ण अनुपस्थिति है। गंजी का मतलब होता है गंजापन। डलहौजी के पास स्थित होने की वजह से यह पहाड़ी एक पसंदीदा पिकनिक स्थल है। सर्दियों के दौरान यह इलाका मोटी बर्फ से ढक जाता है, जो मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है।

### चामुंडा देवी मंदिर

चामुंडा देवी मंदिर देवी काली को समर्पित एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां पर देवी अंबिका ने मुंडा और चंदा नाम के राक्षसों का वध किया था। इस मंदिर में देवी को एक लाल कपड़े में लपेटकर रखा जाता है, यहां आने वाले पर्यटकों को देवी की मूर्ति को छूने नहीं दिया जाता। इस क्षेत्र में पर्यटकों को कई सुंदर दृश्य भी देखने को मिलते हैं।

### रॉक गार्डन

रॉक गार्डन डलहौजी में एक सुंदर उद्यान और एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। इस पार्क में पर्यटक आराम करने के अलावा, इस क्षेत्र में उपलब्ध कई साहसिक खेलों का भी मजा ले सकते हैं, जिनमें जिप लाइनिंग आदि शामिल हैं।

### खाज्जिअर

खाज्जिअर डलहौजी के पास स्थित एक छोटा सा शहर है जिसको 'मिनी स्विट्जरलैंड' या 'भारत का स्विटजरलैंड' के नाम से भी जाना जाता है। इस स्थान की खूबसूरती हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। 6,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित खाज्जिअर अपनी प्राकृतिक सुंदरता की वजह से डलहौजी के पास घूमने की सबसे अच्छी जगहों में से एक हैं। इस जगह होने वाले साहसिक खेल जोरबिंग, ट्रेकिंग पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

### पंचपुला

पंचपुला हरे देवदार के पेड़ों के आवरण से घिरा एक झरना है, जो डलहौजी के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। पंचपुला वो जगह है, जहां पर पांच धाराएं एक साथ आती हैं। पंचपुला की मुख्य धारा डलहौजी के आसपास विभिन्न जगहों में पानी की पूर्ति करती है। यह जगह ट्रेकिंग और खूबसूरत दृश्यों की वजह से जानी जाती है। पंचपुला के पास एक महान क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह (शहीद भगत सिंह के चाचा) की याद में एक समाधि बनाई गई है, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली थी। मानसून के मौसम में इस जगह के प्राचीन पानी का सबसे अच्छा आनंद लिया जाता है, जब पानी गिरता तो यहां का वातावरण पर्यटकों को आनंदित करता है।

## डलहौजी जाने के लिए यह है सबसे अच्छा समय

डलहौजी अपनी आदर्श जलवायु की वजह से एक ऐसी जगह है, जहां आप पूरे वर्ष भर घूम सकते हैं। हालांकि, डलहौजी जाने का सबसे अच्छा समय मार्च-जून के बीच का होता है। मार्च और अप्रैल के महीनों में यहां पर बर्फ पिघलना शुरू हो जाती है और जब सूरज की किरणें बर्फ से ढके पहाड़ों और चरागाहों से टकराती है, तब इस जगह की चमक देखने लायक होती है। इस समय यहां का मौसम बहुत सुहावना रहता है आप मार्च और अप्रैल में ठंड का अनुभव कर सकते हैं और जून के महीने में यहां का तापमान थोड़ा बढ़ने लगता है। गर्मियों के महीनों में भी डलहौजी का मौसम काफी अच्छा होता है, जिसकी वजह से यह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग के सामान है। मानसून भी यहां का मौसम सुहावना है, क्योंकि मध्यम वर्षा से आपकी योजनाओं में कोई रुकावट नहीं आती। डलहौजी में सर्दियां साहसिक गतिविधियों के लिए सही हैं।

**हवाई जहाज से सतधारा फाल्स ऐसे पहुंचें:** हवाई जहाज से डलहौजी पहुंचने कांगड़ा में गग्गल हवाई अड्डा इसका सबसे निकटतम घरेलू हवाई अड्डा है। यह हवाई अड्डा शहर से 13 किमी दूर है और यहां से डलहौजी हिल स्टेशन तक पहुंचने के लिए टैक्सी आसानी से उपलब्ध हैं। इसके अलावा आप अन्य हवाई अड्डे चंडीगढ़ (255 किमी), अमृतसर (208 किमी) और जम्मू (200 किमी) के लिए भी उड़ान ले सकते हैं।

**रेलगाड़ी से सतधारा फाल्स ऐसे पहुंचें:** डलहौजी का सबसे निकटतम रेल स्टेशन पठानकोट है, जो इस पहाड़ी शहर से 80 किमी दूर स्थित है और भारत के विभिन्न शहरों, जैसे दिल्ली, मुंबई और अमृतसर से कई ट्रेनों के माध्यम से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। पठानकोट रेलवे स्टेशन से डलहौजी पहुंचने के लिए आपको बाहर से टैक्सियां मिल जाएंगी।

**सड़क मार्ग से सतधारा फाल्स ऐसे पहुंचें:** डलहौजी सड़क मार्ग की मदद से आसपास के प्रमुख शहरों और जगहों से जुड़ा हुआ है। राज्य बस सेवा और लक्जरी कोच डलहौजी को आसपास की सभी प्रमुख जगहों और शहरों से जोड़ते हैं। दिल्ली से डलहौजी के लिए रात भर लक्जरी बसें भी उपलब्ध हैं। इस मार्ग पर टैक्सी और निजी वाहन भी मिल जाते हैं।




**रेणुका झील** हिमाचल प्रदेश के नाहन से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रेणुका झील की समुद्र तल से ऊंचाई लगभग 2200 फीट है। यह एक अत्यंत रमणीक झील है, जो लगभग तीन किलोमीटर लंबी तथा आधा किलोमीटर चौड़ी एक अदभुत झील है। इस झील का आकार एक लेटी हुई स्त्री की देह के समान है। जो इसे अदभुत एवं अनोखा बनाता है।

इस झील के चारों ओर हरियाली एवं इसके पानी मे अठखेलियां करती मछलियां पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। इस झील की गणना एक पावन तीर्थ स्थल के रूप में भी की जाती है। हर वर्ष दिपावली के लगभग दस दिन बाद यहां एक विशाल मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। झील के किनारे मां रेणुका और परशुराम का प्रसिद्ध मंदिर है तथा एक छोटा सा चिडियाघर है, जो पर्यटकों को काफी पसंद आता है। झील में मनोरंजन के लिए बोटिंग करने की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें बैठकर सैलानी झील के चारों ओर की प्राकृतिक सुंदरता के दर्शन कर सकते हैं, रेणुका झील का स्त्री रूपी आकार देखने के लिए यहा से आठ किलोमीटर ऊपर जामु चोटी पर जाना पड़ता है। जहां से रेणुका झील का आकार लेटी हुई स्त्री की देह के समान दिखाई पड़ता है।

### रेणुका झील का इतिहास

रेणुका झील कैसे बनी और इसकी धार्मिक महत्व के पीछे कई मशहूर दंत कथाए प्रचलित हैं। एक कहानी के अनुसार कहा जाता है कि बहुत समय पहले यहां राजा रेणु रहा करते थे। उनकी दो सुंदर पुत्रियां थीं, जिनमें से एक नैनुका तथा दूसरी पुत्री रेणुका थी। एक बार राजा ने दोनो पुत्रियों से प्रश्न किया कि वो किसका दिया खाती हैं, जिसके जवाब में नैनुका ने कहा कि वह अपने पिता का दिया खाती है। जबकि रेणुका ने जवाब दिया कि वह भगवान का दिया और अपने नसीब का खाती हूं। रेणुका के जवाब से राजा अप्रसन्न हो गए और उन्होंने रेणुका को सबक सिखाने का निर्णय लिया। कुछ समय बाद राजा ने बड़ी पुत्री नैनुका का विवाह बड़ी धूम-धाम से एक पराक्रमी राजा सहस्त्रबाहु से कर दिया और छोटी पुत्री रेणुका को सबक सिखाने रेणुका का विवाह एक सीधे साधे तपस्वी ऋषि जमदग्नि से कर दिया। हालांकि रेणुका राजसी ठाठ-बाट मे पली बढ़ी थी। फिर भी उसने ऋषि जमदग्नि को अपना पति स्वीकार किया और तन मन से उसकी सेवा करने लगी। एक दिन राजा सहस्त्रबाहु की दृष्टि रेणुका पर पड़ी तो वह उसे देखता ही रह गया। वास्तव में रेणुका का रूप लावण्य उसके हृदय में उतर गया था। उसने उसी समय रेणुका को अपनी रानी बनाने का फैसला किया और रेणुका को पाने की युक्ति सोचने लगा। अपने षड्यंत्र के तहत एक दिन वह चुपचाप ऋषि जमदग्नि के आश्रम पहुंचा और ध्यानमग्न जमदग्नि को उसने अपने बाण से मार डाला। उसके बाद वह रेणुका का चीरहरण करने उसकी तरफ बढ़ा। रेणुका सहस्त्रबाहु के अपवित्र इरादों को भांप गई और भागकर नीचे तलहटी मे जा पहुंची। सहस्त्रबाहु रेणुका का पीछा करता हुआ, उसके पीछे दौड़ा। इससे पहले वह रेणुका को पकड़ पाता। एकाएक धरती फटी और देखते ही देखते रेणुका उसमें समा गई। रेणुका के धरा में समाते ही पानी की धाराएं फूट पड़ी और देखते ही देखते उस स्थान ने एक झील का रूप धारण कर लिया। तभी से यह झील रेणुका झील के नाम से प्रसिद्ध हो गई।

### रेणुका झील कैसे पहुंचें



**हवाई मार्ग**

मुब्बार हटटी यहां का सबसे नजदीकी हवाई अड्डा है, जो यहां से 40 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां से टैक्सी द्वारा जाया जा सकता है।

**रेल मार्ग**

यहां का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन कालका है, जो लगभग 110 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां से आप बस या टैक्सी के द्वारा जा सकते हैं।

**सड़क मार्ग**

यह स्थल सड़क मार्ग से जुड़ा है।

# आईसीसी रैंकिंग: सूर्यकुमार यादव की टॉप-10 में वापसी, अभिषेक नंबर 1 पर बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी लेटेस्ट आईसीसी टी20आई रैंकिंग में टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में वापस आ गए हैं। वह पांच पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20आई सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद जिसमें भारत अभी 3-0 से आगे है।

भारतीय कप्तान जो सबसे छोटे फॉर्मेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, उन्होंने दूसरे मैच में 82 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली और 468 दिनों के अपने अर्धशतक के सूखे को भी खत्म किया। सूर्यकुमार ने अगले मैच में भी इस लय को जारी रखा और सिर्फ 26 गेंदों में 57 रन बनाए। भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा ने भी तीसरे टी20आई में 68 रनों की शानदार पारी खेलकर टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत की। 929 अंकों के साथ उन्होंने टॉप पर अपनी बढ़त को 80 रेटिंग अंकों तक बढ़ा दिया है।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी तीसरे ञ्च20द्ध में ब्लैककैप्स के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टीम के साथी वरुण चक्रवर्ती ब्लैककैप्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद अभी भी टॉप पर अपनी स्थिति बनाए हुए हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने मौजूदा सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद रैंकिंग में अपनी बढ़त जारी रखी है। हार्दिक एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दुबे पांच स्थान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें स्थान पर आ गए हैं।

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 18 स्थान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम 20वें नंबर पर पहुंच गए हैं और वेस्टइंडीज के हार्ड-हिटर ब्रैंडन किंग भी 15 स्थान ऊपर आ गए हैं। अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान, साउथ अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश और वेस्टइंडीज के सीमर मैथ्यू फोर्ड गेंदबाजों की रैंकिंग में पांच, आठ और उन्नीस स्थान ऊपर आ गए हैं।

इंग्लैंड की टॉप बैटिंग जोड़ी हैरी ब्रूक और जो रूट ने अपनी टीम को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने में मदद की। नतीजतन ब्रूक 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, और रूट छह स्थान ऊपर चढ़कर वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर आ गए हैं।



# ऑस्ट्रेलियन ओपन : मुसेट्टी के रिटायर होने से सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच



**मेलबर्न (एजेंसी)।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। है। जोकोविच इस बार किस्मत से सेमीफाइनल में पहुंचे गये क्योंकि क्वार्टर फाइनल में उनके विरोधी इटली के लोरेंजो मुसेट्टी बढ़त पर थे लेकिन तीसरे सेट में चोटिल होने के कारण उन्हें रिटायर होना पड़ा ऐसे में जोकोविच 13वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गये।

मुसेट्टी ने एकल मुकाबले की शुरुआत अच्छी तरह की थी। उन्होंने पहला सेट 6-4 और दूसरा सेट 6-3 से जीता था। था। मुसेट्टी की तगड़ी सर्विस और बेसलाइन खेल से जोकोविच पर दबाव रहा। इससे जोकोविच दबाव में रहे। पहले सेट में मुसेट्टी ने बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में भी वह बढ़त पर थे और उन्होंने सर्विस ब्रेक के साथ 6-3 से सेट जीत लिया।

हालांकि, तीसरे सेट के तीसरे गेम में मुसेट्टी के दाहिने पैर में चोट लगी और उनकी हड्डी टूट गई। फिजियो से इलाज के बाद वह खेलते रहे पर दर्द बढ़ने के कारण उन्हें मैच से बाहर होना पड़ा। मुसेट्टी के रिटायर होते हीं जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंच गए।जोकोविच का सामना अब शुक्रवार को सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और आठवें वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल मैच के विजेता से होगा।

# टी20 विश्वकप में कोई टीम भारत के सामने टिक नहीं पायेगी : इरफान पठान



**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि इस बार भारतीय टीम अपनी धरती पर होने वाले टी20 विश्कवप को जीतने की प्रबल दावेदार रहेगी। पठान के अनुसार जिस प्रकार के फार्म में भारतीय टीम अभी है उससे कोई भी टीम उसके सामने नहीं टिक पायेगी। पठान ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय टीम ने हाल के समय में खेला है और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज पर कब्जा किया है उससे उसके बुलंद हौंसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी दोनो ही लाजवाब है। ¬टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम का आक्रामक प्रदर्शन देखकर ही अन्य टीमें दबाव में आ जाएंगी। भारतीय टीम ने कीवी टीम के खिलाफ जिस प्रकार तेजी से लक्ष्य का पीछा किया है। उसे पता चलता है कि टीम निडर होकर खेल रही है। साथ ही कहा कि जो भी टीम भारतीय टीम के बीच आयेगी वह ध्वस्त हो जाएगी।

साथ ही कहा कि टीम का लक्ष्य अपनी खिताब बरकरार रखना रहेगा। आज तक मेजबानी करने वाली टीमों ने टी20 विश्व कप नहीं जीता है। इसलिए भारतीय टीम इस बार जीत के साथ ही इस मिथ को भी तोड़ देगी। टीम बड़ जीत दर्ज कर विश्वकप में इतिहास रच देगी। पठान ने कहा है कि भारतीय टीम तकरीबन अपराजेय दिख रही है। ऐसी टीम जिसे हराना लगभग असंभव है। पठान ने कहा, 'इस भारतीय टीम को हराना करीब करीब असंभव सा लग रहा है। उनके खेल को देखकर ऐसा लग रहा है कि जो भी इनके खिलाफ आएगा वो पूरी तरह बिखर जाएगा'

न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के तीसरे टी20 मैच का उदाहरण देते हुए पठान ने कहा कि जब विकेट गिर जा रहे थे तो भी टीम के आक्रामक अंदाज में बदलाव नहीं आया। पठान ने आगे कहा, 'भारतीय टीम का यही आक्रामक अंदाज ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण् अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमों के लिए डरावना रहेगा। भारतीय टीम अविश्वसनीय क्रिकेट खेल रही है। भारतीय टीम विश्व कप से पहले दूसरी टीमों पर दबाव बना रही है।' टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

# श्रीकांत ने पाकिस्तान पर कसा तंज , हार से बचने कोई बहाना बनाकर विश्वकप से हटना ही होगा बेहतर

**चेनई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले माह भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप के बहिष्कार की धमकी दे रहा है। पाकिस्तान का कहना है कि उसने अभी विश्वकप में भाग लेने को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है और सरकार के संदेश को इंतजार कर रहा है। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि वह विश्वकप में भले ही भाग ले पर भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच में शायद ही खेले। इसी को लेकर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कप विजेता टीम के सदस्य रहे के श्रीकांत ने पाक टीम पर तंज कसते हुए कहा है कि वह कोई बहाना बनाकर हट जाये क्योंकि अगर वह खेलती भी है तो उसे भारतीय टीम के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ेगी। श्रीकांत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम के अच्छे प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय टीम जबरदस्त लय में है और जो भी टीम बीच में आयेगी उसे हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'पिछले दूसरे टी20 मैच में भारतीय टीम ने 15 ओवर में ही 208 रन बना लिए। वहीं तीसरे मैच में भी टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। ।इसे देखते हुए कई टीमें तो कह रही होंगी- नहीं, हम नहीं आ रहे हैं। आप कप रख सकते हो।'

वहीं पाक को लेकर श्रीकांत ने कहा, मत ही आओ तो अच्छा रहेगा। तुम्हारे पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी भी कह रहे हैं मत जाओ। आप पीटे जाओगे। कोलंबो में लगा सिक्स मद्रास में गिरेगा। सावधान। सबसे अच्छा दूर रहना ही बेहतर होगा। बहाना बना लो और मत आओ। टी20 क्रिकेट में आजकल जिस प्रकार का आक्रामक अंदाज भारतीय टीम ने दिखाया है उसे देखकर कोई भी टीम आने की नहीं सोचेगी।गौरतलब है कि बांग्लादेश के टी20 विश्वकप से बाहर रहने के फैसले के बाद से ही पाक ने भी कई बार टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी है हालांकि एक ओर उसने टीम भी घोषित कर दी है। वहीं पाक मीडिया में अटकलें हैं कि पाकिस्तान भले टी20 विश्व कप का बहिष्कार न करे लेकिन वह 15 फरवरी को भारत के साथ होने वाले ग्रुप मैच का



बहिष्कार कर सकता है।टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। इसकी संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं। टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिन्हें 5-5 के कुल 4 ग्रुप में बांटा गया है।

# टी20 विश्वकप में होप की कप्तानी में उतरेगी वेस्टइंडीज

जमैका ।वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अगले माह भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है।शाई होप की कप्तानी में टीम इस टूर्नामेंट में उतरेगी।15 सदस्यीय दल में अनुभवी जेसन होल्डर और रोवमैन पॉवेल को भी शामिल किया गया है।टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरु होगा।इसमें वेस्टइंडीज अपना पहला मैच स्कॉटलैंड से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेलेगी। वेस्टइंडीज ने अपनी टीम में युवा बल्लेबाज़ क्वेंटिन सैंपसन को भी शामिल किया है। सैंपसन ने हाल ही में दुबई में अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज़ में टी20 डेब्यू किया था।सैंपसन ने सीपीएल लीग में गुयाना अमेज़न वॉरियर्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाये थे।इस क्रिकेटर ने 9 पारियों में 151.57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाये थे।टीम में रोस्टन चेस, अकील होसैन और शेरफेन रदरफोर्ड व रोमारियो शेफर्ड को भी शामिल किया गया है।

तेज़ गेंदबाज़ शमार जोसेफ को भी टीम में जगह मिली है।टीम की तेज़ गेंदबाज़ी की कमान शमार जोसेफ के पास रहेगी।उनका साथ जेसन होल्डर, मैथ्यू फोर्ड और जेडन सील्स देंगे।स्पिनर के तौर पर अकील होसैन के के अलवा रोस्टन चेस और गुडाकेश मोटी रहेंगे।वेस्टइंडीज की टीम में पिछले विश्व कप के 11 खिलाड़ी शामिल हैं।एविन लुईस और अल्ज़ारी जोसेफ को चोट के कारण टीम में जगह नहीं मिली है।

# आईसीसी ने बांग्लादेशी मीडिया को नहीं दी भारत में टी20 विश्वकप मैचों के कवरेज की अनुमति

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि अगले माह खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के भारत में होने वाले मैचों की कवरेज की अनुमति बांग्लादेशी मीडिया को नहीं है।ऐसे में अब बांग्लादेशी पत्रकार इन मैचों को कवर करने भारत नहीं आ सकेंगे।आईसीसी ने विश्व कप 2026 के भारत में होने वाले मैचों को कवर करने के लिए बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन को ठुकरा दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी अधिकारियों ने कहा है कि बांग्लादेश की सरकार और क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से अपनी टीम को भारत नहीं भेजने की बात कही है।इसी को देखते हुए बांग्लादेशी पत्रकारों के वीजा और एक्रेडिटेशन (अधिमान्यता) आवेदन खारिज कर दिए गए हैं।विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से 7 फरवरी से 6 मार्च तक होगा।आईसीसी के अनुसार जब बांग्लादेशी सरकार भारत को सुरक्षित नहीं मानती है तब कैसे उसके पत्रकारों को प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, कई बांग्लादेशी पत्रकारों ने कहा था कि उन्हे शुरू में 20 और 21 जनवरी को आवेदन मंजूरी वाले ईमेल मिले थे पर बाद में इन्हें रद्द कर दिया गया। वहीं बांग्लादेशी मीडिया कमेटी के चेयरमैन अमजद हुसैन का मानना है कि बांग्लादेश के 130 से 150 पत्रकारों ने अधिमान्यता के लिए आवेदन किया किया था ।अमजद ने कहा, सभी बांग्लादेशी पत्रकारों के आवेदन को खारिज कर दिया गया था।इस साल करीब 130 से 150 पत्रकारों ने आवेदन किया था पर किसी को भी अधिमान्यता नहीं मिली ।एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, भले ही कोई टीम नहीं खेल रही हो, आईसीसी एसोसिएट सदस्य देशों के पत्रकारों को अभी भी एक्रेडिटेशन मिल सकता है।

# क्विंटन डी कॉक वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ा मुकाम हासिल करने उतरेंगे, मात्र 2 रन की जरुरत

सेंचुरियन (दक्षिण अफ्रीका)।दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक बुधवार से सेंचुरियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टी20आई मैच में टी20 क्रिकेट में 12000 रन के आंकड़े को छूने से सिर्फ दो रन दूर हैं। सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ प्रोटियाज सेंचुरियन में दूसरे टी20आई में विंडीज से भिड़ेंगे। वह



पहला टी20आई मैच नहीं खेल पाए थे और हाल ही में खत्म हुए SA20 सीजन में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे डी कॉक फरवरी में टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले अपनी नेशनल टीम के लिए कुछ कीमती गेम प्रैक्टिस करना चाहेंगे। फ्रेंचाइजी क्रिकेट की विभिन्न लीगों और अपने देश के लिए 429 टी20 मैचों में उन्होंने 429 मैचों और 415 पारियों में 31.24 की औसत से कुल 11,198 रन बनाए हैं जिसमें स्ट्राइक रेट 138 से अधिक है जिसमें 7 शतक और 81 अर्धशतक और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 140* शामिल है।वह इस फॉर्मेट में 11वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। साउथ अफ्रीका के लिए 100 टी20आई में उन्होंने 99 पारियों में 30.78 की औसत और 140 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 2,771 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम एक शतक और 18 फिफ्टी हैं और बेस्ट स्कोर 100 है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन: सिनर खिताबी हैट्रिक के करीब, जोकोविच भाग्य के सहारे सेमीफाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच किस्मत के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहे।

### सिनर की लगातार तीसरी खिताबी दौड़

यानिक सिनर ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के आठवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 6-3, 6-4, 6-4 से हराया। दो घंटे 23 मिनट तक चले इस मुकाबले में सिनर ने शुरू से अंत तक नियंत्रण बनाए रखा। वह अब लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने से सिर्फ दो जीत दूर हैं।

### चोट ने बदली जोकोविच की किस्मत

नोवाक जोकोविच क्वार्टरफाइनल में



इटली के पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ शुरुआती दो सेट 4-6, 3-6 से हार चुके थे। तीसरे सेट में मुसेटी को दाहिने पैर में चोट लग गई, जिसके बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया और अंततः मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह जोकोविच को सेमीफाइनल में एंट्री मिल गई।

### 'आज मेरा दिन नहीं था' - जोकोविच

मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'मुझे मुसेटी के लिए बहुत दुख है। वह आज मुझसे बेहतर खेल रहा था। ईमानदारी से कहूं तो आज मेरा दिन नहीं था, लेकिन टेनिस में कभी-कभी किस्मत भी अहम भूमिका निभाती है।'

### सेमीफाइनल की बड़ी टक्कर

पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में अब यानिक सिनर का सामना नोवाक जोकोविच से होगा। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में विश्व नंबर-1 कार्लोस अल्काराज़ और तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव आमने-सामने होंगे।

### महिला वर्ग में भी रोमांच

महिला सिंगल्स में पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना रयबाकिना और छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं।रयबाकिना ने विश्व नंबर-2 इगा स्वियातेक को 7-5, 6-1 से हराया। पेगुला ने चौथी वरीय अमांडा अनिसिमोवा को 6-1, 7-6 से मात दी। दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय एरिना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा।

# थाईलैंड मास्टर्स में अश्मिता चालिहा का दमदार वापसी, मेन ड्रॉ में बनाई जगह



पटुमवान (एजेंसी)। भारत की अश्मिता चालिहा ने पटाया में खेले गए दो कड़े क्वालिफाइंग मुकाबले जीतकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स मेन ड्रॉ में जगह बना ली।26 वर्षीय अश्मिता ने अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे की ऊंची रैंकिंग वाली हंग यी टिंग के खिलाफ तीन गेम के रोमांचक मुकाबले से की, जिसे उन्होंने 15-21, 21-12, 21-12 से अपने नाम किया।पहला गेम गंवाने के बाद दुनिया की 87वीं रैंक वाली अश्मिता ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे और तीसरे गेम में पूरा नियंत्रण बनाए रखा और मैच का रुख पलट दिया।उन्होंने इस लय को अंतिम क्वालिफाइंग राउंड में भी बरकरार रखा, जहां उन्होंने कोरिया गणराज्य की किम जूउन को 21-11, 10-21, 21-16 से हराकर मेन ड्रॉ का टिकट पक्का किया। निर्णायक गेम में स्कोर 15-15 की बराबरी पर पहुंचने के बाद अश्मिता ने जबरदस्त धैर्य और आक्रामक खेल दिखाया और लगातार अंक जुटाकर मुकाबला अपने नाम किया।सुपर 300 श्रेणी के इस टूर्नामेंट में क्वालिफाइंग राउंड से आगे बढ़ने वाली वह एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहीं।डबल्स वर्ग में भारत का सफर जल्दी समाप्त हो गया। पुरुष डबल्स में साई प्रतीक के और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय को मलेशिया की जोड़ी नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी कियोंग ने 22-20, 22-20 से हराया।महिला डबल्स में रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा को चीन की बाओ ली जिंग और ली यी जिंग से सीधे गेम में हार मिली, जबकि अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम को इंडोनेशिया की फेब्रियाना कुसुमा और मेलिसा पुष्पितसारी ने बाहर किया।इसके अलावा सानिया सिकंदर और रश्मि गणेश भी क्वालिफाइंग राउंड में बाहर हो गईं।सिंगल्स क्वालिफायर में सतीश कुमार और सनीथ दयानंद पुरुष सिंगल्स से बाहर हुए, जबकि श्रेया लेले महिला सिंगल्स मेन ड्रॉ में जगह नहीं बना सकीं।मिक्स्ड डबल्स में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान का सफर भी क्वालिफायर में ही समाप्त हो गया।भारत का मेन-ड्रॉ अभियान बुधवार से शुरू होगा, जिसमें मालविका बंसोड़, अनमोल खरब, किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत अपने-अपने मुकाबलों में उतरेंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप : भारत-पाकिस्तान मैच पर सस्पेंस, पीसीबी को एक गलत फैसले से हो सकता है भारी नुकसान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम की भागीदारी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। खास तौर पर भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले हाई-वोल्टेज मुकाबले पर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) इस अहम फैसले पर राजनीतिक दबाव, कानूनी जोखिम और संभावित आर्थिक नुकसान को ध्यान में रखते हुए बेहद सतर्कता से विचार कर रहा है। बोर्ड के शीर्ष स्तर पर लगातार बैठकों और सलाह-मशविरे का दौर जारी है, जिससे यह मामला सिर्फ क्रिकेट तक सीमित नहीं रह गया है।

### PCB के फैसले पर क्यों बना हुआ है सस्पेंस

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने संकेत दिए हैं कि वह इस शुक्रवार या अगले सोमवार तक टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर सकता है। हालांकि, पूरे टूर्नामेंट के बहिष्कार की संभावना बेहद कम मानी जा रही है। फिलहाल चर्चा का केंद्र केवल भारत के खिलाफ होने वाला मुकाबला है, जो वर्ल्ड कप का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला मैच माना जाता है। PCB इस बात को भली-भांति समझता है कि एक गलत फैसला क्रिकेट के साथ-साथ देश की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी असर डाल सकता है।

### राजनीतिक और सरकारी स्तर पर मंथन

PCB चेयरमैन मोहसिन नकवी ने हाल ही में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से लंबी बैठक की, जिसमें इस मुद्दे पर सभी संभावित विकल्पों पर चर्चा हुई। नकवी सरकार के शीर्ष नेतृत्व से मार्गदर्शन चाहते हैं ताकि कोई भी कदम उठाने से पहले उसके दूरगामी राजनीतिक और कूटनीतिक परिणामों को समझा जा सके। इसके अलावा, नकवी ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से भी इस मामले पर सलाह ली है, जो दर्शाता है कि यह फैसला सिर्फ खेल प्रशासन का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बन चुका है।

### PCB के भीतर क्या चल रही है चर्चा

रिपोर्ट्स के मुताबिक, PCB के अंदर भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार एक गंभीर विकल्प के रूप में मौजूद है। हालांकि, यह फैसला पूरी तरह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट में हिस्सा लेता है, तो भारत के खिलाफ खेलने या न खेलने का अंतिम निर्णय शुरुआती दो मैचों के बाद लिया जा सकता है। पाकिस्तान को 7 फरवरी को नीदरलैंड्स और 10 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ अपने पहले दो मुकाबले खेलने हैं।

### जीत या हार से बदल सकता है फैसला

सूत्रों के अनुसार, अगर पाकिस्तान अपने शुरुआती दोनों मैच जीत लेता है, तो भारत के खिलाफ मुकाबले का बहिष्कार करने की संभावना मजबूत हो सकती है। लेकिन यह कदम PCB के लिए भारी जोखिम लेकर आ सकता है। भारत-पाकिस्तान मैच न खेलना सिर्फ खेल के लिहाज से नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी बड़ा नुकसान साबित हो सकता है।

### ब्रॉडकास्ट डील और कानूनी जोखिम

PCB के कानूनी सलाहकारों ने बोर्ड को आगाह किया है कि इस समय ICC की भारत स्थित ब्रॉडकास्टर जियोस्टार स्पोर्ट्स के साथ करीब 3 अरब डॉलर की डील चल रही है, जो 2027 तक वैध है। अगर भारत-पाकिस्तान मुकाबला नहीं होता, तो ब्रॉडकास्टर ICC के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकता है। ऐसी स्थिति में ICC, PCB को नोटिस जारी कर सकता है और सदस्य देशों को मिलने वाली वार्षिक फंडिंग पर भी असर पड़ सकता है।

### पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य पर असर





PCB सूत्रों का मानना है कि यह फैसला सिर्फ एक मैच या एक टूर्नामेंट तक सीमित नहीं है। इससे पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि, भविष्य में ICC टूर्नामेंट की मेजबानी की दावेदारी और बोर्ड की स्थिति पर गहरा असर पड़ सकता है। यही वजह है कि PCB जल्दबाजी में कोई कदम उठाने के मूड में नहीं है और हर पहलू को तौलने के बाद ही अंतिम फैसला लेना चाहता है।

# महिला प्रीमियर लीग में जेमिमा पर 12 लाख का जुर्माना लगा

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स को दोहरा झटका लगा है। महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में जहां उसे करीबी मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार का



सामना करना पड़ा है।वहीं दिल्ली की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर 12 लाख का जुर्माना भी लगा है।दिल्ली को गुजरात जायंट्स ने 3 रन से हरा दिया था।वहीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है।यह जुर्माना धीमी ओवर गति के कारण लगाया गया है।लीग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस सत्र में ये जेमिमा की पहली गलती है।इसलिए उनपर केवल जुर्माना ही लगाया गया है ।टीम अब तक 7 मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।इसका नेट रन रेट -0.164 हो गया है।इससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद काफी कम हो गयी है। अब प्लेऑफ की संभावना को बनाए रखने के लिए दिल्ली को 1 फरवरी को यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम लीग मुकाबले को हर हाल में जीतना होगा।

# जम्मू-कश्मीर व पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के चलते श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद

जम्मू (एजेंसी)। लगातार हो रही बर्फबारी के चलते श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद हो गया। जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में लगातार बर्फबारी से मंगलवार रात हिमस्खलन आया। एवलांच (हिमस्खलन) में फिलहाल किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। कई होटलों को नुकसान पहुंचा है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि एवलांच मंगलवार रात 10.12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग रिजॉर्ट में हुआ। बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। जम्मू-कश्मीर और अन्य पहाड़ी राज्यों में लगातार बर्फबारी जारी है। इसके देखते हुए मौसम विभाग ने एवलांच का अलर्ट जारी किया था। जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने गंदरबल, अनंतनाग, बांदीपोरा, बारामूला, कुलगाम और कुपवाड़ा समेत कश्मीर के 11 जिलों और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, राजौरी और रामबन के लिए हिमस्खलन की चेतावनी दी थी। मंगलवार को भारी बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद रहा। इसके साथ श्रीनगर एयरपोर्ट पर सभी फ्लाइट्स रद्द होने से लोग परेशान हुए। इमरजेंसी सेवाओं और सशस्त्र बलों की आवाजाही में भी इससे रुकावट आई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव और सड़क साफ करने का अभियान जारी जारी है। श्रीनगर एयरपोर्ट पर आने और जाने वाली 29-29 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बर्फबारी के कारण रनवे ऑपरेशन के लिए असुरक्षित हो गया था। रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि काजीगुंड और बनिहाल के बीच बर्फ जमा होने के कारण श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया था। बर्फ हटाने का काम जारी रहने के बावजूद हाईवे पर ट्रैफिक संचालन की अनुमति नहीं दी जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी के कारण ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुईं। बनिहाल और बडगाम के बीच कुछ ट्रेनें रद्द कर दी गईं। ट्रैक साफ होने के कुछ घंटों बाद ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए। जिला प्रशासन और पुलिस ने जनता की मदद के लिए कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर स्थापित किए हैं। मौसम विभाग ने अधिकांश जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी और कुछ इलाकों में गरज या तेज हवाएं चल सकती हैं। बुधवार को भी हल्की बारिश हो सकती है।

# गुरुग्राम में कई बड़े स्कूलों को बम से उड़ाने का आया मेल, मचा हड़कंप, बच्चों को बाहर निकाला

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम के बड़े और नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन और प्रशासन में हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर स्कूलों में सर्च अभियान चलाया गया और बच्चों को बाहर निकाला। गुरुग्राम में जिन बड़े स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें कुंसकपालन स्कूल, लैंसर्स स्कूल और हेरिटेज एक्सपीरिएंशियल लर्निंग स्कूल और बादशाहपुर पाथवेस स्कूल, शालोम हिल्स स्कूल, शेरवुड कान्वेंट स्कूलों को बम धमकी वाला ईमेल मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए। एसडीआरएफ की टीम भी सहायता के लिए बुलाई गई। जांच कार्य में जुटी गुरुग्राम पुलिस सभी स्कूलों तलाशी अभियान चलाया। लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, लेकिन स्थिति पर प्रशासन की कड़ी नजर रखो हुए है। छात्रों-स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सावधानियां बरती जा रही हैं। पुलिस की तरफ से जांच जारी है। बता दें बुधवार सुबह 7 बजे कुंसकपालन स्कूल गुरूग्राम में बम की धमकी भरी मेल मिले, जिसमें लिखा था कि हरियाणा खालिस्तान है, गुरुग्राम स्कूल में दोपहर 1.11 बजे बम धमाका होगा। इसी प्रकार से लांसर इंटेरनेशनल स्कूल सैक्टर 53 गुरूग्राम, शेरवुड स्कूल डीएलएफ फेस-2 गुरूग्राम अमेरिकन स्कूल डीएलएफ फेस-2 गुरूग्राम, लॉटस वैली स्कूल सैक्टर 50 गुरुग्राम, श्रीराम स्कूल सैक्टर 29 गुरूग्राम, स्कोटिस स्कूल सैक्टर 57 गुरूग्राम बम से उडाने की धमकी भरी मेल मिली है। ज्यादातर स्कलों में एम्बर डरहम से मेल आई है, जबकि कुछ स्कूलों में नॉवेल्ला से मेल मिली है। सभी मेल में कैंटेट सेम है जिन-जिन स्कूलों में मेल आई। सभी स्कलों की छुटटी कर दी गई।

# पटना सिविल कोर्ट में पिस्टल लेकर घुस रहे दो बदमाश पकड़े, सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई

पटना (एजेंसी)। पटना सिविल कोर्ट परिसर में बुधवार सुबह हथियार लेकर घुसने की कोशिश करने वाले दो युवकों में से एक को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा, जबकि दूसरा फरार हो गया है। घटना से कोर्ट परिसर में सनसनी फैल गई और अधिवक्ताओं में डर का माहौल बन गया। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और पकड़े गए आरोपी पीयूष (हाजीपुर निवासी) से पूछताछ कर रही है। पुलिस फिलहाल दूसरे फरार आरोपी की तलाश में लगी हुई है। पुलिस ने बताया कि सुबह 11 बजे गेट पर दो युवकों की चेकिंग के दौरान संदेह होने पर एक को पकड़ा गया। वरीय अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। दोनों युवकों के उद्देश्य और टारगेट का पता लगाया जा रहा है। वहीं पुलिस दूसरे आरोपी की खोज में लगी हुई है। पटना सिविल कोर्ट के वकील ऋषिकेश नारायण सिंहा ने कहा कि यह सुरक्षा की बड़ी चूक है। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता की सराहना कर कहा कि अगर वे नहीं होते, तब गंभीर हादसा हो सकता था। वकील ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस घटना ने परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की कमियों को उजागर किया है और सभी की चिंता बढ़ा दी है।

# तेलंगाना में साइबर अपराध से जुड़े केरल-बेंगलुरु के छह आरोपी गिरफ्तार

**-कमीशन लेकर अपने बैंक खातों को जालसाजों को कराए उपलब्ध**

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो ने केरल और बेंगलुरु के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो ने कहा है कि आरोपियों में पांच ऐसे 'म्यूल' खाताधारक शामिल हैं जिन्होंने कमीशन लेकर अपने बैंक खातों को मुख्य जालसाजों को इस्तेमाल करने के लिए उपलब्ध कराया है। इन खातों का इस्तेमाल साइबर अपराधों के जरिए मिले धन के लेन-देन में किया गया, जबकि इसमें एक एजेंट भी शामिल है। बता दें 'म्यूल' खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं जिसका इस्तेमाल अपराधी, खाताधारक की जानकारी से या जानकारी के बगैर, अवैध धन प्राप्त करने, धन अंतरित करने या उसे वैध बनाने के लिए करते हैं। तेलंगाना में दर्ज तीन मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो मुख्य जालसाजों द्वारा किए गए 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी और ऑनलाइन ट्रेडिंग धोखाधड़ी से संबंधित थे। टीजीसीएसबी की निदेशक ने बताया कि दो टीम ने छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जिनमें से तीन केरल के और तीन बेंगलुरु से हैं।

# इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में हाईकोर्ट सख्त

**-रिपोर्ट को बताया 'आई-वॉश', स्वतंत्र जांच आयोग गठन करने का दिया आदेश**

इंदौर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में हाईकोर्ट ने शासन और नगर निगम की रिपोर्ट को 'आई-वॉश' करार दिया है। कोर्ट ने माना कि यह मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से जुड़ा है और स्वच्छ पेयजल का अधिकार जीवन के अधिकार का हिस्सा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने स्वतंत्र जांच आयोग के गठन का आदेश दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को भागीरथपुरा में एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे अब तक मरने वालों की संख्या 29 हो गई है। मृतक खूबचंद (63) पिछले 15 दिनों से उल्टी-दस्त से पीड़ित थे। परिजनों के मुताबिक वे पहले स्वस्थ थे और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से इलाज के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। भागीरथपुरा मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में ढाई घंटे से ज्यादा समय तक सुनवाई की। शासन की ओर से कोर्ट में 23 मौतों की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें 16 मौतें




दूषित पानी से होनी बताई गई। वहीं 4 मौतों को लेकर असमंजस और 3 मौतें दूषित पानी से नहीं होना बताया।

रिपोर्ट के मुताबिक हाईकोर्ट ने मौतों के आंकड़ों को लेकर गंभीर असहमति दर्ज की। जहां सरकारी रिपोर्ट में 16 मौतें जलजनित बीमारी से मानी गईं, वहीं याचिकाकर्ताओं ने करीब 30 मौतों का दावा किया। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में मौतों के स्पष्ट कारण दर्ज नहीं हैं और पर्याप्त वैज्ञानिक व दस्तावेजी आधार का अभाव है। कोर्ट ने आदेश दिया कि भागीरथपुरा में दैनिक जल गुणवत्ता जांच और नियमित स्वास्थ्य शिविर लगातार जारी रखे जाएं। जांच आयोग को चार सप्ताह में अंतरिम रिपोर्ट सौंपनी होगी। मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी।

न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ ने रिपोर्ट में प्रयुक्त 'वर्बल ऑटॉप्सी' शब्द पर भी आपत्ति जताई और पूछा कि यह कोई मान्य मेडिकल शब्द है या अधिकारियों द्वारा गढ़ा गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि पेश की गई रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है और इसे केवल 'आई-वॉश' माना जा सकता है।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने सड़क सुरक्षा को लेकर #प्लीजग्रोअप फिजिटल कैंपेन किया लॉन्च

पटना। भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतों का मुख्य कारण मानवीय भूल है। इसे देखते हुए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने #प्लीजग्रोअप नाम से एक 'फिजिटल' (डिजिटल+फिजिकल) सड़क सुरक्षा जागरूकता कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के सबसे अनदेखे कारणों में से एक- सड़क पर अपरिपक्व और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करना है। अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का दोष बुनियादी ढाँचे या यांत्रिक विफलता पर मढ़ दिया जाता है, जबकि हकीकत में अधिकांश मौतें टाले जा सकने वाले मानवीय व्यवहार जैसे कि तेज रफ्तार, सिग्नल तोड़ना, गाड़ी चलाते समय ध्यान भटकना, नशे में गाड़ी चलाना और बुनियादी सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। इस कैंपेन का इरादा रोजमर्रा की ड्राइविंग आदतों को आईना दिखाकर आत्म-चिंतन और जवाबदेही को प्रोत्साहित करना है। #प्लीजग्रोअप के माध्यम से, उज्जीवन बैंक सड़क की लापरवाही को उसके वास्तविक स्वरूप में पेश करता है, जो न तो बहादुरी है, न ही कूल है और न ही वयस्कों वाला व्यवहार है, बल्कि पूरी तरह से बचकाना है। यह कैंपेन व्यंग्य और दृश्यात्मक विषमता का उपयोग करता है, जिसमें गैर-जिम्मेदाराना ड्राइविंग व्यवहार को 'बेबी टॉक' (बच्चों जैसी भाषा) और बच्चों वाली कल्पनाओं के जरिए दिखाया गया है। यह रचनात्मक दृष्टिकोण इस तरह से तैयार किया गया है कि लापरवाही भरा व्यवहार सार्वजनिक सड़कों पर उतना ही अनुचित और अजीब लगे जितना कि वह वास्तव में है। शॉर्ट-फॉर्म वीडियो, डिजिटल सामग्री और सोशल मीडिया कहानियों के माध्यम से फैला यह कैंपेन दिखाता है कि कैसे एक लापरवाह निर्णय निर्दोष लोगों के लिए जीवन बदलने वाले गंभीर परिणाम ला सकता है। कैंपेन का हर हिस्सा एक ही सरल सत्य पर जोर देता है, जब आप सड़क के नियम तोड़ते हैं, तो आप एक बच्चे की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं और अब सुधरने का समय आ गया है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा शुरुआत है एक ऐतिहासिक सफर की

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक की यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक नए और ऐतिहासिक अध्याय की शुरुआत है। संसद के बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमताओं और भविष्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।



राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा, शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचना एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत है। आने वाले वर्षों में भारत अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और युवा प्रतिभाओं की मेहनत और संकल्प का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि अब अंतरिक्ष केवल अनुसंधान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरिक्ष पर्यटन भी धीरे-धीरे भारतीयों की पहुंच में आता जा रहा है। राष्ट्रपति के इस बयान को भारत के उभरते अंतरिक्ष उद्योग और निजी क्षेत्र की भागीदारी के संदर्भ में अहम माना जा रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने गगनयान मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि देश पूरे उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ इस महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष मिशन पर कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि गगनयान मिशन भारत को अंतरिक्ष में मानव भेजने वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल करेगा। इस दौरान लोकसभा कक्ष में उपस्थित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई सांसदों और नेताओं ने मेजें थपथपाकर राष्ट्रपति के संबोधन का स्वागत किया।

# ममता ने इतने साल शासन के बाद भी युवाओं के लिए कुछ भी नहीं किया: अग्निमित्रा पॉल

दुर्गापुर (एजेंसी)। बंगाल से भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इतने सालों के शासनकाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज तक जनता के कल्याण के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि 2008 में जब टाटा का नैनो प्रोजेक्ट बंगाल के सिंगूर में आया था, तब उस कंपनी को वापस भेज दिया था। तब ममता बनर्जी ने कहा था कि हम प्रदेश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार दूंगी। लेकिन, इतने सालों के शासनकाल में उनकी सरकार ने युवाओं के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा विधायक ने कहा कि इन लोगों ने सत्ता में रहते हुए युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन, इतने सालों के शासनकाल में इन लोगों ने आज तक किसी भी युवा को रोजगार देने का



फैसला नहीं किया। अगर दिया होता, आज की तारीख में युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ता। ममता बनर्जी ने सिर्फ प्रदेश के लोगों के साथ छलावा किया है।

उन्होंने कहा कि ममता ने लगातार प्रदेश में निवेश से संबंधित कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में दावा किया गया है कि हम प्रदेश में निवेश को लाने का मार्ग प्रशस्त कर रहे है। लेकिन, आज तक प्रदेश में किसी भी प्रकार के निवेश को नहीं लाया गया। लेकिन, स्थिति ऐसी बनी हुई है कि युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों की शरण लेनी पड़ रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस दिशा में पूरी तरह से उदासीन बनी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी हमारे बंगाल में आए। उन्होंने हमसे वादा किया है कि आगामी दिनों में पश्चिम बंगाल को उत्पादन का केंद्र बनाया जाएगा। इससे अन्य लोगों को रोजगार मिलेगा। हमारे राज्य में प्रचुर मात्रा में संसाधन है, जिनका इस्तेमाल किया जाएगा। लेकिन, अफसोस की बात है कि ममता बनर्जी को प्रदेश की जनता ने मौका दिया। आज तक उन्होंने प्रदेश की जनता के हित के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

## जयपुर- पैसेंजर्स से भरे एयर इंडिया प्लेन की लैंडिंग फेल, रनवे को टच कर फिर उड़ा, फ्लाइट में थे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। जयपुर। दिल्ली से जयपुर पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1719 की लैंडिंग फेल होने से दहशत फैल गई। बुधवार दोपहर को विमान रनवे को टच करते ही वापस उड़ गया। जानकारी के अनुसार फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी थे। हालांकि, करीब 10 मिनट बाद दूसरे प्रयास में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहले भी लैंडिंग फेल होने की घटनाएं सामने आई हैं। दरअसल, फ्लाइट एआई-1719 ने दोपहर करीब 1 बजकर 5 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया था। इस दौरान पायलट ने रनवे को छूते ही विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। अस्थिर अप्रोच के कारण पायलट ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गो-अराउंड का फैसला लिया। पहले प्रयास के बाद विमान ने एयरपोर्ट के ऊपर कुछ देर तक गोल चक्कर लगाया। करीब 10 मिनट बाद पायलट ने सफल लैंडिंग की। इस फ्लाइट में 135 पैसेंजर्स थे। सूत्रों के मुताबिक, इस फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सवार थे।

# ब्राह्मण समाज को एकजुट करने में जुटे थे अग्निहोत्री, अब इंटेलिजेंस पर उठे सवाल

बरेली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात रहे अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा इन दिनों देशव्यापी चर्चा का केंद्र बना हुआ है। प्रशासनिक पद पर रहते हुए समाज सेवा और एक विशिष्ट वर्ग को संगठित करने की उनकी गतिविधियों ने शासन से लेकर आम जनता तक सबको हैरान कर दिया है। बताया जा रहा है कि अलंकार अग्निहोत्री काफी समय से ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के मिशन पर काम कर रहे थे, जिसकी भनक स्थानीय प्रशासन और खुफिया विभाग को अंत तक नहीं लग सकी।

सूत्रों के अनुसार, बरेली में तैनाती के दौरान ही उन्होंने ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए सक्रियता बढ़ा दी थी। चौंकाने वाली बात यह है कि सिटी मजिस्ट्रेट जैसे संवेदनशील पद पर रहते हुए वे अपने कार्यालय में ही समाज से जुड़े नेताओं और युवाओं के साथ नियमित बैठकें करते थे। इन चर्चाओं में ब्राह्मण समाज की मजबूती और संगठन विस्तार को लेकर रणनीति



बनाई जाती थी। प्रशासनिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि कई अन्य ब्राह्मण अधिकारी भी उनके निरंतर संपर्क में थे। समाज को डिजिटल माध्यम से जोड़ने के लिए उन्होंने कई व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए थे। हाल ही में मालवीय जयंती पर जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के बाद समाज में उनकी लोकप्रियता चरम पर पहुंच गई और उन्हें एक नई पहचान मिलने लगी।

इस्तीफे की पटकथा अचानक नहीं लिखी गई। जानकारी के मुताबिक, अग्निहोत्री ने करीब पांच महीने पहले ही अपने करीबियों के बीच पद छोड़ने की इच्छा जताई थी। दिसंबर में भी इस पर विमर्श हुआ, लेकिन अंततः उन्होंने 26 जनवरी का दिन अपने त्यागपत्र के लिए चुना। इस पूरे मामले ने उत्तर प्रदेश के खुफिया तंत्र यानी स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक मजिस्ट्रेट स्तर का अधिकारी अपने कार्यालय का उपयोग सामाजिक बैठकों के लिए करता रहा, लेकिन एलआईयू को इसकी जानकारी नहीं हुई, इसे बड़ी विफलता माना जा रहा है। अब शासन स्तर पर इस इंटेलिजेंस फेल्योर की समीक्षा की जा रही है और माना जा रहा है कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर बड़ी गाज गिर सकती है। अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब देश में आरक्षण और यूजीसी के नियमों को लेकर नई बहस छिड़ी हुई है। डैमेज कंट्रोल न हो पाने और इस पूरी प्रक्रिया के दौरान खुफिया इनपुट की कमी ने सरकार के लिए भी असहज स्थिति पैदा कर दी है।

# मायावती ने जातिवादी मानसिकता वालों को दी नसीहत, सरकार को भी घेरा

लखनऊ (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवादी भेदभाव को समाप्त करने के लिए बनाए गए नए नियमों का समर्थन किया है। उन्होंने इक्विटी कमेटी (समता समिति) के गठन का विरोध



करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे संकीर्ण मानसिकता का परिचायक बताया है। मायावती ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में जातिगत भेदभाव के निराकरण हेतु यूजीसी द्वारा लाए गए नए नियमों का कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामान्य वर्ग के केवल वे ही लोग इसका विरोध कर रहे हैं जो जातिवादी मानसिकता से ग्रसित हैं और इसे अपने विरुद्ध एक षड्यंत्र मान रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित है।

हालांकि, बसपा सुप्रीमो ने सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील नियमों को लागू करने से पहले यदि सभी पक्षों को विश्वास में लिया जाता, तो देश में सामाजिक तनाव की स्थिति पैदा नहीं होती। उन्होंने सरकारों और संस्थानों को सलाह दी कि भविष्य में इस तरह के कदम उठाते समय सामाजिक सामंजस्य का ध्यान रखा जाना चाहिए। मायावती ने दलित और पिछड़ा वर्ग के छात्रों व नागरिकों को भी सतर्क रहने की नसीहत दी। उन्होंने अपील की कि इन वर्गों के लोगों को अपने ही समाज के स्वार्थी और बिकाऊ नेताओं के भड़काऊ बयानों में नहीं आना चाहिए, जो अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसे मुद्दों का सहारा लेते हैं। गौरतलब है कि यूजीसी ने 13 जनवरी 2026 को नए दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसके तहत एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियों, हेल्पलाइन और निगरानी दलों की स्थापना अनिवार्य कर दी गई है। इन नियमों को लेकर उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध के स्वर भी उठ रहे हैं।

# चारधाम कोई पिकनिक स्पॉट नहीं, यहां केवल हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन को ही मिलेगी एंट्री

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के विश्वप्रसिद्ध चारधामों-बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मंदिर समितियों ने अपनी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) और गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से कहा गया है कि इन पवित्र धामों में केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा जो सनातन परंपरा और देवी-देवताओं में अटूट आस्था रखते हैं। इस निर्णय के तहत हिंदुओं के साथ-साथ सिख, जैन और बौद्ध धर्मावलंबियों को भी दर्शन की अनुमति होगी।

बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने इस फैसले को स्पष्ट करते हुए कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ धाम कोई पिकनिक स्पॉट या सामान्य पर्यटन स्थल नहीं हैं। ये सनातन परंपरा के सर्वोच्च आध्यात्मिक केंद्र हैं, जिनकी अपनी एक गरिमा और मर्यादा है। उन्होंने संवैधानिक तर्कों का हवाला देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत सिख, जैन और बौद्ध धर्म को सनातन परंपरा का अभिन्न अंग माना गया है। वहीं, अनुच्छेद 26 धार्मिक संस्थाओं को अपनी परंपराओं, पूजा-पद्धति और अनुशासन की रक्षा करने का पूर्ण अधिकार प्रदान करता है। द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि यह निर्णय किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं है, बल्कि सदियों पुरानी आस्था, अनुशासन और धामों की शुद्धता को संरक्षित करने के लिए लिया गया है। उत्तराखंड में पर्यटन के लिए हजारों अन्य स्थल खुले हैं, लेकिन धामों की मूल धार्मिक पहचान और आध्यात्मिक स्वरूप से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मंदिरों में गैर-हिंदुओं का प्रवेश पहले से ही प्रतिबंधित रहा है; यह कोई नया नियम नहीं बल्कि सदियों पुरानी परंपरा का औपचारिक ऐलान मात्र है। जिस तरह मस्जिद और चर्च के अपने नियम और संस्कार होते हैं, उसी तरह हिंदू मंदिरों को भी अपनी पवित्रता तय करने का अधिकार है। गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने भी इसी सुर में अपनी बात रखते हुए कहा कि जो लोग हिंदू धर्म का सम्मान करते हैं और सनातन संस्कृति में विश्वास रखते हैं, उनका स्वागत है। विशेष रूप से सिख समाज के लोग जो हमेशा से हिंदू परंपराओं के करीब रहे हैं, वे दर्शन के लिए आ सकते हैं। वर्तमान में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर समितियों ने गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध संबंधी औपचारिक प्रस्ताव भी पारित कर दिया है। इस निर्णय का उत्तराखंड की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं और पुरोहित समाज ने स्वागत किया है। श्री केदार सभा और श्री डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत सहित तमाम सनातन धर्मावलंबियों ने इसे धर्म की रक्षा के लिए लिया गया एक ऐतिहासिक कदम बताया है। स्थानीय तीर्थ पुरोहितों का मानना है कि धामों की दीक्षा और संप्रदाय आधारित व्यवस्था को बनाए रखना ही देवभूमि की असली पहचान है।

**वक्फ बोर्ड ने फैसले का किया स्वागत**

इस संवेदनशील मुद्दे पर उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने भी मंदिर समितियों के फैसले का स्वागत करते हुए पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने दो टूक कहा कि जिनकी देवी-देवताओं पर आस्था ही नहीं है, उनका चारधाम में आखिर क्या काम? शम्स ने कहा कि वर्तमान समय में



सनातन संस्कृति पर वैश्विक स्तर पर प्रहार हो रहे हैं, ऐसे में इसे संरक्षित करने के लिए कड़े कदम उठाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री आस्था के केंद्र हैं, पर्यटन के केंद्र नहीं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**